■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 291
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
26 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1552 :** गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू बने।
**1953 :** डॉ जोनास साल्क ने पोलियो से बचाव के लिए नए टीके की घोषणा की।
**1668 :** इंग्लैंड ने बंबई पर अधिकार कर लिया।
**1979 :** मिस्र और इजराइल के बीच कैंप डेविड शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुआ।
**1799 :** जापां फिलिस्तीन पर नेपोलियन बोनापार्ट ने कब्जा किया।

**शिखर तक पहुंचने के लिए ताकत की जरुरत होती है, फिर चाहे वो माउंट एवरेस्ट का शिखर हो अथवा आपके पेशे का शिखर हो**

## ईद पर भाजपा की 'सौगात-ए-मोदी'

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा ने मंगलवार को सौगात-ए-मोदी अभियान की शुरुआत की। इसके तहत देशभर में 32 लाख वंचित मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दी जा रही है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने इस अभियान की जिम्मेदारी संभाली है। मोर्चे के 32 हजार कार्यकर्ता देश की 32 हजार मस्जिदों के साथ मिलकर जरूरतमंदों तक ये किट पहुंचायेंगे। इसके लिए हर मस्जिद से 100 लोगों को मदद पहुंचाने का टारगेट रखा गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा- रमजान के पवित्र महीने और ईद, गुड फ्राइडे, ईस्टर, नौरुज के मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा 'सौगात-ए-मोदी' अभियान के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचेगा।

# औरंगाबाद में आठ नक्सली गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के साथ चलाए गए संयुक्त अभियान में प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के आठ बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने आज प्रेस वार्ता में बताया कि नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र और अन्य सामान भी बरामद किया है। पकड़े गए नक्सलियों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के बेला खैरा गांव निवासी बल्ली राम, माली थाना क्षेत्र के वीरवाल बिगहा निवासी मिथिलेश यादव, बेरिया गांव निवासी कृष्णा पाल, जसोईया गांव निवासी लालू सिंह, टंडवा थाना क्षेत्र के बेनी गांव निवासी नरेश राम, बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी मिथलेश सिंह, नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के कुडवां निवासी छोटन कुमार एवं झारखंड के जपला जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चापनकर गांव निवासी छोटू सिंह उर्फ राकेश कुमार सिंह के रुप में की गई है। इनके पास से चार लॉग रेंज राइफल, एक थ्री-नट राइफल, 12 जिंदा कारतूस राइफल, एक 7.62 मिमी जिंदा कारतूस, सात पीस वर्दी, एक मैन पैक, भाकपा माले का लेटर हेड, झारखंड जनमुक्ति मोर्चा परिषद का लेटर




हेड, लेवी की मांग एवं उसके हिसाब लेखा जोखा से संबंध डायरी एवं पुर्जा तथा मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सात मार्च को नबीनगर थाना क्षेत्र में नहर निर्माण कर रही कंपनी के संवेदक से क़रीब 8 से 10 की संख्या में रहे हथियारबंद नक्सलियों ने भाकपा माओवादी का पर्चा देकर लेवी की थी। इसके बाद संवेदक ने नबीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी जिसमें कांड की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें औरंगाबाद पुलिस एवं एसटीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में आसूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर नक्सलियों की पहचान की गई। इसमें तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया जिन्हें आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें पूर्व में जेल भेज दिया गया, जबकि छापेमारी के दौरान पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। श्री राहुल ने बताया कि पकड़े गए इन नक्सलियों में अधिकांश का नक्सली कांडों में आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ के क्रम में इन सभी ने उक्त घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। इसके अलावा सभी ने कई ईट भट्टा मालिकों से, सरकारी प्रोजेक्टों के कई संवेदकों से एवं सोन नदी के दियरा क्षेत्र में खेती कर रहे किसानों से रंगदारी कलेक्ट करने की बात को स्वीकार की है। इनके द्वारा पूर्व के कई कुख्यात नक्सलियों राजेंद्र सिंह, बीरबल पासवान, एनुल मियां, सीताराम रजवार उर्फ रमन जी, नितेश यादव आदि से अपने संबंधों की बात स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि इन नक्सलियों के गिरफ्तार होने एवं इनके पास से हथियार की बारामदगी होने से नक्सली गतिविधियों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशंसनीय सफलता के लिए विशेष टीम के सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

# इंटर परीक्षा में बेटियों ने फिर मारी बाजी

**विज्ञान में 89.50 प्रतिशत, वाणिज्य में 94.77 प्रतिशत एवं कला संकाय में 82.75 छात्र-छात्राएं हुए सफल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 12वीं यानी इंटरमीडिएट का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने रिजल्ट जारी किया है। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ और बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद थे। इस साल परीक्षा में कुल 12.92 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 11,07,213 छात्र-छात्रा सफल हुए हैं। परीक्षा में कुल 86.50 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। परीक्षा में 1,72,869 छात्र असफल यानी अनुर्तीण हो गए हैं। विज्ञान में 89.50 प्रतिश, वाणिज्य में 94.77 प्रतिशत और कला संकाय में 82.75 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। तीनों संकायों में लड़कियों



ने टॉप किया है। पश्चिम चंपारण की बेतिया की रहने वाली प्रिया जायसवाल साइंस टॉपर बनीं हैं। प्रिया जायसवाल ने कुल 500 में 484 नंबर पाकर पहला स्थान हासिल किया है। इधर अंकिता कुमारी ने कला संकाय में टॉप किया और रौशनी कुमारी ने वाणिज्य में पहला स्थान हासिल किया। कला संकाय में कुल 82.7 फीसदी छात्र पास हुए हैं। जबकि, वाणिज्य संकाय में 94.77 फीसदी सफल रहे। वहीं, विज्ञान संकाय में 89.66 फीसदी छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। कला संकाय में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह ने 473 अंक (94.6 फीसदी) प्राप्त कर टॉपर बने। वाणिज्य संकाय की टॉपर्स रोशनी कुमारी रही हैं,

**इंटर परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाली छात्राएं**



प्रिया जायसवाल (विज्ञान) | रौशनी कुमारी (वाणिज्य) | अंकिता (कला)

जिन्होंने 475 अंक (95 फीसदी) हासिल किए हैं। रौशनी कुमारी वैशाली स्थित जेएल कॉलेज, हाजीपुर की छात्रा रही है। जबकि अंकिता राजकीयकृत वीएन उच्च विद्यालय, सेहन की छात्रा है। बता दें कि बिहार बोर्ड 12वीं रिजल्ट सबसे पहले जारी हो गया है। इस साल भी सीबीएसई, यूपी, एमपी, राजस्थान समेत हर बोर्ड रिजल्ट के मामले में पीछे रह गया है। बिहार बोर्ड 12वीं परीक्षा 1 से 15 फरवरी 2025 के बीच हुई थी। परीक्षा में12,92,313 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 6,50,466 छात्र और 6,41,847 छात्राएं थीं। यह परीक्षा 38 जिलों में 1,677 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थीं।

## छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंटर की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस बार कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों में छात्राओं ने टॉप किया है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। मुख्यमंत्री ने बिहार



विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को भी काफी कम समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय पर रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिये एवं उच्चतर कक्षाओं में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## देवर ने भाभी का गला काटा

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर में देवर ने ही अपनी भाभी का गड़ासे से वार गर्दन काट डाला, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना मंगलवार की जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के परतापुर गांव का है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार, महिला के देवर ने उसे घसीटकर घर के गेट के पास लेकर गया। पहले उसका बाल नोंचा फिर मारपीट किया उसके बाद गड़ासे से वार गर्दन काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित घर से भाग रहा था। उसी दौरान ग्रामीणों ने उसके पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। मामले की जांच की जा रही है, जिसमें पता चला है कि आरोपी देवर ने रुपए को लेकर भाभी की हत्या कर दी है। मृत महिला मुक्तापुर निवासी धर्मेंद्र पासवान की पत्नी वीणा देवी (40) है।

## नौकरी के नाम पर 14 लाख की ठगी

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** होमगार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को लोगों ने पकड़ा। भागलपुर के समाहरणालय परिसर में मंगलवार को युवक को पकड़ा गया, जिस पर आरोप है कि उसने सात अभ्यर्थियों से दो-दो लाख रुपए लेकर नौकरी दिलाने का झांसा दिया था, लेकिन बाद में गायब हो गया। मंगलवार को जब ठगी के शिकार अभ्यर्थी के भाई, जो एक वकील हैं, ने ठग को कोर्ट परिसर में घूमते देखा तो पकड़ने की कोशिश की। युवक भागने लगा, जिसके बाद करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर उसे कचहरी गेट पर पकड़ लिया गया। पकड़ने के बाद युवक ने वकील के पैर पकड़कर माफी मांगनी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है और उसके अन्य सहयोगियों की भी तलाश कर रही है।

## रिश्वत लेते हुए मनरेगा बीपीओ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** मनरेगा में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। घूस लेने के आरोप में गढ़वा से एक मनरेगा बीपीओ को एसीबी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बीपीओ से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद बीपीओ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार गढ़वा के रमना के रहने वाले शिवशंकर राम के मां के नाम पर मनरेगा के तहत डोभा का निर्माण कार्य हो रहा था। डोभा के निर्माण कार्य के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र पर मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभु कुमार को हस्ताक्षर करना था। आरोप है कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभु राम उपयोगिता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे थे। पूरे मामले में शिव शंकर राम की तरफ से पलामू प्रमंडलीय एसीबी से शिकायत की गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप लगाकर 12 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभु कुमार को गिरफ्तार किया है।

# रेलवे स्टेशन पर ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**बाप- बेटी को गोली मार सिरफिरे ने खुद को भी उड़ाया**

■ **आरा स्टेशन के ओवरब्रीज के पास घटना को दिया गया अंजाम**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार के भोजपुर में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। एक सनकी आशिक ने दो लोगों की हत्या कर दी है। साथ ही उसने खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। आरा स्टेशन के ओवरब्रिज पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि तीन लोगों की गोली लगने से मौत हुई है। सरेआम हुए हत्या के बाद पूरे स्टेशन परिसर पर अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, एक शख्स पिता और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद युवक ने भी आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर एएसपी, नवादा थाना की पुलिस आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। हालांकि सरेशाम हुए इस हत्याकांड से इलाके में दहशत व्याप्त हो गया है। भोजपुर एसपी परिचय कुमार ने बताया कि एक युवक ने आकर पहले युवती और उसके पिता को गोली मारी, फिर खुद को गोली मारी। जिससे तीनों की मौत हो गई है। घटना क्रम को देखते हुए प्रेम प्रसंग प्रतीत हो रहा है। लड़की का गोढना रोड के पास मकान है।

## पटना वीमेंस कॉलेज के पास फायरिंग से अफरा-तफरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के दौरान मंगलवार को दो गुटों के बीच इतना तनाव बढ़ गया कि नौबत हिंसक झड़प तक पहुंच गई। विवाद के बीच एक गुट की ओर से हवाई फायरिंग की गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पटना विमेंस कॉलेज के पास हुई। जहां छात्र संघ चुनाव को लेकर चल रही गहमा-गहमी के बीच अचानक स्थिति बेकाबू हो गई। इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, सभी छात्र संगठनों ने भी इस घटना की निंदा की है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, दोनों गुटों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, जो धीरे-धीरे हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान, एक गुट के सदस्य ने पिस्टल निकालकर एक राउंड हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनते ही वहां भगदड़ मच गई और छात्र इधर-उधर भागने लगे। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग और राहगीर भी डरकर घटनास्थल से दूर हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। कोतवाली थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि उन्हें एक राउंड हवाई फायरिंग की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा गया।

## मगही महोत्सव में जुटेंगे दिग्गज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बापू टावर में 5 अप्रैल को मगही महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति-सिनेमा, लोक कला, लोक गायन, इतिहास-पुरातत्व पर चर्चा होगी। महोत्सव का उद्देश्य मगही लोक भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत में आपसी चर्चा को बढ़ावा देना है। आयोजन में अलग-अलग सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के जरिए मगही की समृद्ध विरासत को दिखाया जाएगा।

**शिवपूजन सिंह मेमोरियल आई हॉस्पीटल**
Advanced Cold Phaco & Laser Centre
अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एवं पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत
गांधी मैदान से पश्चिम, 'सुधा निवास', मणिचक रोड, मसौढ़ी (पटना) मो.- 9572538949
Sr. Phaco Surgeon : Dr. Sajjad Haider, MBBS, MS (Opthalmology), Ex. Consultant Eye Surgeon, Kedia Eye Hospital, Birganj (Nepal)
Mrinal Anand, MBBS (Stud) (KIMS, BANGLORE)
Harshit Anand, MBBS (Stud) (KIMS, MANGALORE)
Sr. Optometrist : Gautam Kumar Singh, DO (RIO, SITAPUR), CCLP, FCLI (Aligarh), Eye & Contact Lens Specialist
: सुविधाएं :
- कोल्ड फेको द्वारा बिना सुई एवं बिना पट्टी लगाये हुए मोतियाबिन्द में फोल्डेबुल लेन्स प्रत्यारोपण।
- बिना टांके का SICS विधि से मोतियाबिन्द में लेंस प्रत्यारोपण।
- आंसु की थेली एवं पलकों के रोग का ऑपरेशन।
- बच्चों को मोतियाबिन्द में फोल्डेबुल लेंस प्रत्यारोपण।
मरीज देखने का समय : प्रतिदिन : सुबह 11 से संध्या 4 बजे तक (गुरूवार एवं रविवार बन्द)

## आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी को ही मिलेगा मंईयां सम्मान का लाभ

■ **हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित झारखंड कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर बड़ा अपडेट आया है। इस योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मार्च-2025 के बाद से आधार लिंक सिंगल बैंक खाताधारी को ही मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा। झारखंड प्रशासनिक सेवा की निलंबित पदाधिकारी साधना जयपुरियार (तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका, लातेहार) को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को झारखंड कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी। हेमंत सोरेन कैबिनेट ने झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक-2025 के गठन की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्राक्कलन पर कैबिनेट की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी है। झारखंड इकोनॉमी सर्वे 2024-25 को विधान सभा के पटल पर पेश करने के संबंध में घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी है। हाईकोर्ट द्वारा सेवा नियमितीकरण संबंधी पारित विभिन्न न्यायादेश एवं विभागीय नियमितीकरण समिति की बैठक (18।08।2022) में की गयी अनुशंसा के आलोक में कुल छह कर्मियों की सेवा संपुष्टि/नियमितीकरण करने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड सचिवालय सेवा के तहत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की कोटि से प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति से संबंधित झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली-2010 (विभागीय अधिसूचना संख्या-6125, दिनांक-09.05.2012 द्वारा यथा संशोधित) में प्रावधानित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रावधान को सुविधा के रूप में शिथिल करने की स्वीकृति दी गयी। प्रधान महालेखाकार कार्यालय, रांची में राज्य कर्मियों से संबंधित कार्यों के लिए जारी डिजिटलीकरण प्रक्रिया के क्रम में दूसरे चरण के रूप में पचास लाख तीन हजार सात सौ रुपए की वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी गयी। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखंड कम्युनिटी हेल्थ असिस्टेंट संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) नियमावली-2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।

S.N.- 8930 Estd. : 2018
**PLASMA CENTRAL SCHOOL**
CLASS : NC TO Xth
Based On C.B.S.E. Curriculum
Mob. : 72578804699, 9905822935
Add. : Patel Nagar, Masaurhi (Patna)
Facililties :-
- Well Managed Canteen For balance & Nutritious Diet.
- Neat & Clean School Campus.
- Positive and Lifting Environment.
- Computer Lab Facility.
- Sprawling Campus With CCTV Camera.
- CBSE Based Education System.
TUTU KUMAR
Director

# विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश, रिपोर्ट में कई खामियों का खुलासा

## बिना आवश्यकता के पुल बना दिए गए, नीरा योजना में भी भारी गड़बड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री और वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की। सदन में पेश बिहार सरकार के 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2021-22 के कैग की रिपोर्ट में कई गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। इसमें बिहार सरकार की लापरवाही को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में नीरा उत्पादन में भारी अनियमितताएं पाई गईं। बिना तैयारी के नीरा परियोजना शुरू की गई जिसके कारण 11.68 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। नीरा गुड़ उत्पादन में भी 2.03 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। वहीं सीएजी की रिपोर्ट में पुल ध्वस्त होने को लेकर भी बिहार सरकार पर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिना किसी आवश्यकता के पुल बना दिए गए। पर्याप्त बसावट और जमीन की कमी के बावजूद पुल निर्माण पर 3 करोड़ रुपए खर्च किए गए। पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल में एक तरफ सड़क और पुल दोनों बने, लेकिन दूसरी ओर जमीन और गांव उपलब्ध नहीं थे। बाढ़ के घोषवरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव से कुम्हरा गांव तक सड़क बनाने के लिए 8.03 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इस सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि ग्रामीण कार्य विभाग ने बसावटों में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना पुलों का निर्माण कराकर 3.33 करोड़ रुपए का निष्क्रिय व्यय किया है। सीमावर्ती इलाकों में स्मार्ट गांव बनाने की योजना भी सफल नहीं हो पाई। 6 या उससे अधिक गांवों से घिरे आबादी वाले गांवों को पूरी तरह से विकसित करना था, लेकिन केंद्र की यह योजना बिहार में सफल नहीं हो सकी। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट विलेज की जगह वाइब्रेंट विलेज योजना पर काम चल रहा है, मगर बिहार में वाइब्रेंट विलेज को डेवलप करने में केंद्र सरकार का अनुसरण नहीं किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होने वाले निर्माण में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं।

## ईद को लेकर 39 जगहों पर नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ईद उल फितर पर्व को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 39 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 39 जगहों पर ईद का नमाज पढ़ा जाएगा और विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर कुल 39 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट और आठ वरीय दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। पुलिस पेट्रोलिंग हर चौक-चौराहे पर किया जाएगा। संवेदनशील जगहों को भी चिन्हित किया गया है जहां पर पेट्रोलिंग की गश्ती होगी जिसको लेकर सभी मस्जिदों के आसपास के इलाकों के रास्तों को अलर्ट मोड में रखा गया है। 13 संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए पुलिस की सख्त पहरा लगाया जायेगा।

## आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए एनटीपीसी ने बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण सत्र का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एनटीपीसी के 'आह्वान' नीति के तहत, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपने शास्त्री नगर कार्यालय परिसर में किया। यह प्रशिक्षण सत्र मेदांता, नोएडा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन, चोकिंग राहत तकनीक और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल आदि शामिल थे। मेदांता के प्रमाणित चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण प्रदान किया जिससे प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों को संभालने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यकारी निदेशक, सुदीप नाग ने कार्यस्थल और समुदाय दोनों में जीवन रक्षक ज्ञान प्रसार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा एनटीपीसी में सुरक्षा एक 'कोर-वैल्यू' है। हमारे कर्मचारियों को आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा कौशल से सुसज्जित करना हमारे समग्र आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को बढ़ाता है और सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करता है। एनटीपीसी की स्वास्थ्य और सुरक्षा पहलों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों और सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय आने वाले दिनों में विभिन्न स्थानों पर इसी तरह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की योजना बना रहा है जिससे कार्यस्थल सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी को और बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन सेवाएं) डी. आर. देहुरी, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार चावला, प्रवक्ता विश्वनाथ चन्दन, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी, एनटीपीसी डॉ. पी. पी. सामंता सहित क्षेत्रीय मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मेदांता, नोएडा के चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# ईद के मौके पर मुस्लिम समाज को 'मोदी गिफ्ट किट' : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की नीति को साकार करते हुए मुस्लिम समाज के लिए विशेष उपहार दिया गया है। उन्होंने कहा कि ईद से पहले बिहार और उत्तर प्रदेश के मुस्लिम भाई-बहनों को 'मोदी गिफ्ट किट' के रूप में ड्राई फ्रूट्स वितरित किए गए हैं। प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकास की योजनाओं में किसी के साथ पक्षपात नहीं करते। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मुस्लिम समाज को ठगती नहीं, न ही केवल इफ्तार पार्टी में टोपी पहनकर दिखावे की राजनीति करती है। उन्होंने कहा हम सच्चे और खुले दिल से सभी के पर्वों में बिना किसी भेदभाव के शामिल होते हैं। हम तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टीकरण की नीति पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति पक्षपात रहित है और यही प्रधानमंत्री मोदी की सोच को दर्शाती है। उन्होंने बिहारवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोदी गिफ्ट किट' के माध्यम से मुस्लिम समाज को सौगात देने के लिए बधाई दी और इसे उनके कर्मयोग का प्रतीक बताया।

## काठगोदाम और ठाकुरनगर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु गोरखपुर-छपरा-बरौनी- कटिहार-मालदाटाउन के रास्ते गाड़ी सं. 05030/05029 काठगोदाम-ठाकुरनगर-काठगोदाम स्पेशल का परिचालन काठगोदाम से 26 मार्च, 2025 बुधवार को तथा ठाकुरनगर से 29 मार्च, 2025 शनिवार को 01 फेरे के लिये निम्नानुसार किया जायेगा। गाड़ी सं. 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर स्पेशल 26 मार्च, 2025 बुधवार को काठगोदाम से 10.00 बजे प्रस्थान।

# विधान मंडल के दोनों सदनों में आरक्षण मुद्दे पर हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को आरक्षण के मुद्दे पर हंगामा हुआ। राजद के विधायक और विधान पार्षद सदन में हरे रंग की टी-शर्ट पहन कर आये थे। टी-शर्ट पर लिखा था तेजस्वी सरकार के समय बिहार में बढ़ी 65 फीसदी आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करो। आरक्षण चोर बीजेपी-एनडीए जवाब दो। विधानपरिषद में विपक्षी सदस्यों के टी-शर्ट को देख कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। राजद के सदस्य कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा करने लगे थे। वे आरक्षण कौ नौवीं अनुसूची में डालने की मांग करते हुए वेल में पहुंच गए। इसका नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी कर रही थीं। हंगामा के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं खड़े हो गए। उन्होंने विपक्ष की नेता राबड़ी देवी को बैठने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब बोगस है। इसका कोई मतलब नहीं है। ऐसा कहीं देखा है? उन्होंने राबड़ी देवी से कहा, आप का क्या है, सब आपके हसबैंड का किया हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बेचारी को कुछ पता है। मैं तो इन लोगों से यही पूछ रहा हूं कि किस लिए इसे पहन कर आये हैं। इस दौरान राबड़ी देवी बीच-बीच में नीतीश कुमार के बयान का विरोध करती रहीं। राबड़ी देवी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुसलमान को कोई सौगात नहीं दी है, सिर्फ जुमला और हवा हवाई है। वहीं आरक्षण को लेकर राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि आरक्षण लागू करने वाले नेताओं को गाली सुननी पड़ रही है। आरक्षण का जो हमारा अधिकार है उसे हम छोड़ेंगे नहीं। इस बीच राबड़ी देवी पर भड़कते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इसके हस्बैंड(पति) का है पार्टी, इसको क्या है? ए बेचारी तो ऐसे ही आ गई है जब वह हटा तो इसको बनवा दिया। इसका कोई मतलब है? यह तो ऐसे ही है। यह सब ऐसा ही क्या-क्या करते रहता है? कोई पार्टी में इस तरह से देखे हैं? इस पार्टी का यही हाल है। इसका क्या मतलब है? हरा टी शर्ट पहन कर आए हैं, हम यही पूछ रहे हैं। सब ऊपर वाला भी बैठा है, हम उसको भी कहेंगे कि देश भर में कहीं देखा है इस तरह का ये लोग यही सब कर रहा है, जो शर्ट नहीं पहना है वह ऊपर से रख लिया है।

## युवा उद्यमियों के बीच चलाया गया स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने मीठापुर क्षेत्र में युवा उद्यमियों के बीच पटना नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में लोगों को प्रेरित करने के लिए अभियान चलाया जिसके तहत उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने में मदद करें। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों ने भी संकल्प लिया कि वह शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी ओर से पूरी मदद करेंगे और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वच्छता कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। साथ ही अपनी इकाई से जुड़े सभी लोगों को प्रत्येक सप्ताह कम से कम 2 घंटे का श्रमदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत की प्रेरणा से अनेक युवा उद्यमियों ने पटना नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यू आर कोड को स्कैन करके स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरवी, सौम्या, अरविंद झा, राजीव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नीतू नवगीत ने स्वच्छता जागरूकता से संबंधित गीतों की प्रस्तुति करके भी लोगों को जागरूक किया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग ने मनाया विश्व यक्ष्मा रोग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग ने 24 मार्च 2025 को गार्डन रीच स्थित केंद्रीय अस्पताल के सभागार में विश्व यक्ष्मा रोग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. नंदिता घोष दस्तिदार ने यक्ष्मा रोग (टीबी) के कारणों, बचाव, निदान, उपचार और रोग के परिणामों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय अस्पताल की एसीएचडी डॉ. मुक्त मंदल रॉय के संक्षिप्त परिचय से हुई। कार्यक्रम में सात सफल टीबी योद्धाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने साहस और संकल्प से इस गंभीर बीमारी को हराकर स्वस्थ जीवन की ओर वापसी की। इन योद्धाओं को समाज के लिए प्रेरणा स्वरूप फल की टोकरी और प्रोटीन बार देकर सम्मानित किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे की प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अंजना मल्होत्रा ने पिछले 100 दिनों के दौरान किए गए गहन यक्ष्मा रोग उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सौमित्र मजूमदार, एजीएम/एसईआर ने टीबी योद्धाओं की सराहना करते हुए मेडिकल विभाग की लगातार क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने 'टीबी मुक्त भारत' और इस वर्ष की थीम 'हां! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं: संकल्प लें, निवेश करें, पूरा करें'के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय अस्पताल, गार्डन रीच के चिकित्सा निदेशक डॉ. के. श्रीकुमार ने मेडिकल फ्रेटर्निटी और रेलवे प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 12.92 लाख विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। डॉ. प्रेम कुमार ने उन विद्यार्थियों का भी हौसला बढ़ाया जो किन्हीं कारणों से इस बार सफलता प्राप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा हतोत्साहित या निराश होने की जरूरत नहीं है। एक परीक्षा का परिणाम ही जीवन का निर्धारण नहीं करता। परीक्षाएं जीवन में आती-जाती रहती हैं। यदि इस बार सफलता नहीं मिली है तो दोबारा तैयारी करें, सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। उन्होंने आगे कहा कि असफलता ही सफलता का द्वार खोलती है, इसलिए आत्मविश्वास बनाए रखें और आगे बढ़ें।

मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार ने इस बार परीक्षा में पुरस्कार की राशि दोगुनी कर दी है। अब बिहार के टॉपर विद्यार्थी को 1 लाख की जगह 2,00,000 नगद, लैपटॉप, सर्टिफिकेट और मेडल दिया जाएगा। वहीं, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 25,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दी गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार टॉपर को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पति-पत्नी के बीच कलह में पत्नी ने खाया जहर, हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पति-पत्नी के विवाद में रोजाना हो रहे झगड़ा झंझट से आजीज होकर एक महिला ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली है। मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव की है जहां पर बताया जाता है कि घरेलू विवाद में आकर एक महिला ने जहर खा ली थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम राजकुमरीया देवी पति फुटानी मांझी बताई जाती है। घटना के बाद मृतक के पति ने शव को दाह संस्कार के लिए गांव के ही बगल में नदी किनारे उसे गाड़ने की कोशिश की ऐसे में मृतक के बड़े बेटे दिलचंद मांझी ने पुनपुन थाना को पूरे घटना के बारे में जानकारी दी जहां आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची जहां डेड बॉडी को बरामद किया गया है और मृतक के बेटे के बयान पर पुनपुन थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। आरोपी फरार हैं, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि फुटानी मांझी दो शादी किया था, पहले जिस महिला से शादी की थी वह इसके झगड़े से भाग गई थी वहीं यह दूसरी विधवा महिला से शादी किए थे, लेकिन इससे भी आजिज होकर वह महिला भी जहर खाने से मौत हो गई।

## पति-पत्नी के आधार पर हो शिक्षकों का स्थानांतरण : जीवन कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भाजपा के विधान परिषद् जीवन कुमार ने पति-पत्नी के पदस्थापना के आधार पर स्थानांतरण मामले को सदन में शून्य काल के दौरान उठाया है। जीवन कुमार ने बताया कि बिहार में 1 लाख 90 हजार शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था जिसमें विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर पति-पत्नी को असाध्य रोगों से ग्रसित, विधवा, दिव्यांग के बाद द्वितीय प्राथमिकता दी है, लेकिन हाल में 10 हजार 225 शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया जिसमें पति के आधार पर पत्नी का स्थानांतरण कर दिया गया जबकि पति का स्थानांतरण नहीं किया गया। उन्होंने सदन के माध्यम से विभाग को आवगत कराया कि विभाग दूरी के आधार पर महिला शिक्षिकाओं का स्थानांतरण के साथ-साथ पति का भी स्थानातरण सुनिश्चित करे। सदन ने श्री कुमार की मांग को उचित बताया और भरोसा दिया कि उनकी मांग पर विभाग जल्द अमल करेगा।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## एनटीपीसी ने पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान के वन्य जीवों को लिया गोद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने अपने नवीन पर्यावरणीय सीएसआर कार्यक्रम के तहत पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान के चार वन्यजीवों और दो पक्षी एनक्लोजर को गोद लिया। जैव विविधता संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने इन जानवरों के आहार और देखभाल के लिए 23,79,100 का योगदान दिया है, जो तीन वर्षों तक जारी रहेगा। आज संजय गांधी जैविक उद्यान परिसर में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), सुदीप नाग ने संजय गांधी जैविक उद्यान के निदेशक हेमंत पाटिल को यह चेक सौंपा। इस गोद लेने की पहल के तहत सफेद बाघ (केशरी), मादा हाथी (लक्ष्मी), शेर शावक (पार्वती), हिमालयन भालू (मंजुला), साथ ही पेलिकॉन और पक्षी एनक्लोजर को 17 मार्च 2028 तक देखभाल के लिए अपनाया गया है। यह पहल एनटीपीसी की वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस जिम्मेदारी के तहत एनटीपीसी इन छह प्रजातियों के आहार और देखभाल का संपूर्ण व्यय वहन करेगा जिससे संकटग्रस्त वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एनटीपीसी इन एनक्लोजर के पास एक प्रमुख साइनबोर्ड लगाने की योजना बना रहा है जिसमें प्राकृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने वाले संदेश होंगे। इस अवसर पर सुदीप नाग ने कहा इस पहल के माध्यम से हम अपने समुदाय में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति एक बड़ी जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को प्रेरित करने का लक्ष्य रखते हैं। इस अवसर पर अनिल कुमार चावला, क्षेत्रीय प्रमुख-मानव संसाधन आनंद कुमार, रेंज ऑफिसर फॉरेस्ट, जियोलॉजिकल रेंज सहित एनटीपीसी और संजय गांधी जैविक उद्यान के अधिकारी उपस्थित थे।

## पटना के बापू टावर में 5 अप्रैल को होगा मगही महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आगामी 5 अप्रैल को मगही भाषा, साहित्य-संस्कृति-सिनेमा, लोक कला, लोक गायन, इतिहास-पुरातत्व का एक दिवसीय उत्सव आयोजित होने जा रहा है। यह महोत्सव पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित किया जाएगा, जो सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मगही लोक भाषा, साहित्य, संस्कृति और संगीत में विमर्श को बढ़ावा देना है। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के जरिए मगही की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। मगही महोत्सव में कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें विमर्श और परिचर्चा के सत्र होंगे जहां मगही भाषा और साहित्य पर गहन चर्चा होगी। इसके अलावा युवा संवाद का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें नई पीढ़ी को मगही संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। लोक गायन और मगही कवि सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साथ ही अभिभाषण और लोक नृत्य जैसे कार्यक्रम इस महोत्सव को और भी रंगीन बनाएंगे। मगध क्षेत्र की मूर्तिकला, चित्रकला, पटना कलम, टिकुली पेंटिंग और बावनबूटी का लाइव डेमो भी होगा।

# विद्यालयों में इनोवेशन मेला लगाने की आवश्यकता : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में आज इनोफेस्ट एवं गणित मेला 2025 का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा इनोफेस्ट एक नवाचारी प्रयोग है। आज के समाज को सबसे अधिक आवश्यकता रचनात्मकता और नवाचार के प्रसार की है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी विद्यालयों में इनोवेशन मेले का आयोजन किया जाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर निशांत थे, जो पूर्व में सेंट जेवियर्स प्रबंधन संस्थान के निदेशक रह चुके हैं और वर्तमान में मंथन संस्था के प्रमुख हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस आयोजन के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक मंच बताया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन प्रत्येक वर्ष सफलतापूर्वक आयोजित किया जाता है और इसके माध्यम से कई छात्रों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कक्षाओं के लगभग 200 मॉडल्स प्रदर्शित किए गए। छात्रों की रचनात्मकता का एक और उदाहरण था- 12 फीट ऊंचा रंगीन मोर मॉडल और मिट्टी का घर (घरोंदा), जिससे बच्चों की परंपरागत कला और नवाचार दोनों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ- डॉ. राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.एड. और डी.एल.एड. छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया और छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ईद उल फितर और रामनवमी पर्व को लेकर पुनपुन थाना में थानाध्यक्ष बेबी कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर लाल बाबू, बीडीओ समेत पुनपुन के कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि रामनवमी के दौरान जुलूस में डीजे प्रतिबंध रहेगा। हर चौक चौराहे पर पुलिस की तैनाती की गई है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जुलूस पर पैनी नजर रखी जाएगी। वही ईद पर्व को लेकर पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत है विभिन्न मुस्लिम इलाकों में ईद के नमाज के दौरान भी पुलिसिया पहरा रहेगा, पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी, नमाज स्थल पर पुलिस और मजिस्ट्रेट की संयुक्त रूप से तैनाती कर दी गई है।

## एसडीएम ने की पीडीएस दुकानों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जनवितरण प्रणाली से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार द्वारा समय- समय पर तरह-तरह के उपाय किये जाते रहे हैं। इसी क्रम में सरकार द्वारा जारी मोबाइल अप्लीकेशन पीडीएस परख एप के माध्यम से जन वितरण प्रणाली की निर्गमन, परिवहन, वितरण व ट्रैंकिंग की जांच मोबाइल अप्लीकेशन पीडीएस परख एप के माध्यम से किया जा रहा है।

CMYK

# अश्विनी उपाध्याय ने साइंस में 425 अंक प्राप्त कर बढ़ाया कैमूर का मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** शिक्षा के क्षेत्र में बेटे की बढ़ती भागीदारी और उत्कृष्ट उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणादायक है। भभुआ प्रखंड अंतर्गत कोहारी पंचायत के कोहारी गांव के मेधावी छात्र अश्विनी उपाध्याय ने इंटरमीडिएट परीक्षा के साइंस विषय की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने परिवार और समाज का नाम रौशन किया। वही अश्वनी ने 425 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी (फर्स्ट डिविजन) से सफलता हासिल किया है। आपको बताते चलें कि अश्विनी उपाध्याय एसवीपी कॉलेज भभुआ के छात्र हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परिवार, कॉलेज और स्थानीय लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। अश्विनी ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है।

**बड़े पापा का सहयोग बना सफलता की कुंजी**

अश्विनी के बड़े पापा विपिन उपाध्याय एक शिक्षक हैं जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने भतीजे को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अश्विनी ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता और बड़े पापा को देते हुए कहा 'मेरी इस सफलता के पीछे मेरी माता और बड़े पापा का बहुत बड़ा योगदान है।'

**समाज के लिए प्रेरणा बना अश्विनी**

अश्विनी की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनके शिक्षक और विद्यालय प्रशासन ने भी उनकी मेहनत और लगन की सहराना की है।

**कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा**

अश्विनी शुरू से ही एक मेधावी छात्र है। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने इतने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। हमें विश्वास है कि आगे भी वह इसी तरह सफलता प्राप्त करते रहेंगे। अश्विनी ने खासकर गांव के अन्य लड़कों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

**परिवार और समाज में हर्षोल्लास**

अश्विनी के सफलता पर परिवार के लोग बेहद खुश हैं। गांव में भी जश्न का माहौल है और लोग मिठाइयां बांटकर खुशी माना रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

**भविष्य की योजनाएं**

अश्विनी आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर मेडिकल विभाग में जाना चाहते हैं। उनका सपना है कि वह समाज के लिए कार्य करें। वही उनकी इस उपलब्धि से यह संदेश मिलता है कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं।

# गुरुकुल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुजानपुर के विद्यार्थियों ने किया संस्थान का नाम रोशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुजानपुर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में नेहा गुप्ता ने 421 अंक और कला संकाय में सलोनी कुमारी ने 410 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता साबित की। संस्थान के निदेशक आर.पी. सिंह और सचिव कुमार सविनय ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। कुमार सविनय ने बताया कि इस वर्ष संस्थान के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं, जो गर्व की बात है। सचिव ने विशेष रूप से प्रवीण कुमार, राजनंदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, पूजा कुमारी, शिवानी कुमारी, सोनम कुमारी और मानषा कुमारी सहित अन्य मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के इस शानदार प्रदर्शन से शिक्षकों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

# चैत्र नवरात्रि में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**चेनारी।** ऐतिहासिक गुप्ता धाम में चैत महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा है। बाबा भोलेनाथ का दरबार सज गया है। भक्तों के जयकारा से कैमूर की वादी गुंजायमान हो रही है। चारों तरफ बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है आदि के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मंगलवार को लगभग साठ हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद जिले के अलावे उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड आदि राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु बस जीप सहित अन्य साधनों से उगहनी, पनारी घाट, दुर्गावती डैम से सड़क मार्ग से चार पहिए वाहन एवं दोपहिया वाहन से पहुंच वहां से पहाड़ी रास्ता तय कर गुप्ताधाम जा रहे हैं। झारखंड से सोन नदी पार कर आने वाले श्रद्धालु नौहट्टा व रोहतास प्रखंड में पड़ने वाले घाटों से पहाड़ी की चढ़ाई कर वहां पहुंच रहे हैं। इन दिनों कैमूर पहाड़ी के तमाम रास्ते गुप्ता धाम चलते नजर आ रहे हैं। पहाड़ी पर अवस्थित नदी झरना का लुफ्त उठा रहे हैं। बाबा का दर्शन कर लौट रहे बक्सर के सुनील कुमार, सहसी के पप्पु सिंह, रामबचन सिंह आदि ने बताया कि गुप्ताधाम पर प्रशासन द्वारा कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है। चिकित्सा शिविर नहीं लगाए जाने से खाली पैर जल लेकर आने वाले भक्तों के नुकेले पत्थरों से लहूलुहान हुए पैर की मरहम पट्टी तक की व्यवस्था वहां नहीं है। गुप्ता धाम समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह खरवार ने बताया कि गुप्ता धाम विकास कमेटी द्वारा गुफा में रोशनी व ऑक्सीजन गैस की व्यवस्था की गई है। चैत्र नवरात्रि में गुप्ता धाम में श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# लालू यादव के दावत-ए-इफ्तार से कांग्रेस की दूरी को लेकर गरमायी सियासत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए दावत-ए-इफ्तार की सियासत के बीच राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की ओर से दी गई इफ्तार पार्टी में महागठबंधन के सहयोगियों के नदारद रहने से बिहार में सियासत गर्मा गई है। सबसे दिलचस्प बात तो यह रही कि इफ्तार पार्टी में न तो कांग्रेस के किसी बड़े नेता की उपस्थिति रही और न ही वीआईपी के मुकेश सहनी ही नजर आये। अब इसे लेकर राजद पर जदयू ने तंज कसा है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने शायराना अंदाज में कहा है कि इफ्तार की शान गई, जब साथी कन्नी काट गए। कांग्रेस भी अब दूर खड़ी, रिश्ते सारे टूट गए। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने इफ्तार की दावत तो दी, मगर कांग्रेस ने तो आकर भी न देखा न सहयोगी, न परिवार, कोई आपके 'कर्मों' का भागीदार बनने को तैयार नहीं। किया पाप जब सिर चढ़ बोला, साथी सारे छोड़ गए। बेटा भी अब दूर खड़ा है, पोस्टर से भी नाम गए। मालूम हो कि सोमवार को लोजपा(आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान और लालू यादव ने अलग-अलग इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। लालू के दावत-ए-इफ्तार में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के साथ ही बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इसका आयोजन विधान पार्षद अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास पर किया गया। इस मौके पर मेजबान की भूमिका में लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और अब्दुलबारी सिद्दीकी थे, लेकिन महागठबंधन के सहयोगी कांग्रेस के नेता और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के नहीं पहुंचने से सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

# ए के अंबेडकर को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संघ काफी सबल व सशक्त बनेगा

## अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि व मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक मोहन राम (पत्रकार) कैमूर एवं अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राउत (मधेपुरा) ने बड़े ही गौरवान्वित महसूस करते हुए कहा कि अमरेंद्र कुमार अंबेडकर पुलिस महानिदेशक बिहार विशेष शस्त्र बल बिहार, पटना को बिहार राज्य अनुसूचितजाति/जन जाति कर्मचारी संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों में अपार हर्ष व्याप्त है। उक्त द्वय नेताओं ने ए के अंबेडकर साहब को दिल से मुबारक बाद दिया है। साथ ही साथ यह कहा है कि श्री अंबेडकर साहब निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहे यही ईश्वर से कामना किये। मोहन राम ने कहा कि अंबेडकर साहब रोहतास जिला के आरक्षी अधीक्षक एवं शाहाबाद परिक्षेत्र के आरक्षी उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित रह कर प्रशासन व समाज हित में अविस्मरणीय कार्य किये। उक्त द्वय नेताओं ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ए के अंबेडकर के कुशल नेतृत्व में कर्मचारी संघ काफी सबल व सशक्त बनेगा। औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष महंत स्वरूप ने कहा कि एके अंबेडकर साहब के प्रदेश अध्यक्ष बनने से एससी-एसटी कर्मचारी वर्ग को मदद मिलेगी। बधाई देने वालों में सम सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक गिरिजाधारी पासवान, शिक्षक संघ के शशांक शिव शेखर, शशि कुमार, रेल नेता बिरेंद्र पासवान, डॉ श्याम बिहारी प्रसाद, कामता कुमार सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# ऋण डिफॉल्टर की होगी कुर्की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा के ऋण डिफॉल्टर की गिरफ्तारी के लिए बैंक अधिकारी संग एएसआई राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नीलाम पत्र वारंटियों की गिरफ्तारी व वसूली के लिए गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा डिहरी के डिफॉल्ट ऋणी रोहित कुमार (व्यापार मंडल डिहरी), विजय कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह (दतौली), सुरेश तिवारी, उमाशंकर तिवारी, रामचन्द्र तिवारी (नारायणपुर) आदि के घर दुकान पर पुलिस की दबिश हुई। सर्टिफिकेट अफसर रोहित कुमार ने बताया कि निकट भविष्य में भी 90 वारंटियों तथा डिफाल्ट ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी और कुर्की जब्ती की कार्यवाही होगी जिसमें नारायणपुर, सुजानपुर, भैंसहा, दतौली, नावाडीह, महदेवा, सिधौली, गोपी बिगहा, मानिकपुर, भड़कुरिया आदि के डिफाल्टर हैं। शाखा प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बैंक में समझौता का सुनहरा अवसर के रास्ते खुले हैं।

# भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जारी करेगा का प्रशस्ति पत्र:इं. नवीन सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन नई दिल्ली की जिला इकाई रोहतास की एक अहम बैठक जिला कार्यालय पवित्र बंधन में संपन्न हुई। इसमें संगठन के सदस्यों के अलावे पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने की। मीटिंग में सभी सदस्यों की सहमति से संगठन के विस्तार और भविष्य में होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा और रूप रेखा तैयार की गई। इस महीने के अंतिम में शुरू होनेवाले नवरात्र और होने वाले पर्व ईद पर आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने के लिए मानवाधिकार के क्षेत्रीय यूनिट को शासन प्रशासन के साथ सहयोगात्मक तरीके से मिलजुल कर कार्य करने की बात पर बल दिया गया।

# किसान की बेटी ने 458 अंक लाकर जिले में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा बिहार स्कूल के इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया जहां रोहतास जिला के डिहरी प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अर्जुन बीघा गांव निवासी किसान मनोज कांत महतो की छोटी बेटी अनुराधा कुमारी ने कला संकाय के अंतर्गत 458 अंक लाकर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रथम स्थान प्रीति कुमारी 461 अंक गंगोत्री प्रोजेक्ट गर्ल स्कूल चेनारी के रहने वाली ने प्राप्त किया है। अनुराधा कुमारी रामप्यारी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय दरिहट की छात्रा है वही पिता किसान और माता वृंदा देवी गृहिणी है। रिजल्ट आते ही ग्रामीणों तथा क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी का माहौल है वहीं किसान की पुत्री को बधाई देने एवं उसके हौसले को बढ़ाने के लिए उसके घर तांता लगा हुआ है। अनुराधा कुमारी ने बताया कि 6 घंटे वह पढ़ाई करती थी और यूट्यूब के सहारे उन्होंने परीक्षा की तैयारी की थी। इंटरमीडिएट आर्ट्स के परीक्षा में जिले में दूसरे स्थान प्राप्त करने पर रामप्यारी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक के वीरेंद्र कुमार ने शुभकामना दी। छात्र ने बताया कि मैं कुशवाहा समाज से आती हूं और पढ़ाई के साथ-साथ खेतों में पिताजी की भी मदद करती थी आगे मेरा सपना शिक्षिका बनने की है।

# मतदान केन्द्रों को सशक्त बनाने हेतु जदयू की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर जनता दल यूनाइटेड नगर कमिटी की बैठक में मतदान केंद्रों को सशक्त बनाने हेतु बैठक की गई। पार्टी के डिहरी विधानसभा प्रभारी दिवाकर प्रसाद, जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शोमा चंद्रवंशी, कृष्णा पटेल, अरुण रावल आदि ने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर अपने विचार रखा। मौके पर एकराम अंसारी, विन्ध्याचल पासवान समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विष्णु प्रसाद उर्फ मुन्ना कुशवाहा ने किया।

# संस्कृत विद्यालय महासंघ के अध्यक्ष बने श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डिलिया दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय वेद संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय महासंघ की बैठक रामचरित्र यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। राष्ट्रीय महासचिव ओम प्रकाश मंडल की मौजूदगी में बैठक में सुचारू रूप से चल रहे स्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को वेतन भुगतान की मांग की गई। नए सत्र के लिए श्रवण कुमार सिंह अध्यक्ष, जमुना राम उपाध्यक्ष, शिवदयाल सिंह सचिव, राजेंद्र प्रसाद उप सचिव, कृष्ण सिंह कोषाध्यक्ष व रालोमो के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार सिंह संरक्षक चुने गए। बैठक में बृजेश कुमार, राम सुरेश सिंह, अजय सिंह, सूरज सिंह आदि मौजूद थे।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सके। बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# होटल रॉयल पैलेस में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** सोमवार को कोचस में कांग्रेस कमिटी के कोचस नगर पंचायत अध्यक्ष भाई मो0 नसरुद्दीन साहब के होटल रॉयल पैलेस में दावत-ए-इफ्तार का शानदार आयोजन हुआ। इस मौके पर नसीरुद्दीन साहब ने कहा कि न ये चुनावी माहौल है और न ही इसके पीछे कोई स्वार्थ है ये बस आपसी भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम है। नसीरुद्दीन ने रोहतास जिले से आए हुए अपने अतिथियों का अंगवस्त्र देकर उनका इस्तेकबाल स्वागत किया जिसमें मुख्य रूप से शिरकत किए कांग्रेस सासाराम प्रेसिडेंट तौफीक अहमद मकरानी, डिहरी विधानसभा के भावी प्रत्याशी कक्कू खान, नेमातुल्लाह फरीदी सभापति नगर परिषद बक्सर, तोराब नियाजी रोहतास नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, इसलाम अंसारी भावी चेयरमैन प्रत्याशी डुमरांव, शमीम अंसारी कल्लू मुखिया, राजद जिलाध्यक्ष पंचायती राज्य प्रकोष्ठ मो मकसूद आलम, राजद नेता चांद अशरफ, सोनू खान अकबरपुर, जन्नत अंसारी, सैफ खान एम आई एम नेता, नेहाल, महताब अंसारी, मौलाना जमशेद आलम, छोटू सिद्दीकी, इमरान हाशमी, मनीर आलम, कुतुबुद्दीन अंसारी, सोहराब कुरैशी, शकील अहमद आदि रोहतास जिले से शामिल हुए।

# मसौढ़ी में दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र पटना एवं आई एल डी कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जीविका के तत्वावधान में मसौढ़ी प्रखंड परिसर में बुधवार को एक दिवसीय दिव्यांगजन जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां एनआईएलडी के निदेशक ललित नारायण एवं सीआरसी की निदेशक प्रियदर्शिनी एवं बीडीओ प्रभाकर कुमार, जीविका मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य, योग एवं ध्यान दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावकों के बीच विश्राम की पूर्वी पद्धतियों के बारे में विधिवत जानकारी दी गई जैसे - योगा, व्यायाम, ध्यान, प्राणायाम आदि विधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं कुछ इन सबसे सम्बंधित अभ्यास भी कराया गया। प्रियदर्शिनी ने कहा कि यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने में लाभकारी सिद्ध होगा। इससे दिव्यांगजन अपने दैनिक जीवन की क्रियाओं एवं जीवन को स्वस्थ्य एवं सुगम बना सकेंगे। गौरतलब है कि कार्यक्रम में लगभग 150 दिव्यांग जन शामिल हुए।15 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण जैसे, ट्राइसाइकिल, छड़ी, वैशाखी आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में जीविका के प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा, नोडल पदाधिकारी युसुफ, सिद्दीकी एरिया कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी आदि शामिल रहे।

# कवि सम्मेलन में कवियों व शायरों ने बांधा समां, रात भर झूमे श्रोता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस।** कवि सम्मेलन व मुशायरा में रात भर कवियों ने अपने साहित्यिक रचनाओं से श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। मौका था कोचस उच्च विद्यालय के परिसर में आयोजित सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन व मुशायरा का। वही जंगे आजादी में अपने आपको खुशी-खुशी फांसी के फंदे पर झूलने वाले वीर शहिदों शहीदे आजम वीर भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस पर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर मौजूद गणमान्य लोगों ने उन शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। इस सब के उपरांत मंच का उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत उप मुख्य पूर्व पार्षद रुबी देवी ने की। इस अवसर पर उन्होंने कवि सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि कवि सम्मेलन व मुशायरा हमारी साझी संस्कृति को मजबूत बनाने का कार्य करती है जिससे गंगा यमनी विरासत को बल मिलता है। वही उत्तर प्रदेश देवरिया से आयी कवियित्री गुन गुन गुप्ता ने सरस्वती वंदना गाकर कवि सम्मेलन को गति देने का कार्य किया। अगली कड़ी में पधारी वाराणसी से आयी आराधना मिश्रा ने बेटियां किसी से कम नहीं बेटियों को कोख में मत मारो, बेटियां ही अगर नहीं रहेंगी तो आखिरकार बेटा कौन जनेगा गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। तत्पश्चात आये दबंग कवि ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को लोट पोट करने के साथ ही मंत्र मुग्ध कर दिया। उनके रचनाओं का केंद्र बिन्दू में राजनेता व राजनीतिक दलों के लोग रहे। इसके साथ ही कवियों ने श्रृंगार रस, वीर रस, भक्ति रस समेत अन्य रसों समेत व्यंग्य वाणों का तरकशों का तीर का प्रयोग रात भर अपने कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत करते रहे जिसमें श्रोता इस सागर में गोता लगाते रहे तथा श्रोता वाह वाह करते रहे। इसके साथ ही अन्य पधारे कवियों को काफी श्रोताओं द्वारा सराहना मिली। कवि सम्मेलन में आसपास के लोगों के साथ ही शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 1280 दिनांक 24.03.2025

**शुद्धि – पत्र**

कार्यालय ज्ञापांक 1111 दिनांक 10.03.2025 द्वारा सैरात बन्दोबस्ती सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त सैरात बन्दोबस्ती सूचना में निम्नांकित तिथि एवं स्थल में आंशिक संशोधन की जाती है :–

(1) निम्नवत् तिथि में संशोधन :–

| क्रमांक | नाम | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | डाक से संबंधित कागजात जमा करना | 24.03.2025 | 27.03.2025 |
| 2 | खुली डाक बोली | 25.03.2025 एवं 27.03.2025 | 28.03.2025 एवं 29.03.2025 |

(2.) सैरात A. के क्रमांक–1 एवं B. के क्रमांक–11 में आंशिक संशोधन निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| **A. सब्जी बाजार सैरात** | | | | |
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार क्षेत्र (मुख्य सब्जी बाजार मो0 42,00,000/- एवं गल्ला बाजार मो0 3,50,000/-) | 45,50,000/- | 2,27,500/- | कन्नी राम चौक भाया हॉस्पीटल चौक भाया जेलहाता भाया कचहरी रोड़ से भाया गिरिवर स्कूल भाया शिवाला रोड़, भाया कन्नी राम चौक तक |
| | सदीक मंजिल चौक, | 4,00,000/- | 20,000/- | संदीक मंजिल चौक से कोयल पुल बस स्टोप तक, संदीक मंजिल चौक से नावाटोली हनुमान मन्दिर तक, के0जी0 स्कूल रोड़ से कॉपरेटिभ मोड तक। |
| **B. वाहन पार्किंग सैरात** | | | | |
| 11 | रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड एवं रेड़मा चौक से चियाँकी स्टेण्ड तक। | 7,00,000/- | 35,000/- | रेड़मा चौक भाया रांची रोड़ भाया चियांकी, रेड़मा चौक भाया जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टेम्पु स्टेण्ड तक। |
| | बैरिया टेम्पु स्टेण्ड। | 3,00,000/- | 15,000/- | बाईपास रोड़ भाया बैरिया चौक, भाया बिसफुटा चौक क्षेत्र एरिया। |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। जिसका PR – 348337 है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 349173 (District) 24-25 (D)

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो दोस्तों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** नवादा में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में दो दोस्त आ गए दोनों की मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। घटना सोमवार की देर रात्रि का है, जहां हिसुआ थानाक्षेत्र के हिसुआ -राजगीर पथ पर भेजवा ग्राम के पास भीषण दुर्घटना का शिकार दो दोस्त हो गए। हिसुआ थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष रूपा कुमारी सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। आपको बता दें कि नवादा के हिसुआ थानाक्षेत्र के भेजवा गांव के पास यह दर्दनाक घटना घटी है, तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो दोस्तों की मौत हो गयी। बताया गया कि उनमें एक की पत्नी गर्भवती है तथा दूसरा एकलौता पुत्र पुत्र था और उसकी शादी की बात चल रहा थी। दुर्घटना के बाद एक हीं गांव के दो घरों का चिराग बूझ गया। इस हादसे में नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर गांव निवासी 26 वर्षीय पप्पू कुमार और सूरज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार जनों ने बताया सूरज कुमार की पत्नी तीन महीने की गर्भवती है। वहीं पप्पू कुमार की शादी की बातचीत चल रही थी। दोनों अच्छे दोस्त थे और सोमवार को दोनों घर से बाइक पर सवार होकर घूमने निकले थे। घर वापसी के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये और यह हादसा हुआ। हिसुआ थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष रूपा कुमारी मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, वहीं दुर्घटना का पता लगाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस से स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दुर्घटना के बाद दोनों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हत्या के आरोपित को मिली उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पुरानी दुश्मनी को लेकर हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने एक आरोपित को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपए जुर्माना भी किया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मंगलवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के एडीजे दो संजीव कुमार सिंह ने हरनौत थाना क्षेत्र के गोनीपुर निवासी अवधेश यादव को दोषी पाया है। इसी मामले में आरोपित 6 अन्य लोगों को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से एपीपी सुनील कुमार ने सभी छह लोगों की गवाही कराई थी। उन्होंने बताया कि 29 मई 2020 की रात में सूचक रविंद्र कुमार घर के छत पर सोए थे। हल्ला पर जब सभी आरोपित भाग गए तो सूचक अन्य परिजन के साथ घर के अंदर गए वहां सत्येंद्र यादव को मृत पाया।

# क्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ मुख्य पथ (फोरलेन) पर झालर गांव के सामने डाक बाबा और तालाब के समीप एक अधेड़ महिला की क्रेन से कुचलकर मौत हो गई है। यह घटना सड़क पार करने के दौरान हुई है। यह घटना मंगलवार को करीब 10 बजे सुबह की है। मृतका की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के पनहेसा निवासी मरहूम नेयाज की पत्नी रेहाना खातून के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना करने वाली बजरंग क्रेन सर्विस को पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। क्रेन का चालक दुर्घटना के बाद भागने में सफल रहा है। मंगलवार की सुबह वह झालर गांव से फिदरा जकात मांग कर दूसरे गांव जाने के लिए तालाब के पास फोरलेन सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान उत्तर दिशा से राजगीर की ओर आ रही क्रेन ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार और सिलाव थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य में लग गये। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा की जा रही सड़क जाम को समझा बूझकर समाप्त कराया गया है। कुछ देर बाद यातायात पूर्ववत सामान्य हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मृतका के पुत्र को तत्काल 20 हजार रुपये मुख्यमंत्री सामाजिक कोष से दिया जायेगा। राजगीर के पूर्व प्रखण्ड प्रमुख सुधीर कुमार पटेल ने सरकारी सहायता दिलाने में मृतक परिवार को बढ़चढ़ कर सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सड़क दुर्घटना में आपदा के तहत मिलने वाले चार लाख रुपए के भुगतान के लिए अंचलाधिकारी, सिलाव के पास आवेदन दिया जाएगा।

## एक नजर

### सरपंच पति के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के इचुआ करना पंचायत में विभागीय निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास विहीन परिवारों का सर्वे का कार्य चल रहा है ताकि वैसे परिवारों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। यह सर्वे का कार्य बीते 10 जनवरी 2025 से शुरु हुआ है। जो आगामी 31 मार्च 2025 तक होना है। इस कार्य के लिए पंचायत रोजगार सेवक जयप्रकाश भारती को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा किये जा रहे सर्वे कार्य में इसी पंचायत के सरपंच पति के माध्यम से बाधा उत्पन्न करने की बात सामने आ रही है।जिससे सर्वे कार्य करने में पंचायत रोजगार को परेशानी खड़ी हो गई है। इससे सम्बंधित मामले को लेकर प्रखंड के इचुआ करना पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक जयप्रकाश भारती ने बीडीओ को आवदेन देकर इचुआ करना पंचायत के सरपंच पति मनीष कुमार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने उपविकास आयुक्त और मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, नारदीगंज को आवेदन पत्र देकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### सीपीएस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**रजौली।** मुख्यालय स्थित साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में मंगलवार को सीपीएस ओलंपियाड में उत्कृष्ट करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निर्देशक रविन्द्र कुमार के सानिध्य में विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार विद्यालय के वरीष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, गणित विभाग के शिक्षक पिण्टू पाण्डेय व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओ के द्वारा सीपीएस ओलंपियाड में भाग लेने तथा अपनी उत्कृष्ट प्रतिमा का प्रर्दशन करनेवाले छात्र-छात्राओं के बीच गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रांज मेडल व अन्य सर्टिफिकेट और प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। उनमें से कुछ प्रतिमाशाली छात्रों की सूची में वर्ग अष्टम के छात्र राजू कुमार साव ने 90 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं द्वितिय प्रतिभागी राज कपूर जिन्होंने हिंदी में 57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसके अलावे वर्ग पंचम के छात्र सोनू कुमार ने हिंदी संकाय में 58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल लया है। वहीं वर्ग तृतीय की छात्रा दीवानी यादव ने 73 प्रतिशत अंक पाकर ब्रांज मेडल प्राप्त की, वर्ग प्रथम की छात्रा शिवानी ने 83 प्रतिशत अंक पाकर गोल्ड मेडल प्राप्त की,वर्ग द्वितीय की छात्रा शाल्वी कुमारी ने हिंदी संकाय में 74 प्रतिशत एवं वर्ग तृतीय से रितीक कुमार ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्तर के लिए चयनित हुए। वहीं लगभग 90 छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रर्दशन कर अपने विद्यालय और अपने परिवार का मान-सम्मान बढ़ाया है।

### डॉ संजय कुमार चौहान बने टीएस कॉलेज हिसुआ के डिप्टी नोडल ऑफिसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित कॉलेज टी एस कॉलेज हिसुआ के प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा दर्शनशास्त्र विभाग के बिभाग अध्यक्ष डॉ संजय कुमार चौहान को महाविद्यालय का डिप्टी नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है, प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र देते हुए डॉ चौहान को बधाई दिया और ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य करने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय नोडल ऑफिसर डॉ अमरदीप मोहन अंभोर, राजदूत डॉ स्वर्गेश कुमार, एनसीसी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार दुबे, डॉ पूनम भारती, वितेक्षक डॉ रजनीश देव, डॉ दिव्या पांडे, रंजय कुमार, डॉ चंद्रशेखर शांडिल्य, डॉ चन्दन कुमार, प्रधान सहायक राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार आदि ने डॉ संजय कुमार चौहान को बधाई दी।

### इंटर में पकरीबरावां के विद्यालयों का बेहतर प्रदर्शन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली के बच्चों का इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार एवं प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने बताया कि बुधौली गांव के राजेश मोती रावत एवं गुड़िया देवी की पुत्री पूजा कुमारी ने इंटर आर्ट्स की परीक्षा में 393 अंक प्राप्त की है। इसी गांव के भूषण यादव एवं देवा देवी के पुत्र रंजीत कुमार ने इंटर साइंस की परीक्षा में 424 अंक प्राप्त हुआ है। कृषक महाविद्यालय धेवधा की कि छात्रा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू पकरीबरावां दोस्तलिबीघा के प्रधानाध्यापक मो. अताउल्लाह अंसारी की पुत्री सादिया फिरदौस ने इंटर साइंस में 416 अंक प्राप्त की है। पकरीबरावां के हनुमान नगर निवासी शिक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा की पुत्री सुप्रिया कुमारी ने रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय पकरीबरावां से इंटर साइंस की परीक्षा में 325 अंक प्राप्त की है।कृषक महाविद्यालय के कई बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इंटर विद्यालय पकरीबरावां एवं रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के बच्चों का भी बेहतर रिजल्ट रहा है।

### प्रदेश से सैकड़ों ज्योतिषाचार्य व वास्तुविद का नालंदा में हुआ आगमन

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ नई दिल्ली और एस्ट्रोलॉजिकल पॉइंट गया के संयुक्त तत्वाधान में 23 मार्च को गया में लगभग 300 से ज्यादा ज्योतिषाचार्य और वास्तुविद महासम्मेलन में इकट्ठा हुएस लगभग 50 से ज्यादा ज्योतिषाचार्य ने नालंदा आकर भ्रमण किया एवं वास्तु के अनुसार नालंदा के खंडहर का सभी ने अपने अपने तरीके से अवलोकन किया। चैप्टर चेयरमैन रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ नई दिल्ली के अध्यक्ष अरुण कुमार बंसल ने ज्योतिष और वास्तु से किसी भी बीमारी का हम समय से पहले पता कर सकते हैं और ग्रहों को ठीक कर सकते हैं लिए उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह जो अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ नई दिल्ली के उपाध्यक्ष और गया चैप्टर के अध्यक्ष है ने बताया कि काफी वर्षों के बाद गया में लगभग पूरे भारतवर्ष से ज्योतिषचार्य ने अपनी अपनी भागीदारी निभाई और सभी को सम्मानित किया गया।

# कलश शोभायात्रा के साथ 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकरीबरावां।** धमौल में मंगलवार को 11 कुंडीय महायज्ञ की शुरुआत कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 201 कलशधारी महिलाएं एवं युवतियां श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुई। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से माहौल को आध्यात्मिक बना रहे थे। कलश शोभायात्रा की शुरुआत प्रातः विधि-विधान से गायत्री मंदिर परिसर से हुई। श्रद्धालु मंत्रोच्चारण के साथ आगे बढ़े और कलश यात्रा धमौल बाजार होते हुए देवी स्थान पीएनबी बैंक तक गई। वहां से उसी रास्ते गणेश मंदिर चौक के बाद ठाकुरबाड़ी होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान बाजार वासियों ने श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत किया। गायत्री परिवार से जुड़े नवीन बरनवाल, अनिता देवी, सविता देवी, विनय लाल, अजय कुमार गुप्ता, सविता देवी, रेखा देवी आदि ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ समाज कल्याण और लोकहित के लिए किया जा रहा है, जिससे सभी को आध्यात्मिक ऊर्ज़ा प्राप्त होगी। शोभायात्रा में धमौल मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, पंसस उपेंद्र सिंह, दुर्गा पूजा समिति के सचिव अजीत भारती, समाजसेवी महेश सोनार, पवन श्रीवास्तव, पंकज सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, राजकुमार शर्मा सहित कई अन्य शामिल हुए।

# 201 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के पोआरी पंचायत के मिरदाहाचक गांव में अखंड कीर्तन को लेकर महिला श्रद्धालुओं के द्वारा मंगलवार को कलश शोभायात्रा निकाला गया। आयोजनकर्ता मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बड़े पासवान ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं आपसी भाईचारे संबंध बना रहे। क्षेत्र में शांति का माहौल कम रहे, इसी उद्देश्य को लेकर प्रत्येक साल गांव के देवी स्थान मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाता है। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं रंगबिरंगी लाइट से सजा दी गई है। उन्होंने बताया कि अखंड कीर्तन के पूर्व 201 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया। बाढ़ स्थिति उमानाथ गंगा घाट पर कलश में जल भरने के बाद सुरक्षित वाहन के द्वारा कलश को वापस गांव के बजरंगबली मोड़ के पास पहुंचा। जहां से महिला श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश को लेकर गांव भ्रमण करते हुए भक्ति गीतों पर झूमते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। पंडितों द्वारा मंत्रों उच्चारण के बाद अखंड कीर्तन शुरू होगा। कार्यकर्ता बलराम पासवान ने बताया कि अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुविली देवी, मुखिया रेखा देवी, सुधीर, शंभू, शाकेंद्र, संतोष, राहुल, रॉकी, प्रभाकर, संजय समेत समस्त ग्रामीण का भरपूर सहयोग है।

# विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** बिहार विधानसभा का चुनाव 2025 में अक्टूबर या नवंबर महीने में होने हैं। 7 महीने से अधिक का समय अभी बाकी है। इसके बावजूद संभावित विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश करने के लिए कई लोग क्षेत्र के साथ-साथ बड़े नेताओं के संपर्क में बने हुए हैं। विगत कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का झोला ढो रहे प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी भी ऐसे ही दावेदारों में से एक हैं। जो इस बार रजौली विधानसभा क्षेत्र से अपना किस्मत आजमाना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त होने का दावा प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी करते हैं। ऐसे में अगर उन्हें रजौली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी टिकट उपलब्ध कराती है तो प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी अपनी जीत का दावा करते हैं। उन्होंने बताया कि रजौली विधानसभा क्षेत्र के प्रायः सभी पंचायत तक का दौरा कर चुका हूं। लोगों से जनसंपर्क अभियान बना हुआ है। पार्टी की हर एक गतिविधियों में मैं बढ़-चढ़कर भाग ले रहा हूं। बताया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शिक्षित उम्मीदवार में से सुरेंद्र चौधरी खुद को पहले नंबर पर मान रहे हैं। अब देखना यह है कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी अपने किसी कार्यकर्ता को कहां की उम्मीदवारी सेट करती है, क्योंकि उसे विगत लोकसभा और विधानसभा चुनाव के साथ-साथ कई चुनाव के आंकड़े प्रतिशत भी देखने होते हैं। प्रोफ़ेसर सुरेंद्र चौधरी का दावा है कि पार्टी हमें रजौली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाती है तो विजय का पताखा लहराने से कोई नहीं रोक सकता है। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, संभावित उम्मीदवारों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को टिकट देने का अंतिम फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व करती है। अब सही फैसला होने के बाद ही यह पता चल जाएगा कि कौन से विधानसभा क्षेत्र से किस पार्टी के कौन उम्मीदवार बनाए गए हैं।

# बाइक लूट एवं मारपीट की घटना के चार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली के समीप बीते सोमवार की रात्रि लगभग 11 बजे एक व्यक्ति से कुछ लोगों ने मारपीटकर उसकी बाइक लूटकर भाग गये थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट एवं मारपीट की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है साथ ही लूट की गई बाइक को बरामद किया है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार ने बताया कि पीड़ित झारखण्ड के कोडरमा थाना क्षेत्र के फुलवड़िया गांव निवासी किशोर कुमार मुर्मू के पुत्र अभिषेक कुमार हरदिया पंचायत के भौर गांव स्थित विकास भट्ठा से काम करके वापस अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में चितरकोली के समीप अज्ञात कर अपराधियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर बाइक को लूटकर भाग गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम में अपर थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार, पीएसआई सचिन कुमार,एएसआई जयशंकर पाण्डेय एवं सशस्त्र बल में सिपाही सूरज कुमार तांती व सोनू कुमार मौजूद रहे। छापेमारी के क्रम में एसआईटी टीम ने एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अपराधी निशानदेही पर अन्य तीन अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। अपराधियों की पहचान चितरकोली गांव निवासी मिथिलेश यादव के पुत्र विकास कुमार, शंभू सिंह के पुत्र गौदाम सिंह व शैलेंद्र यादव के पुत्र अवधेश कुमार एवं कसयाडीह गांव निवासी अरविंद यादव के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है।

## द्वितीय अपील के तहत डीएम के द्वारा तीन परिवादी हुए उपस्थित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत तीन परिवादी उपस्थित हुए। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी के पास जाँच प्रतिवेदन के लिए यथाशीघ्र भेज दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद पशुपतिनाथ पारस, पिता - धनेश्वर प्रसाद, ग्राम - बखारी, पो. - कुहिला, प्रखंड - अकबरपुर द्वारा इस न्यायालय में लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत 28 जनवरी 2025 को ऑनलाइन दायर किया गया था। आज द्वितीय अपील की सुनवाई की गई, जिसमें प्रश्नगत मामले की जांच के लिए संबंधित पदाधिकारी के पास भेजा गया। परिवादी सावित्री देवी, ग्राम - हड़िया, पो0 - नारदीगंज द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई, जिसे संबंधित पदाधिकारी से बात कर जाँच के लिए जिलाधिकारी द्वारा भेज दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद अमित कुमार, पिता - राम सागर राम, ग्राम - मियां विगहा, पो0 - कहुआरा, जिला - नवादा द्वारा इस न्यायालय में लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 10 फरवरी 2025 को शिकायत ऑनलाइन दायर की गई थी। आज द्वितीय अपील की सुनवाई की गई, जिसमें प्रश्नगत मामले की जाँच के लिए संबंधित पदाधिकारी के पास भेजा गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले की दो माह के भीतर सुनवाई कर निवारण कर दिया जाता है।

## डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई, तय मार्ग में निकालें जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में ईद, रामनवमी,नवरात्र व छठ महापर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से सोमवार को थाना परिसर में बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों ने शांति समिति की बैठक की। प्रखंड के करीब एक दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। वारिसलीगंज बाजार सहित तीन स्थानों से रामनवमी जुलूस निकाला जाता है। साथ ही इसी दौरान छठ महापर्व तथा ईद पर्व भी मनाई जानी है। जिसे शांतिपर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक में विचार विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर बजाने के लिए जिला प्रशासन से आदेश लेना अनिवार्य है।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले 37 स्वास्थ्यकर्मियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचसी कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ संजीव झा, सीओ गुफरान मजहरी एवं पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 37 स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रम के विभिन्न घटकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों एवं संस्थानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीओ, सीओ एवं अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. दिलीप कुमार को भी सम्मानित किया गया।साथ ही समारोह में परिवार कल्याण कार्यक्रम के लक्ष्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली आशा कार्यकर्ताओं,एएनएम,जीएनएम,स्वास्थ्य उपकेंद्रों, परिवार नियोजन कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया प्रतिनिधि को प्रखंड में परिवार कल्याण कार्यक्रम के सफल संचालन में उत्कृष्ट सहयोग एवं समन्वय हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया। पीएचसी प्रभारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में सभी स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कर्मियों को इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडेय व प्रखण्ड प्रतिनिधि शीला कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद अहमद, बीसीएम किरण कुमारी, रितेश कुमार, जोगेन्द्र कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं दर्जनों आशा एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहें।

## उप मुखिया का चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न, पुलिस प्रशासन रहे तैनात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिरदला।** प्रखंड क्षेत्र के धीरोंध पंचायत के उप मुखिया का चुनाव शांति पूर्ण महौल में मंगलवार को संपन्न हो गया। सुमन कुमार सौरव को 15 वार्ड में से 13 वार्ड सदस्यों ने अपने मतों से उप मुखिया पद के लिये सुमन के पक्ष में मतदान कर निर्वाचित किया है। इसके पूर्व उप मुखिया मोनी कुमारी के खिलाफ 12 वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। 17 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई और अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में सभी ने वोट डाले। इस तरह उप मुखिया की कुर्सी गिर गई थी। सिरदला प्रखंड के ई किसान भवन में बीडीओ सह बीपीआरओ नवादा अमरनाथ कुमार की अध्यक्षता और वरीय पदाधिकारी सह भूमि उप समाहर्ता रजौली प्रमोद कुमार की मौजूदगी में चुनाव कराया गया। उप मुखिया के पद पर मौनी कुमारी ने अपना पक्ष के साथ उपस्थित नही हुए। जिसको लेकर मत विभाजन की प्रक्रिया नही हुई। मतदान के दौरान कुल 13 मत पड़े और मतदान बाद मतों की गिनती हुई। मतों की गिनती के दौरान सुमन कुमार सौरव को 13 मत प्राप्त हुआ, जिसमें एक भी मत रद्द नही हुई है। मुखिया लखी नरायण गुप्ता ने भी उप मुखिया सुमनके पक्ष में मतदान कर दिये हैं। इस तरह से सुमन कुमार सौरव को निर्वाचित घोषित किया गया है।

# परिवार नियोजन को लेकर कैम्प लगा करें जागरूक : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नरहट (नवादा)।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट मे परिवार नियोजन से सम्बंधित विषयों पर चर्चा के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरआत करते हुए पिरामल फाउंडेशन के मंतोष कुमार के द्वारा परिवार नियोजन के महत्व के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी, सही तरीके से परिवार नियोजन का साधन उपयोग करके मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु को कम किया जा सकता हैं। इस कार्यक्रम में जिला परिषद पुष्पा भारती, चिकत्सा पदाधिकारी डॉ पवन कुमार, बीएचएम शांता स्वामी, बीसीएम संजय कुमार, डाटा ऑपरेटर सुनील कुमार, हेल्थ एजुकेटर अरशद इमाम, एफपी काउंसलर मंटू कुमार, पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर मंतोष कुमार, पीएसआई अमिताभ चौबे, जीविका की बीपीएम गीतिका रानी, यूनिसेफ़ के बीएमसी राजीव कुमार, आईसीडीएस से महिला प्रवेक्षिका शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी उपस्थित हुए। बैठक में परिवार नियोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के द्वारा बताया गया की अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाती टोलो मे कैंप का आयोजन कर के लोगों में जागरूकता लाएं। आईसीडीएस, विकास मित्र, आशा, एडब्लूडब्लू,सभी लोग मिलकर जीविका के ग्राम संघठन के बैठक में भाग लेंगे तथा पिरामल फाउंडेशन एवं पीएसआई से भी सहयोग करने को बोला गया। परिवार नियोजन एक स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह व्यक्तियों और परिवारों को सशक्त बनाता है, जिससे वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय समझदारी से ले सकें और समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान दे सकें।

CMYK

# सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने में अनुसंधान की भूमिका महत्वपूर्ण : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और नवाचार को आगे बढ़ाने में अनुसंधान की भूमिका अहम होती है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मंगलवार को कहीं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने समस्या-समाधान अनुसंधान की ओर बदलाव पर जोर दिया, गुणवत्ता और सामग्री-संचालित अध्ययनों पर बल दिया। उन्होंने आशा जताई कि कार्यशाला प्रतिभागियों के शोध कौशल को निखारने के लिए सैद्धांतिक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक प्रदर्शन का संतुलित मिश्रण प्रदान करेगी। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के साथ मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. हरेंद्र कुमार सिंह, डीन एवं विभागाध्यक्ष, कॉमर्स, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) वाराणसी के साथ-साथ प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रख्यात शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। समकालीन शोध में शोध पद्धति का महत्व विषय पर अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. हरेंद्र कुमार सिंह ने अकादमिक, व्यावसायिक और समकालीन क्षेत्रों में शोध के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने शोध के संबंध में भारतीय शिक्षा प्रणाली में प्रतिमान बदलाव पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों से अपनी शोध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए सत्रों में सक्रिय रूप से शामिल होने का सुझाव दिया। इससे पहले कार्यशाला के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रो. ब्रजेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. राजनारायणन एस, सह प्राध्यापक, कॉमर्स (कोर्स डायरेक्टर) ने प्राप्त विविध आवेदनों और प्रतिभागियों के चयन मानदंडों का अवलोकन प्रस्तुत किया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. सुब्रमण्यम एस ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और शोध लेखन कौशल को बढ़ाने और भविष्य के शिक्षाविदों को आवश्यक दक्षताओं से लैस करने के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. प्रदीप राम, सहायक प्राध्यापक, कॉमर्स (सह (कोर्स डायरेक्टर) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह के बाद कार्यशाला के पहले सत्र शुरू हुए जिसमें शोध अवधारणाओं और रूपरेखा का परिचय और शोध शीर्षक, प्रश्न और उद्देश्य शामिल थे। प्रो. वी. सुनमुगासुंदरम ने चर्चाओं का नेतृत्व किया जिसमें शोध के मूल सिद्धांतों, शोध के प्रकारों, शोध डिजाइन और अन्य प्रमुख अवधारणाओं का व्यापक परिचय दिया गया।

# एइएस की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान होगा तेज : मंगल पांडेय

## डॉक्टर, स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मचारी, आशा, एएनएम, जीविका सदस्य, आंगनबाड़ी मिलकर करेंगे बचाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रॉम (एईएस) की रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की गयी है। उसी क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के सभागार, विकास भवन, पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलाधिकारियों और सिविल सर्जनों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस वर्ष एईएस से बचाव के लिए समयपूर्व सतर्कता और ठोस कार्ययोजना पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एईएस प्रभावित जिलों में सतत जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता, पोषण स्तर सुधार, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति तथा समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। राज्य का हर बच्चा हमारे लिए अनमोल है।

श्री पांडेय ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जरूरी दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। जागरूकता अभियान चलाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। संभावित मामलों की निगरानी एवं त्वरित उपचार के लिए प्रत्येक जिले में विशेष टीमों का गठन होंगे। साल 2024 में ऑनलाइन और ऑफलाइन मिलाकर कुल 2 लाख 56 हजार 417 लोगों को एईएस की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें डॉक्टर, यूनिसेफ (राज्य टीओटी), स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मचारी, आशा, एएनएम, जीविका सदस्य, पीआरआई सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्य शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अत्यधिक प्रभावित जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सीवान, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर और समस्तीपुर में डेडिकेटेड बेड होगें।

विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग प्रत्यय अमृत ने कहा कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था 24 घंटे सुनिश्चित रहेगी। एइएस के चिकित्सकीय प्रबंधन में उपयोग में आने वाले 13 प्रकार के अनिवार्य उपकरणों का एक एइएस किट तैयार कर प्रभावित जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रति संस्थान 02 एइएस किट दिया गया है। मुजफ्फरपुर जिला के अतिप्रभावित प्रखंडों के स्वास्थ्य संस्थानों में 05 एइएस किट दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 100 एइएस किट राज्य स्तर पर संरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, शशांक शेखर सिन्हा, सीईओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग और आईजीआईएमएस के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर जदयू विधान पार्षद ने अपनी ही सरकार को घेरा

## ट्रांसफर-पोस्टिंग में केवल पत्नियों को तरजीह दी गई है, पतियों का ट्रांसफर नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर जदयू के के संजय कुमार सिंह ने अपनी ही सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग में लिंग भेदभाव किया गया है। सिर्फ पत्नियों का तबादला किया गया है, पतियों का तबादला नहीं किया गया है। वहीं, संजय कुमार सिंह की इस बात पर जदयू के ही मंत्री विजय चौधरी ने चुटकी ली जिसके बाद सदन में जमकर ठहाके लगे। विजय चौधरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि जब पत्नियों को ही पति के पास भेज दिया गया है तो फिर अब पति को कहां भेजें? मंत्री की बात सुनते ही सदन में जोरदार ठहाके लगे। सदन में मौजूद सभी सदस्य हंसने लगे। बता दें कि शिक्षा विभाग ने सोमवार को राज्य के दस हजार, 225 शिक्षकों को उनकी इच्छानुसार जिलों में स्थानांतरित कर दिया है। इनमें 2953 पुरुष और 7272 महिला शिक्षक शामिल हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। स्थानांतरित किए गए शिक्षकों ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से अपने मनपसंद जिलों में अपने स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था। विभाग ने शिक्षकों की इच्छानुसार तबादले के लिए ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दो-शपथ पत्र अपलोड कर आवेदन देने का निर्देश जारी किया था। अब स्थानांतरित शिक्षकों की पदस्थापना के लिए उनके जिलों के सरकारी स्कूल आवंटित किए जाएंगे। साथ ही स्थानांतरित किए गए किसी भी शिक्षक द्वारा ई-पोर्टल कोष पर दी गई किसी भी सूचना को गलत पाया जाता है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा जनवरी में पहले चरण के तहत गंभीर रोगों से ग्रसित 47 नियमित शिक्षकों का तबादला किया गया था। इसके बाद बीपीएससी टीआरई-1 और टीआरई-2 से नियुक्त 260 शिक्षकों (गंभीर रोग से ग्रस्त) का ट्रान्सफर आवेदनों का निपटारा कर दिया गया है। बता दें कि ई-पोर्टल कोष के माध्यम से राज्यभर के एक लाख, नब्बे हजार से भी अधिक शिक्षकों ने अपने पसंदीदा जिलों में अपने तबादले के लिए आवेदन किया था।

# बच्चों के विवाद में चाकूबाजी, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के चंदौती थाना क्षेत्र की फैज कॉलोनी में बच्चों के झगड़े ने सोमवार शाम खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी में खुर्शीद, उनके बेटे दानिश और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोमवार की सुबह एक झोपड़ी में लगे झूला झूलने को लेकर बच्चों के बीच विवाद शुरू हुआ। बच्चों ने एक दूसरे को गाली दे दी। इस बात को लेकर दोनों के बीच मारपीट शुरू हुई। इस बीच एक पक्ष के बुजुर्ग ने डांट-डपट कर बच्चों को भगा दिया, लेकिन शाम ढलते ही एक बार फिर मामला गर्म हो गया। पीड़ित पक्ष के परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह आरिफ नाम के युवक ने उनके भाई को बुलाकर गाली-गलौज की जिस पर दोनों में कहासुनी हो गई। दोपहर तक मामला शांत रहा, लेकिन शाम होते ही आरिफ और प्रिंस नाम के युवकों ने खुर्शीद, दानिश और उनके भाई पर हॉकी और चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में तीनों बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने चंदौती थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने कहा कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

# पटना पुस्तक महोत्सव में कवि शंभू शिखर ने अपनी कविता से लोगों को गुदगुदाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय पुस्तक न्यास, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक महोत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के लाल शंभू शिखर, दिल्ली से आई पद्मिनी शर्मा कवित्री, दिशाश्री दरभंगा, कमल अग्या लखनऊ, अनुभव अज्ञानी उन्नाव ने अपनी काव्य प्रस्तुति से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। शंभू शिखर ने कहा कि मैं बिहार का रहने वाला हूं, यहां शराब बंद हो गयी, मैं दिल्ली जाकर बस गया। दर्शकों को हंसाते हुए उन्होंने कहा कि मैंने मोदी जी से पूछा कि आपकी नीयत, उन्होंने मुझे जवाब दिया कि पाक साफ अंत में इस कार्यक्रम में मौके पर डॉ तिष्या श्री व पदमिनी शर्मा ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पदमिनी शर्मा ने वीणाधारणी मां शारदे, वंदे-शारदे सरस्वती की गीत प्रस्तुत कर किया।




वहीं उन्होंने हास्य कविता के तौर पर एआइ के जमाने के प्यार का मतलब सिखाते हुए कहा कि जर-नजर से मिली और कमाल होने लगा, बयां आंखों से सब हाल होने लगा। उन्होंने कवि शंभु शिखर के बारे में चार पंक्तियों में कहा कि उम्र 72 साल, दिल इलू इलू गाये, रंगीली होली में गाना गाये। वहीं, कवयित्री डॉ तिष्या ने कहा कि लोग पेशे के लिए शौक छोड़ देते हैं, मैंने शौक के लिए पेशे को छोड़ दिया। यह पुस्तक मेला 27 मार्च तक चलेगा। सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। इस कवि सम्मेलन में अशोक धनकर, प्रो नरेंद्र कुमार सिंह बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, अभिमन्यु प्रताप सिंह, आकाश कुमार के साथ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के कई अधिकारी मौजूद थे।

# बनियाडीह गांव में युवक की हत्या कर पेड़ से लटकाया शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाडिह गांव के बधार में मंगलवार की सुबह एक पेड़ से किसी युवक को फांसी पर लटका देख ग्रामीण गांव में शोर मचाने लगे। मृतक गांव का ही सुभाष पासवान था, जिसकी हत्या कर किसी ने साड़ी का फंदा बनाकर उसे लटका दिया था। सूचना मिलने पर उसके परिजन व पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे तथा मामले का जायजा लिया। मृतका की पत्नी विभा देवी, पुत्र सत्यम कुमार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। विभा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी गोतनी और उसकी बेटी तथा अन्य ने मिलकर सोमवार की रात्री को हमलोगों के साथ मारपीट की, जिसके बाद मैं बच्चे के साथ अपने नैहर हेमतपुर चली गई। वहीं पुत्र सत्यम ने बताया कि ननिहाल जाते समय रास्ते में दो हेमलेट लगाये बाइक सवार मेरे पिताजी को अपने साथ लेकर चले गये और संभवतः उनलोगों ने ही मेरे पिताजी की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि इस संबंध में अभी पीड़ित ने कोई आवेदन नहीं दिया है, लेकिन पड़ताल जारी है। शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया है। वहीं मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतित होता है। पुलिस सभी प्रकार से हत्यारों को पकड़ने के प्रयास में जुटी है।

# मसौढ़ी में किसान की बेटी अंशुरानी स्टेट टॉपर, मजदूर का बेटा राजकिशोर बना जिला टॉपर

## अंशुरानी को मिला 469 अंक, राजकिशोर को मिला 461 अंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में इस बार भी बेटियों का ही जलवा दिखा। हर फैकल्टी में लड़कियां आगे रही है। ऐसे में मसौढ़ी के बैरीचक गांव के रहने वाले किसान उपेंद्र यादव की बेटी अंशुरानी स्टेट टॉप फाइव में चौथा स्थान प्राप्त किया है जहां 469 अंक लाकर 93.8 मार्क्स लाए हैं। अंशुरानी के पिता उपेंद्र प्रसाद और माता रीना कुमारी ने बताया कि हमें पहले से ही उम्मीद थी कि हमारी बेटी नाम करेगी अंशु कुमारी धनरूआ के साईं स्थित उसमान जकरीया हाई स्कूल से इंटर की परीक्षा पास की है। उन्होंने कहा है कि आगे चलकर पटना कॉलेज में एडमिशन लेकर पढ़ाई करेंगी और सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करेंगे आईपीएस बनने का जुनून है। वहीं दूसरी ओर मसौढ़ी के बैदौली अपने नाना नानी के यहां रहकर पढ़ाई करने वाले एक मजदूर का बेटा राजकिशोर जिला में टॉप किया है। इसके पिता पंजाब में मजदूरी का काम करते हैं जिन्होंने 461 अंक लाकर जिला में टॉप किया है। राजकिशोर ने बताया कि साइंस में गणित विषय हमारा पसंदीदा है जिसमें 98 मार्क्स लाए हैं। आगे चलकर हम आईपीएस बनना चाहते हैं। वही बेदौली हाई स्कूल से इंटर परीक्षा पास की है। इसके अलावा डीडीएस क्लासेस से सोनू कुमार राय एवं अन्य शिक्षकों को अपना आदर्श माना है।


## आवश्यकता

### राजा गोपाल इंगलिश अकादमी, नबीनगर जिला-औरंगाबाद, बिहार

**बिहार सरकार शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त विद्यालय में निम्नलिखित पदों के लिए योग्य शिक्षकों/कर्मचारियों की आवश्यकता है।**

| पदनाम | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. विज्ञान शिक्षक | 01 | स्नातक विज्ञान, बी.एड./डीएलएड |
| 2. सहायक शिक्षक | 02 | स्नातक कला, बी.एड./डीएलएड |
| 3. कार्यालय सहायक | 01 | इंटर |
| 4. कार्यालय प्रबंधक | 01 | स्नातक |

उपरोक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10 अप्रैल 2025 तक निम्न पता पर आवेदन करें ।

**प्रबंधक**
**राजागोपाल इंगलिश अकादमी**
**मधुर बिहार पथ**
**नबीनगर, जिला-औरंगाबाद**
**बिहार-824301**


# किसान की बेटी इंटर साइंस में टॉपर, मिले 93.8 प्रतिशत अंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** टिकारी के एस एन एस कॉलेज से पढ़ाई कर किसान की बेटी स्वीटी कुमारी ने पूरे गया जिला में बिहार बोर्ड से विज्ञान संकाय में टॉप किया है। स्वीटी कुमारी ने विज्ञान संकाय में 469 अंक (93.8 फीसदी) हासिल कर जिला टॉप किया है। एस एन एस कॉलेज टिकारी की छात्रा स्वीटी आगे चलकर यूपीएससी करना चाहती है। उसके पिता चंद्रदीप यादव किसान व माता किरण देवी गृहिणी हैं जो तरारी गोपालपुर के रहने वाले हैं। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। स्वीटी ने बताया कि अपने नानी के गांव बीकन बिगहा में रहकर मैंने लगन से परीक्षा की तैयारी की थी। स्वीटी अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, नाना नानी व गुरुजनों को देती है। साथ ही कहती है कि आगे चलकर वह यूपीएससी करना चाहती है जिसमें उन्हें अपने परिजनों का सहयोग चाहिए। स्वीटी की सफलता पर उनके घर के लोग खुश हैं। उनके माता-पिता उन्हें मिठाई खिलाकर उनका बधाई दिए। स्वीटी की सफलता से गांव के लोग भी काफी खुश हैं। वह गुरारू के मां शारदे कोचिंग में ट्यूशन पढ़ती थी। कोचिंग के डायरेक्टर मुकेश सर ने कहा कि एक छोटे से मकान में रहकर स्वीटी ने पढ़ाई की और आज वह गया जिला टॉप की है।

# फरार आरोपी को पकड़ने गई एसटीएफ की टीम के साथ स्वजनों की हुई झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** क्षेत्र के भोरी ग्राम में फरार आरोपी को पकड़ने गई एसटीएफ की टीम व आरोपी के स्वजनों के साथ झड़प हो गई। झड़प में दोनों तरफ से फायरिंग करने की भी बात सामने आई है। हालांकि मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारियों द्वारा फायरिंग की घटना से इंकार किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसटीएफ की टीम सादे वर्दी में भोरी ग्राम में पूर्व पैक्स अध्यक्ष वृषकेतु शर्मा के भाई राहुल कुमार को गिरफ्तार करने पहुंची थी। राहुल की गिरफ्तारी का विरोध राहुल के स्वजन करने लगे व एसटीएफ के सादे वर्दी में होने का फायदा उठाते हुए चोर चोर कह ग्रामीणों की भीड़ जुटा ली। ग्रामीणों का भीड़ जुटता देख एसटीएफ पीछे हटी व अपने बचाव में हवाई फायरिंग की वहीं ग्रामीणों द्वारा भी फायर करने की बात सामने आई। एसटीएफ द्वारा सभी स्थानीय थाना को सूचना दी गई जिसके बाद टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल टिकारी, मउ, पंचानपुर व पुरा थाना की पुलिस के साथ गांव पहुंची। भारी संख्या में पुलिस बल को देख भीड़ तीतर बितर हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
### ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rdFloor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002
e-Procurement (Short Tender Notice)

**Letter of Invitation (LOI) No.-22/2024-25 (1st Call)**
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/22/2024-25 Date:-24.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/Strengthening of Bridge at Danro River,Village - Medhana (Belchampa) in 10th Km of Tildag Atola road including Approach Road, Land Acquisition Plan with ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal etc under Garhwa Distict in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under category-II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 3 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 (Twenty thousand only) as Earnest Money. **As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.** |
| 4 | Mode of Bid Submission | e-tendering (https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 5 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 27.03.2025,10:30 AM |
| 6 | Online LastDate/Time of Bid Submission | 09.04.2025, 17:00 PM |
| 7 | Date and Time of Bid opening | 11.04.2025, 17:30 PM |
| 8 | Bid validity | 120 days |
| 9 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

**Note:-** Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 349171 Road (24-25)_D


# सीयूएसबी में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में चार जिलों से जुटे 53 युवा

## नवादा, गया, औरंगाबाद और जहानाबाद जिले के युवाओं ने भाग लिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में चार जिलों से 53 युवा शामिल हुए। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में इस कार्यक्रम का आयोजन सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार मिश्रा (डीएसडब्ल्यू) की देखरेख में मंगलवार को किया गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 को सीयूएसबी ने नोडल संस्थान के रूप में आयोजित किया। कार्यक्रम में आयोजक समिति के सदस्य डॉ. अनिल कुमार के साथ डॉ रिंकी, डॉ. परिजात प्रधान एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक प्राधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करने के पश्चात सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एक साथ चुनाव कराने के फायदे और चुनौतियों पर विचार करने की सलाह दी और विकसित भारत की नींव रखने में युवा शक्ति को बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर प्रो. पवन कुमार मिश्रा (डीएसडब्ल्यू) ने स्वागत भाषण दिया एवं नेहरू युवा केंद्र के जिला पदाधिकारी हेमंत कुमार ने नेहरू युवा क्लब के योगदान पर प्रकाश डाला। सीयूएसबी के एनएसएस समन्वयक प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विश्वविद्यालय के योगदान के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत युवा संसद के गया नोडल जिला में गया के साथ-साथ जहानाबाद नवादा औरंगाबाद के विभिन्न कॉलेज एवं विश्वविद्यालय से 84 छात्रों ने में माइ भारत पोर्टल पर अपना आवेदन दिया जिसमें से 53 प्रतिभागियों को जिला स्तरीय दिवसीय युवा सांसद में भाग लेने का मौका मिला। चार जिलों से आए प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने अपने विचार रखे और कहा कि निरंतर चुनाव के कारण समय, उर्जा और धन तीनों के खर्च अधिक होते हैं ऐसे में एक राष्ट्र एक चुनाव देश को मजबूत करने और सशक्त सरकार निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं प्रतियोगियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव की संवैधानिक चुनौतियां को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुच्छेद 82 और अनुच्छेद 172 में बदलाव करने की आवश्यकता है। छात्रों ने जर्मनी, इंडोनेशिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए कहा कि जब दुसरे देशों में एक राष्ट्र एक चुनाव करवाई जा सकती है तो हमारे यहां क्यों नहीं। अंत में निर्णायक मंडली में सम्मिलित, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, प्रो. अर्चना, डॉ. पूनम कुमारी ने सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को बड़ी गंभीरता से सुना और 10 प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय युवा संसद के लिए चयनित किया।

संपादकीय

# किसान आंदोलन का ये हश्र

पिछले हफ्ते पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर सवा साल से आंदोलनरत किसानों को राज्य की भगवंत मान सरकार ने जिस तरह बुलडोजर चलाकर बेदखल किया, उससे जहां आम जनता को राहत मिली है, वहीं यह भी साबित हो गया है कि किसान आंदोलन कुल मिलाकर राजनीतिक दलों के लिए अपने हित साधने की फुटबॉल बन गया है। जो विपक्ष में रहता है, वो किसानों का समर्थन करता है और सत्ता मिलते ही किसानों को उनकी हैसियत दिखाने में कोताही नहीं करता। जिस बीजेपी ने किसान आंदोलन पार्ट वन में किसानों को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, वही बीजेपी अब पंजाब में आप की मान सरकार पर 'किसान विरोधी' होने का आरोप लगा रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने आप पर किसानों को धोखा देने का आरोप जड़ दिया है। और इसमें सच्चाई भी है। आज से तीन साल पहले दिल्ली में आप और उसके पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कृषि कानूनों का विरोध में आंदोलन पर बैठे किसानों के बड़े हितैषी के रूप में खुद को पेश कर रहे थे, क्योंकि वह आंदोलन मोदी सरकार के खिलाफ था। लेकिन जब वही किसान पंजाब सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे तो उन्हें बदले में बुलडोजर और लाठियां मिलीं। पंजाब पुलिस ने न केवल आंदोलनकारियों के डेरे तंबू उखाड़ फेंके बल्कि यह इंतजाम भी कर दिया कि किसान फिर से सार्वजनिक रस्ता रोकने की हिम्मत न करें। हालांकि किसान कितना मानेंगे, कहना मुश्किल है। दूसरी तरफ इस क्षेत्र के लाखों रहवासियों ने बड़ी राहत महसूस की है, जो रास्ते बंद होने से 13 महीने से भारी परेशानी झेल रहे थे। और कोई होता तो सरकार तुरंत कार्रवाई कर रास्ता खाली कराती, लेकिन चूंकि मामला किसानों का था, इसलिए बार बार बातचीत की बात कही जा रही थी। मान सरकार का तर्क है कि किसानों द्वारा हाईवे की नाकेबंदी के कारण प्रभावित राज्य की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसे पुनर्जीवित करने के लिए कार्रवाई आवश्यक थी। वैसे किसानों की जो मुख्य मांग है, वो है सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी। यह गारंटी कोई भी सरकार नहीं दे सकती, भले ही विपक्ष में रहकर राजनीतिक पार्टियां कुछ भी कहती रहें। दूसरे, जो लोग इतने दिनों से आंदोलन कर रहे हैं, वो वास्तव में कितने किसान हैं, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर कौन किसान अपनी खेती बाड़ी छोड़कर 13 महीने तक धरने बैठा रह सकता है? जाहिर है कि आंदोलनकारी किसान दरअसल वो हैं, जिनके पेट भरे हैं और उनके पीछे एक राजनीतिक एजेंडा कुछ आंदोलनजीवी तत्व हैं, जो देश में असंतोष की मशाल को हमेशा जलती रखना चाहते हैं। तीसरे, किसान आंदोलन की राजनीतिक ताकत को भी सियासी पार्टियों ने समझ लिया है। तीन साल पहले हुए लंबे किसान आंदोलन के बाद देश के तीन राज्यों और लोकसभा के चुनाव हो चुके हैं। इसमें किसान आंदोलन का असर कहीं भी नजर नहीं आया। यहां तक कि जिस पंजाब और हरियाणा राज्यों में किसानों की नाराजगी का बड़ा केन्द्र समझा जा रहा था, वहां भी चुनाव नतीजों पर किसानों की नाराजी का कोई असर नहीं दिखा। किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के छतरी संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ने पंजाब विस चुनाव में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए थे, लेकिन उनमें से कोई भी नहीं जीत सका। यहां तक कि अधिकांश की जमानत जब्त भी हो गई। ऐसे में सवाल उठा कि ये आंदोलनकारी किसान हैं कौन और किसानों पर इनका कितना प्रभाव है? ये किसानों के हितैषी हैं या फिर उनके दुश्मन?

# दृष्टिकोण से विजय तकः भारत किस प्रकार टीबी के विरुद्ध अपनी लड़ाई को नया स्वरूप दे रहा है'



जगत प्रकाश नड्डा

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क में रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (ह्रञ्ज) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूँ कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क में रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (ह्रञ्ज) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुँचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जाँच की गई। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गई। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**टीबी मुक्त भारत अभियान-एक जन आंदोलन-** लेकिन असली गेम-चेंजर सिर्फ़ तकनीक नहीं थी - यह समुदायों की अभूतपूर्व लामबंदी थी। टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहाँ 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज़्यादा गतिविधियाँ की गईं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया। जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया। अभियान अवधि के दौरान त्यौहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हज़ारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ़ 100 दिनों में, 1,05,181 नए निक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को ?500 से बढ़ाकर ?1,000 प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआई < 18.5 किग्रा/मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गईं। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया। 100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुँच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जाँच को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम छोर तक तेज़ और अधिक सटीक जाँच हो सके। भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान। इसी तरह, टीबी मुक्त भारत अभियान अब लोगों के नेतृत्व वाला एक और आंदोलन बन रहा है। जब नवाचार पहुंच से मिलता है, और जब सरकारें, समुदाय और व्यक्ति एकजुट होते हैं तो असंभव वास्तविकता बन जाता है।

**भारत सिर्फ़ टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।**

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## सत्य हमे आत्म-सम्मान दिलाता है



एक राज्य में एक अत्यंत न्यायप्रिय राजा था। वह अपने राज्य में सभी का ध्यान रखता था। वह वेष बदल कर अपने राज्य में भ्रमण करता था ,और अपने राज्य संचालन में निरन्तर सुधार का प्रयत्न करता रहता था। कई दिन उसने अपने राज्य में परेशानियां देखी। कुछ दिन बाद उसने अपने राज्य में एक कानून पारित किया कि -यदि बाजार में किसी का सामान बेचने के बाद रह जाता है,और वह नही बिकता तो उसे राजा खरीद लेंगे।

एक दिन की बात थी, एक चित्रकार का चित्र नही बिक रहा था । उस पर शनि देव की चित्र बना था। वह राजा के पास गया और राजा ने उसे खरीद लिया। उसने अपने राज महल में शनि देव की स्थापन करवाई। स्थापना के अगले दिन ही राजा के स्वप्न में लक्ष्मी जी आई। लक्ष्मी जी ने कहा -राजन,आपने अपने महल में शनि देव की स्थापन करवाई है, मैं अब यहां नही रुक सकती, मैं अब यह से जा रही हूँ। अगले दिन स्वप्न में धर्म आया उसने भी यही कहा और वहां से चल दिया। राजा मन ही मन परेशान हो गया उसके समझ में नही आ रहा था वह क्या करे?

अगले दिन पुनः उसके स्वप्न में सत्य आया उसने भी यही बात कही और जाने लगा, राजा ने अपने कथनानुसार सत्य जा पालन किया था। राजा ने उत्तर में कहा-देव मैंने अपने कथनानुसार सत्य का पालन किया है, आप का जाना न्याय संगत नही होगा। राजा की यह बात यथार्थ थी और सत्य नही गया। कुछ दिनों बाद लक्ष्मी जी और धर्म पुनः वापस आ गए।

आज के समय में सत्य बोलने का सबसे बड़ा फायदा यह है की आप के कहे गए वाक्यो को ,आपको याद करने की आवश्यकता नही होती। सत्य हमे आत्मसम्मान दिलाता है ,हमे अपनी ही दृष्टि में उच्च बनाता है।रात को जब हम निद्रा के लिए जाते है, तो अलौकिक आनंद की अनुभूति करता है। दोस्तों, सत्य का प्रयोग करके देखे उत्तर आप के सामने स्वतः ही आ जायेगा।

# विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है।

ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा है जिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

अमेरिका ने पेरिस समझौते व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं।

यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है और हम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं।

विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

**वैश्वीकरण का विखंडन :** जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा किया और इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्?तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

**प्रौद्योगिकी- वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदानः** प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है।

आज के युग में, सेमीकंडेक?टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआई में देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआई द्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है।

एआई द्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआई को दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

**ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तनः** स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं।

आज, लगभग 70-80 प्रतिशत दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशत सौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैं और इसी तरह लगभग 70 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं।

चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर चुके हैं और जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है।

स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

**बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासनः** ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है। ग्लोबल साउथ, अपने प्रतिनिधित्व और अपनी प्राथमिकताओं दोनों के मामले में हाशिये पर है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गतिरोध बना हुआ है, विश्व व्यापार संगठन में विवाद समाधान तंत्र का अभाव है और कॉप29 बहुत जरूरी जलवायु वित्त पोषण प्रदान करने में विफल रहा है। यूक्रेन से लेकर गाजा और सूडान तक, दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहा है। जैसा कि पीएम मोदी ने बार-बार कहा है, जलवायु परिवर्तन, महामारी और वित्तीय अस्थिरता की आज की चुनौतियां राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं देखती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हम पुरानी संस्थाओं के साथ 21वीं सदी की चुनौतियों से नहीं लड़ सकते। एक नए वैश्विक शासन ढांचे की आवश्यकता है जो ग्लोबल साउथ को अपने केंद्र में रखे और यह स्वीकार करे कि दुनिया अब कुछ चुनिंदा शक्तियों का क्षेत्र नहीं है। यह क्षण भारत के लिए एक वैकल्पिक वैश्विक आर्थिक मॉडल को आकार देने और अधिक समावेशी अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली की वकालत करने का एक अवसर है।

आने वाला दशक वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देगा। भारत उभर रहा है और वैश्विक मंच पर एक व्यावहारिक नेता के रूप में अपनी स्थिति बना रहा है। हम ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने ला रहे हैं जबकि वैश्विक संघर्ष पर एक समझौतावादी रुख अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री का हालिया बयान कि हमें मतभेद के बजाय संवाद पर जोर देना चाहिए, ने वैश्विक स्तर पर एक गूंज पैदा की है। भारत का कूटनीतिक संतुलन इस युग की एक परिभाषित विशेषता बन रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में अशान्ति का वातावरण रहेगा। दस्तावेजों में त्रुटियाँ हो सकती है। मीडिया से जुड़े लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अपनों से बड़ों का आदर करें। काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र के विवाद शान्त होंगे। परिवार में बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। धन के लेन-देन में की गयी चूक, परेशानी का कारण बन सकती है।

**कर्क**
नौकरीपेशा व्यक्तियों का स्थानान्तरण हो सकता है। व्यावसायिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं।

**सिंह**
मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। इसीलिये आपको आज आराम करना चाहिये। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या**
राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्वानों के साथ बैठकर चर्चा कर सकते है। अपनी संगत का ध्यान रखें।

**तुला**
जल्दबाजी में काम करने के कारण आपको नुकसान हो सकता है। सन्तान की परवरिश पर आपको ध्यान देना चाहिये। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। अपनी योग्यता और प्रतिभा को माँझने का प्रयास करें। रुके हुये कार्य आसानी से बन जायेंगे।

**धनु**
आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहने वाला है। नये सम्बन्धों को लेकर परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। अपने लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा न करें।

**मकर**
विद्वान जनों के साथ आपके सम्पर्क बनेंगे। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। समाज में आपको प्रसिद्धि मिलेगी। सरकारी अधिकारियों की मदद से जरूरी काम समय पर हो जायेंगे।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा। घर में अनुशासन की कमी रहेगी। काम समय पर न होने से अशान्ति होगी। कानूनी विवाद आपके पक्ष में हल हो सकते हैं।

**मीन**
उच्च अधिकारी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। दूसरों की आलोचनाओं से आपको दुखी नहीं होना चाहिये।

# कारपेंटर की बेटी संजना ने साइंस में जिला टॉप कर रचा इतिहास

## इंटर का रिजल्ट जारी, छात्र-छात्राओं के चेहरे पर आई मुस्कान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी।** बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा के नतीजे घोषित होते ही गड़हनी प्रखंड के शिवपुर गांव की संजना कुमारी ने जिले में पहला स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। संजना ने साइंस स्ट्रीम में 475 अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। उनके पिता मनोज शर्मा मध्यप्रदेश में कारपेंटर का काम करते हैं, जबकि माता विंध्याचल देवी गृहिणी हैं। संजना ने बताया कि वह रोजाना 8-9 घंटे की पढ़ाई करती थी और ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई का सहारा लिया। इससे पहले उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 440 अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने बताया कि वह आगे एसएससी की तैयारी कर रही हैं और अपनी मेहनत से एक काबिल इंसान बनकर समाज की मदद करना चाहती हैं।





**किसान की बेटी मधुबाला ने आर्ट्स में किया कमाल, बनी जिले की दूसरी टॉपर**

प्रखंड के कुरकुरी पंचायत अंतर्गत दुबौली गांव की मधुबाला कुमारी ने इंटर आर्ट्स में जिले में दूसरा स्थान हासिल कर अपने गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। मधुबाला के पिता रमेश सिंह किसान हैं और माता सुमित्रा देवी गृहिणी हैं। मधुबाला ने बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर सेल्फ स्टडी के बल पर यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि वह घर के कामकाज में हाथ बंटाने के बाद नियमित रूप से विद्यालय जाती थीं और शिक्षकों का पूरा सहयोग उन्हें मिला। आगे वह ग्रेजुएशन के साथ-साथ सिविल सेवा (उच्चूए) की तैयारी करेंगी। अहिरपुरवा की तनु ने साइंस में जिला में तीसरा स्थान हासिल किया। बलिगांव पंचायत के अहिरपुरवा गांव की तनु कुमारी ने इंटर साइंस में 467 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। उनके पिता चनेश्वर सिंह किसान हैं, जो खेती कर अपनी बेटी को आईएएस बनाने का सपना देख रहे हैं। तनु चरपोखरी प्रखंड के सरयू विद्या मंदिर, सेमरांव से पढ़ाई करती थीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. मंसूर आलम ने बताया कि तनु एक मेहनती छात्रा थी, जो हमेशा शिक्षकों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा बढ़ाती थी। तनु ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

**जिले की बेटियों ने बढ़ाया मान,**

गड़हनी की तीन बेटियों ने जिले में अपनी मेधा का परचम लहराया है। संजना, मधुबाला और तनु ने न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेहनत और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है।

## इंटर 2025 में रेस क्लासेस का जलवा, आसिया प्रवीण और रुखसार खातून ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर।** नगर पंचायत स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान रेस क्लासेस ने इंटर परीक्षा 2025 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार भी रेस 30 बैच के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा साबित की। इसमें वार्ड नंबर 18, जगदीशपुर की आसिया प्रवीन ने 445 अंक प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जबकि बिशनटोला की रुखसार खातून ने 413 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराया।

**रुखसार की संघर्षभरी कहानी बनी प्रेरणा**

रुखसार खातून ने अपने जीवन में कई संघर्षों का सामना किया। उनके पिता नहीं हैं, और वे अपने नानी के घर रहकर पढ़ाई करती हैं। उनकी माँ सिलाई कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। रिजल्ट घोषित होते ही उनके घर और परिवार में खुशी का माहौल छा गया।

आसिया प्रवीन और रुखसार खातून ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय रेस क्लासेस के शिक्षकों को दिया। आसिया ने बताया कि उन्होंने मैट्रिक की कोचिंग भी रेस क्लासेस से की थी, जिसमें उन्होंने पूरे जगदीशपुर अनुमंडल में 446 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया था।

**सिविल सर्विस की तैयारी करेंगी दोनों छात्राएं**

आसिया और रुखसार ने बताया कि वे आगे चलकर सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि रेस क्लासेस ऐसा संस्थान है जो संस्थानों के लिए लाभप्रद है।

## नौ सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सेवक संघ ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार राज्य पंचायत सेवक संघ (गोप गुट) भोजपुर के पंचायत सेवकों ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय स्थित जेपी स्मारक पर एक दिवसीय धरना दिया। धरने की अध्यक्षता रविश कुमार पटेल ने की, जबकि संचालन कन्हैया कुमार राम और राजू कुमार ने किया।

इस मौके पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिवों की ग्रेड पे ?2800, क्षेत्रीय भत्ता 2000, गृह जिला में स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति पंचायत, बकाया वेतन, एसीपी, एमएसपी का लाभ देने जैसी मांगें हैं। इसके अलावा, योजनाओं में पंचायत सचिवों की ठेकेदारी खत्म करने की भी मांग की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और पंचायत विभाग ने समय पर इन मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो आगे की रणनीति बनाकर पटना में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उमेश कुमार सुमन ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये कर्मचारी विरोधी हैं। स्थायी पदों पर नियुक्ति नहीं की जा रही है, बल्कि संविदा और ठेका आधारित बहाली की जा रही है, जिससे पंचायत सचिवों को कुशल और अकुशल मजदूरों से भी कम वेतन मिल रहा है। सभा में उपस्थित नेताओं ने पंचायत सेवकों से ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जिला सम्मेलन आयोजित करने की अपील की। साथ ही, यह भी बताया गया कि बिहार कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) का राज्य सम्मेलन 10 से 12 अप्रैल 2025 को बक्सर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भोजपुर के साथी संघ के बैनर के साथ शामिल होंगे।

इस धरना प्रदर्शन में रविश कुमार, भीम कुमार, चंदन, राजीव रंजन राजू, विजय, संतोष, राजीव रंजन पाठक, दिलीप, सतीश, आनंद किशोर, मुकेश, सोनू, मनोहर, संजीत, कैलास, विकास, नरेंद्र शर्मा, प्रवीण, आनंद, सुमन, राम विकेश, विपिन, रविशंकर, जितेंद्र, सुनील, शशिभूषण समेत कई पंचायत सेवक शामिल हुए।

## पांच पंचायतों के लिए बना बबुरा थाना, एसपी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा (भोजपुर)।** जिले के बड़हरा व कोईलवर थाना क्षेत्र के पांच पंचायतों को मिलाकर बनाए गए नए बबुरा थाना का उद्घाटन एसपी मिस्टर राज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एएसपी परिचय कुमार, एसडीपीओ आरा सदर-2 रंजीत सिंह, बड़हरा थानाध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतम चंद, गीधा थानाध्यक्ष उलुश शलमा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। उद्घाटन के बाद एसपी ने कहा कि बबुरा थाना क्षेत्र की जनता अब अपनी शिकायतें पास के थाना में दर्ज करा सकेगी, जिससे उन्हें सुविधा होगी। इससे पहले लोगों को बड़हरा या कोईलवर थाना तक जाना पड़ता था, जिससे काफी परेशानी होती थी। अब यह थाना आरा-बबुरा फोरलेन के अंतर्गत आएगा, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी। एसपी ने बताया कि एसएचओ राजीव रंजन की पोस्टिंग की जा चुकी है और थाना का सरकारी नंबर भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेगी। नए थाना के उद्घाटन के दौरान क्षेत्र के लोग भारी संख्या में मौजूद थे और उन्होंने पुलिस प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया।



## एक नजर

### मुख्यमंत्री परिवहन योजना के तहत चयनित लाभुक को बीडीओ ने दिया चयन पत्र

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत चयनित लाभुकों को बीडीओ द्वारा मंगलवार को चयन पत्र वितरित किया गया। इस योजना के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा ई-रिक्शा की खरीद पर कुल मूल्य का 50% या अधिकतम 70,000 तक का अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार, एंबुलेंस की खरीद पर कुल मूल्य का 50% या अधिकतम 2,00,000 तक का अनुदान सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अनुश्रवण व शिकायत समिति की बैठक

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अनुश्रवण एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक मंगलवार को की गई। समीक्षा के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी सत्रुघ्न साहु ने बताया कि ई-केवाईसी में कुल 1,65,113 किसानों में से 1,64,528 का सत्यापन किया जा चुका है, जबकि शेष 585 सत्यापन कार्य को प्रखंड स्तर से एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेल्फ रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत मात्र 327 मामले प्रखंड स्तर पर लंबित हैं। उसे भी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। किसानों को एनपीसीआई में आधार लिंक करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। अपर समाहर्ता ने सभी भीएनओ को निर्देश दिया कि वे निर्धारित लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा करें। साथ ही, 5% सत्यापन कार्य में तेजी लाने और प्रखंड स्तर पर लंबित सत्यापन कार्य को नियमित पर्यवेक्षण के माध्यम से शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी,आरा सदर,भूमि सुधार उपसमाहर्ता, आरा सदर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### प्रिंस प्रिया ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 461 अंक लाकर शिवाजीनगर का बढ़ाया मान

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बल्लीपुर की छात्रा प्रिंस प्रिया ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 461 अंक प्राप्त कर शिवाजी नगर प्रखंड का मान बढ़ाया है। रिजल्ट जारी होने के बाद बल्लीपुर गांव निवासी पिता साजन कुमार चौधरी और माता रागनी देवी सहित अन्य परिवार के लोग और ग्रामीणों ने खुशी जताया है। छात्र के इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मदन कुमार, वरिय शिक्षक प्रमोद सिंह, नागेंद्र कुमार, रोशन कुमार, दीपक कुमार पासवान, राम कल्याण माझी, प्रवीण कुमार चौधरी, गुड़िया कुमारी, स्मिताकुमारी, संगम कुमारी संतोष कुमार प्रेम कुमार शर्मा समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### कटेया में बनेगा सघन वन, पर्यावरण संरक्षण की पहल

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के कटेया गांव में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की गई है। गांव निवासी नवल किशोर ओझा ने अपने खेत में सघन वन लगाने का संकल्प लिया है, जिसकी शुरुआत पर्यावरणविद् रमेश कुमार ने आम का पौधा लगाकर की। इस अवसर पर पेड़ उपक्रम के सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। पर्यावरणविद् रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्कूल, मंदिर, सड़क किनारे और अन्य जगहों पर पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला पेड़ उपक्रम प्रमुख मुकेश मिश्रा, जल उपक्रम प्रमुख कमलेश सिंह, मीणा ओझा, नित्यानंद ओझा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

### बाबा दिनेश्वर नाथ धाम में भक्तिमय माहौल, शिवचर्चा का आयोजन

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोरैया घाट स्थित बाबा दिनेश्वर नाथ धाम में मंगलवार को शिवचर्चा का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शिवभक्तों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया और बताया कि शिव भक्ति से जीवन के समस्त दुखों और कष्टों का निवारण संभव है। वक्ताओं ने कहा कि शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन सफल और आनंदमय हो जाता है। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने शिव नाम का जाप कर भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा का अनुभव किया।

## पटना में 110 करोड़ की लागत से बनेगा शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया का अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारत के प्रमुख गैर-लाभकारी नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदाता शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया ने पटना में अपने 15वें सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल की स्थापना की घोषणा की है। 110 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल कंकरबाग में 1.60 एकड़ भूमि पर तैयार किया जाएगा। शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया वर्तमान में देशभर के 10 राज्यों में 14 अस्पतालों का संचालन कर रहा है। पटना में बनने वाला यह नया अस्पताल बचाव योग्य अंधत्व को रोकने और नेत्र देखभाल को मजबूत करने के मिशन को आगे बढ़ाएगा। इस अस्पताल में हर साल 30,000 निःशुल्क सर्जरी करने की क्षमता होगी और यह सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं से लैस होगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को विश्व स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इस अस्पताल का संचालन क्रॉस-सब्सिडी मॉडल (75:25) पर होगा, जिसमें 25% भुगतान करने वाले मरीजों से प्राप्त आय का उपयोग 75% आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की मुफ्त सर्जरी के लिए किया जाएगा। अस्पताल में सामान्य नेत्र चिकित्सा के अलावा कई विशेष नेत्र सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी पद्मश्री डॉ. आर.वी. रमणी ने कहा, 'पटना में शंकरा आई अस्पताल के शुभारंभ के साथ, हम उन क्षेत्रों में विश्व स्तरीय नेत्र चिकित्सा ला रहे हैं, जहां अब तक इसकी पहुंच सीमित थी। यह अस्पताल सुनिश्चित करेगा कि बिहार में कोई भी व्यक्ति वित्तीय या भौगोलिक बाधाओं के कारण गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा से वंचित न रह जाए। यह अस्पताल पटना और आसपास के जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के मरीजों को भी सेवाएं प्रदान करेगा।'

## गीधा में पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे का किया गया स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** आरा जाने के दौरान नेशनल हाइवे पर अवस्थित गीधा में पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे का जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि पुलिस की नौकरी छोड़कर समाज सेवा का प्रण लेने वाले पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे इन दिनों 'रन फॉर सेल्फ' अभियान चला रहे हैं। 'सिंघम' नाम से चर्चित पूर्व आईजी शिवदीप लांडे मंगलवार को भोजपुर पहुंचें। इस दौरान गीधा में उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में अमरजीत बिहारी, रमेंद्र नारायण सिंह, पप्पु यादव, सरोज सिंह, उमेश सिंह, कुणाल, रौशन, राधे जी, रवि कुमार नया सिंह, डब्लू सिंह, कुंदन सिंह दिव्यांशु कुमार, शशि महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर आयोजित

### मुख्य अतिथि के रूप में मिजोरम के ग्रामीण विकास मंत्री रहे उपस्थित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मिजोरम के एसटीआई हब द्वारा आइजोल ग्रामीण ब्लॉक की 83 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सीनॉड कॉन्फ्रेंस सेंटर में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल सुरक्षा और आयुर्वेद-आधारित जीवनशैली से जुड़े विषयों में प्रशिक्षित करना था, ताकि वे अपने समुदायों की बेहतर सेवा कर सकें।

इस अवसर पर मिजोरम के राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. लालनिलावमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास निदेशालय, मिजोरम की निदेशक ज़ोरमथांगी च्हांगते विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। अपने संबोधन में उन्होंने बाल एवं मातृ स्वास्थ्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए 'विकसित भारत' की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना में उनकी निरंतर सीखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में केरल स्थित अमृता विश्व विद्यापीठम से एसटीआई हब परियोजना के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. रघु रामन भी शामिल हुए। उन्होंने इस परियोजना की दूरदृष्टि पर चर्चा की और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के महत्व को रेखांकित किया।

## प्योर ने लॉन्च किए उन्नत एनर्जी स्टोरेज प्रोडक्ट्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्ज़ा में अग्रणी कंपनी प्योर ने एनर्जी स्टोरेज के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए प्योर पॉवर प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं। ये उत्पाद आवासीय, व्यावसायिक और ग्रिड अनुप्रयोगों के लिए उन्नत बैटरी तकनीक और एआई-संचालित पावर-इलेक्ट्रॉनिक्स से लैस हैं।

प्योर पॉवर होम की बुकिंग 1 अप्रैल 2025 से मुंबई में शुरू होगी, जिसकी कीमत 74,999 से प्रारंभ है। यह प्रोडक्ट 3 केवीए से 15 केवीए तक की क्षमता में उपलब्ध होगा और 24/7 निर्बाध बिजली सुनिश्चित करेगा। प्योर पॉवर कमर्शियल 25 केवीए से 100 केवीए तक की क्षमता में आएगा, जिससे व्यवसायों को अक्षय ऊर्ज़ा अपनाने में मदद मिलेगी। कंपनी का लक्ष्य अगले 18 महीनों में 300 से अधिक डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ विस्तार करना है। 2026 में प्योर पॉवर ग्रिड लॉन्च किया जाएगा, जो 4 एमडब्ल्यूएच तक की क्षमता वाले बड़े पैमाने के ईएसएस प्रोडक्ट्स के माध्यम से भारत के ग्रिड को स्थिर करने में सहायक होगा। कंपनी के एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, ''यह पहल भारत के डिकार्बनाइजेशन लक्ष्य को समर्थन देती है और नवीकरणीय ऊर्ज़ा को सुलभ बनाती है।''

## इंटर परीक्षा में छात्रों का जलवा

**बिक्रम (नबिटा संवाददाता)।** इंटर के रिजल्ट की घोषणा होते ही बिक्रम के छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बिक्रम के विभिन्न विद्यालयों से जुड़े छात्र छात्राओं ने 94 फीसदी तक अंक लाया है। बिक्रम के एम्बिशस संस्थान के छात्र छात्राओं ने साइंस विषय से दनाडा की सुमन कुमारी ने 500 अंक में 468, सुंदरपुर की नाजिया को 445, साजिया को 436, खोरैठा के उत्सव को 434, दनारा टोला की मीनू को 422, बिक्रम के साहिल कुमार को 421 के साथ बिक्रम की शिल्पा, खुशबू दादुपुर, पुष्पांजलि खोरैठा, एवं निखिल दुल्हीनबाजार को 400 अंक आए हैं।

## मुख्य सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला जनसंपर्क अधिकारी, सहायक आयुक्त वाणिज्यकर विभाग, अपर समाहर्ता, सहायक आयुक्त राज्य कर, जिला खनन अधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला परिवहन अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी कला संस्कृति, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खनन विभाग, उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, कला संस्कृति विभाग, राजस्व विभाग और खेल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देशित किया गया।

# उलार धाम महोत्सव का उद्घाटन, पर्यटन विकास को लेकर बड़े ऐलान

## उलार सूर्य मंदिर को भास्कर कारिडोर से जोड़ने की योजना, लोक कलाकारों ने बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**पालीगंज (पटना)।** दुल्हिनबाजार स्थित ऐतिहासिक उलार सूर्य मंदिर में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में 5वां उलार धाम महोत्सव 2025 आयोजित किया गया। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, जिला परिषद अध्यक्ष अंजू देवी, पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी अमनप्रीत सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि उलार सूर्य मंदिर को भास्कर कैरिडोर से जोड़ा जाएगा, जिससे इसे पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। साथ ही, उलार महोत्सव के लिए मिलने वाली राशि को 8 लाख से बढ़ाकर 16 लाख रुपए करने तथा मंदिर परिसर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 4 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर वर्ष नियमित रूप से उलार महोत्सव आयोजित करने और इसके लिए अनुदान राशि बढ़ाने की मांग रखी। महोत्सव में नवोदय विद्यालय और एसडी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने छठ पर्व की महत्ता पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम पालीगंज अमनप्रीत सिंह ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महोत्सव में भोजपुरी लोक गायिका निशा उपाध्याय, हिंदी गायक धीरज पांडे, सारेगामा फ़ेम स्मिता रक्षित, विवेक कर्ण, जूही यादव समेत कला संस्कृति विभाग के कलाकारों ने बिहार की लोक संस्कृति से जुड़ी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

**महोत्सव में अतिथियों की कम उपस्थिति बनी चर्चा का विषय**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं आमंत्रित 14 अतिथियों में से केवल दो ही लोग पहुंचे, जिससे स्थानीय लोगों के बीच चर्चा बनी रही। यहां तक कि उलार सूर्य मंदिर के महंत एवं संरक्षक अवध बिहारी दास भी कार्यक्रम से नदारद रहे, जो आयोजन को लेकर सवाल खड़े करता है। महोत्सव में सूर्य मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव प्रमोद चंद्रवंशी, सदस्य पवन कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निम्न वर्गीय लिपिक प्रियरंजन कुमार को जिलाधिकारी ने किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जिला भू अर्जन कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक प्रिय रंजन कुमार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वे पदस्थापित प्रखंड कार्यालय संग्रामपुर में पदस्थापित है जो प्रतिनियुक्ति पर जिला भू अर्जन कार्यालय में वर्तमान में पदस्थापित थेद्य जिलाधिकारी जोरवाल को एक व्यक्ति के द्वारा 24 मार्च 2025 को आवेदन समर्पित किया गया जिसमे वर्णित है कि उनकी जमीन का भारत-नेपाल पथ परियोजना भू-अर्जन वाद संख्या-43/15-16 में 4.5 डी. जमीन का अधिग्रहण किया गया है। जिसमें सारे दस्तावेज अंचल कार्यालय, रक्सौल, पूर्वी चम्पारण द्वारा भिजवाने के बाद भी मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा रहा है और अवैध मांग की जा रही हैद्य निलंबित निम्नवर्गीय लिपिक, पदस्थापन प्रखंड कार्यालय संग्रामपुर है, जो प्रतिनियुक्त जिला भू-अर्जन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण का यह आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली-1976 के विरुद्ध है। उक्त कृत्य हेतु प्रथम दृष्टया श्री कुमार को दोषी पाते हुए पत्र निर्गत कि तिथि से निलंबित किया गया है एवं इनका मुख्यालय अनुमंडल कार्यालय, रक्सौल, पूर्वी चम्पारण निर्धारित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्रामपुर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को आदेश दिया गया है कि प्रियरंजन कुमार, प्रखंड कार्यालय, संग्रामपुर प्रतिनियुक्त जिला भू-अर्जन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के विरुद्ध प्रपत्र 'क' में आरोप गठित कर आरोप-पत्र एक सप्ताह के अंदर जिला गोपनीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी और सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला पंचायत राज अधिकारी और सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में प्रथम और द्वितीय चरण के 90% से अधिक सोलर लाइट लगा दिया गया है। प्रथम और द्वितीय चरण अंतर्गत कुल 27490 सोलर लाइट के लक्ष्य के विरुद्ध 25280 सोलर लाइट लगाया गया है। तीसरे चरण के अंतर्गत भी 15790 सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य प्राप्त है।

# वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** अध्यक्ष जिला गंगा समिति सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में जिले में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जिला पदाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण करते हुए सभी को संदेश दिया गया कि नदी संरक्षण और वृक्षारोपण दोनों ही पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इसलिए इन दोनों का महत्व समझते हुए, हमें नदी संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए काम करना चाहिए तथा नदियों को स्वच्छ रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, निदेशक एनईपी सुदर्शन कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा राजेश कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित कुमार द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे द्वारा बताया गया कि नदियां जल संचयन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है तथा यह जलवायु को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि तापमान को नियंत्रित और जैव विविधता को बनाए रखने में भी नदियों और पेड़ पौधों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालयों में भी चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान मंगलवार को गांधी स्मारक इंटर विद्यालय में स्वच्छता संबंधी चित्रकारी एवं रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसका आयोजन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया गया।

# सिविल सर्जन ने एमसीएच बिल्डिंग का किया औचक निरीक्षण

## भंडारपाल की जमकर फटकार लगाई, सीएस ने आपातकालीन बैठक कर दवा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** सिविल सर्जन डॉक्टर रवि भूषण श्रीवास्तव ने आज सदर अस्पताल परिसर स्थित एमसीएच बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया, जिसमें मरीजों को मिलने वाली दवा सहित विभिन्न प्रकार के कमियों को उजागर की और संबंधित कर्मियों की जमकर फटकार लगाई। उन्होंने तुरंत दवा वितरण काउंटर पर ही आपातकालीन बैठक बुलाई एवं दवा शीघ्र उपलब्ध कराने दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के योजनाओं को धरातल पर उतारना सबकी नैतिक जिम्मेवारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मरीजों को मिलनेवाली दवा को ले संबंधित भंडार पाल को फटकार लगाई, जिसके बाद दवा भी उपलब्ध कराई गई। केंद्रीय दवा स्टोर से एमसीएच भवन स्थित नवजात रोग एवं प्रसूती विभाग हेतु दवाईयां उपलब्ध करवाई। साथ ही सभी फार्मासिस्ट या सदर अस्पताल के दवा स्टोर के कर्मी, इंटर्नशिप करने वाले पैरामेडिकल एवं फार्मासिस्ट करने वाले छात्रों को ड्रेस कोड में नहीं रहने पर जमकर फटकार लगाई और कहा कि अनुशासन में नहीं रहने वाले छात्रों का इंटर्नशिप पूरा नहीं हो पायेगा और बाद में इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। वही इसके बाद सीएस डॉ श्रीवास्तव ने प्रसव विभाग, नवजात शिशुओ के वार्ड तथा टीकाकरण कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। साथ ही दवा वितरण काउंटर से संबंधित लोगों को जमकर फटकार लगाई और उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है तो उनका एक दिन का वेतन भी काटा जा सकता है। टीकाकरण केंद्र, लेबर रूम सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया और गलतियों को सुधारने की हिदायत दी। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधक के कार्यों सराहना की एवं ससमय मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने उपधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि सदर अस्पताल में किसी भी प्रकार की समस्या को वे खुद समाधान कर सकते है, इसमें किसी गैर लोगों की दखलअंदाजी न हो द्य इसमें किसी प्रकार के फैसला लेने के लिए वे खुद सक्षम है। मौके पर जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विजय वर्मा, डॉ. राहुल कुमार, अनुश्रवण पदाधिकारी अमानुल्लाह एवं सदर अस्पताल प्रबंधक कौशल किशोर दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सब जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए जिले के सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** इस माह के 27 से 31 मार्च तक पंजाब के लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए जिले से खिलाड़ियोंक दल लुधियाना के लिए मंगलवार को रवाना हुआ। जहानाबाद जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में हुआ है। संगठन स्तरीय इस चैंपियनशिप में जहानाबाद जिले से बिहार के सब जूनियर, अंडर 15 टीम में, आदित्य पुष्कर, विश्वजीत कुमार तथा प्राची कुमारी को शामिल किया गया है। इस आशय की जानकारी जहानाबाद सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष, सुरज कुमार और सचिव रोहन कुमार द्वारा दी गई। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल विभाग, जहानाबाद के वरीय पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, विनय कुमार के द्वारा भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उप समाहर्ता ने उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए पदक तालिका में जगह बनाने एवं बिहार का नाम रोशन करने की बात युवा खिलाड़ियों से की। इस मौके पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, पूनम कुमारी भी मौजूद रही। उन्होंने भी बच्चों को जीत की शुभकामनाएं दी।

# भूतकाल की घटनाओं को समझे बिना वर्तमान को समझना मुश्किल: प्रो. संजय श्रीवास्तव

## मीडिया का काम सरकार से सवाल करना, पिछलग्गू बनना नहीं : राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में 'टीवी न्यूज़ का प्रभाव और चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार, बनकट में किया गया। संगोष्ठी के संरक्षक एवं कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ टीवी पत्रकार राजीव रंजन एवं विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार ब्रजमोहन सिंह उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने किया। अपने संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार राजीव रंजन ने कहा कि मीडिया का मूल कार्य सरकार से सवाल करना है, न कि उसका समर्थन करना। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है, लेकिन ईमानदार पत्रकार अब भी अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। विशिष्ट वक्ता ब्रजमोहन सिंह ने कहा कि टेलीविजन संक्रमण काल से गुजर रहा है। मीडिया की प्रमुख भूमिका लोगों को शिक्षित करना, सूचित करना और मनोरंजन प्रदान करना है। कार्यक्रम में डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र एवं शैलेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा लिखित पुस्तक 'जनमाध्यम के विविध आयाम' का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविजन और न्यू मीडिया के विकास एवं प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई है। संगोष्ठी के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने कहा कि मीडिया को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। संगोष्ठी में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और अतिथियों ने उनका उत्तर दिया। कार्यक्रम में कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, प्रो. प्रणवीर सिंह, शैक्षिक अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. बिमलेश कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डीएम ने दोषियों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग रहा है निगरानी विभाग के अथक प्रयास के बाद भी पूर्वी चंपारण में रिश्वत खोड़ी का खेल बदस्तूर जारी है लगभग एक सप्ताह के अंदर चार रिश्वतखोरी के मामला सामने आए है। अनुमंडल कार्यालय के प्राइवेट कर्मी संतोष कुमार फ्न्प से अटर्नी के रूप में अनुमंडल कार्यालय के न्यायालय में बैठकर काम कर रहा था सीसीटीवी फुटेज से इसकी जांच की जा सकती है रामाज्ञा भगत जिला भू-अर्जन कार्यालय पर भी रिश्वतखोरीका मामला अभी ठंड भी नहीं हुआ था कि एक नजीर होने कार्यालय परिचारी पर प्रिया रंजन कुमार जिला भू-अर्जन कार्यालय के नाजिर एवं बिचौलिया है अर्जुन प्रसाद कार्यालय परिचारी पर लगा है और जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अर्जुन प्रसाद का मुख्यालय चकिया अनुमंडल एवं प्रियरंजन कुमार का मुख्यालय अनुमंडल निर्धारित किया है वर्ष 18 19 में जिला भू-अर्जन सुर्खियों में आया था तब करोड़ों रुपए की हेरा फ़ेरी की गई थी जिला प्रशासन के ध्यान नहीं देने के कारण फिर धीरे-धीरे वैसे लोग हैं उसमें जमा हो गए जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैंद्य जिन्हें पूर्व में जिला भू-अर्जन कार्यालय से हटाया गया था वह फिर से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की वजह से उसने जमा होगा सरकार के इस पर कोई नियंत्रण नहीं अथवा प्रशासन का एक ही कार्यालय में बार-बार पद स्थापना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

# लालू राज में गरीबों, दलितों व पिछड़ों को मिला सम्मान : शिवचंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार में नीतीश कुमार नहीं, बल्कि भाजपा की सरकार चल रही है। राजद सरकार में बिहार में सुशासन था। लालू राज में गरीबों, दलितों, महादलितों और पिछड़ों को सम्मान मिला। उसी कारण बूट पॉलिश करने वाले का बेटा मंत्री बना और पहाड़ पर पत्थर तोड़ने वाली महिला सांसद बनीं। उक्त बातें मंगलवार थाना क्षेत्र के रामगढ़ महुआ गांव में राजद नेता भाग्यनारायन यादव के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कही उन्होंने राजद नेता भाग्यनारायन यादव को राजद का सिपाही व जमीन से जुड़ा हुआ नेता बताया। पूर्व मंत्री श्री राम ने कहा कि अगर तेजस्वी बिहार के मुख्यमंत्री बने तो पेट्रोल, डीजल व गैस सिलेंडर के कीमत कम होगी। वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन में बढ़ोतरी होगी, तथा माताओं व बहनों के खाते में 25-25 सौ रुपये दिये जायेंगे। दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी व दस लाख युवाओं को रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ने व प्रशांत किशोर को बीजेपी का बी टीम बताया। मौके पर बच्चा राय, आलोक राय, मधुसूदन राय आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत श्रमदान कर यमुने नदी के घाटों की हुई सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा गंगा एवं उनकी सहायक नदियों की स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता की महत्ता को बनाए रखने के लिए गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अध्यक्ष जिला गंगा समिति सह जिला पदाधिकारी जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर जिला गंगा समिति जहानाबाद के द्वारा 25 एवं 26 मार्च को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंगलवार को इस अभियान के पहले दिन नगर पंचायत मखदुमपुर के यमुने नदी पर बने कृष्णवंशी घाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में जिला गंगा समिति के नोडल पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मखदुमपुर सीमा कुमारी, वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया तथा स्वच्छता का संदेश देने के लिए घाटों को श्रम दान के तहत साफ सफाई किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नदियों को स्वच्छ रखने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### इंटर परीक्षा में सारण की दो छात्राओं ने किया जिले का नाम रोशन

**छपरा/एकमा (सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। सारण जिले के कोपा व सोनपुर क्षेत्र की दो छात्राओं ने आर्ट्स संकाय में प्रदेश स्तर पर जारी टॉप 5 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। गांधी स्मारक सीनियर सेकेंडरी प्लस टू स्कूल कोपा की छात्रा व सुनील साह की पुत्री आरती कुमारी ने 470 अंक (94 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर टॉप-3 स्थान हासिल किया है। आरती गांधी स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोपा, सारण की छात्रा हैं। इसी तरह सोनपुर के कसमर की सानिया कुमारी ने भी 470 अंक (94 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सानिया कुमारी, उमेश कुमार सिंह की पुत्री व उच्च माध्यमिक विद्यालय, कसमर, सोनपुर की छात्रा हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक अजीत अमर हरिजन, डीपीओ स्थापना प्रियंका रानी, एकमा बीईओ योगेंद्र बैठा, शिक्षा विभाग के मीडिया समन्वयक सहायक अजय कुमार, लायन राकेश कुमार मिश्रा, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, राजेश कुमार यादव, उदय शंकर गुड्डू, अरविंद कुमार, समरेंद्र बहादुर सिंह, अभय सिंह, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, नसीम अख्तर, मो तौकीर अंसारी, कमल कुमार सिंह, कुमार रश्मि रंजन, व्यास सिंह, संजय कुमार भारती, उपेंद्र कुमार यादव, अनीता पांडेय, योगेश कुमार सिंह, अंजू कुमारी, किसलय कुमार, रंजीत कुमार, विकास कुमार आदि के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जल संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करने के लिए नेहरू युवा केंद्र द्वारा मंगलवार को नवोदय बाल मंदिर के प्रांगण में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए सरकार कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर वे प्रभावी नहीं हो पा रही हैं। यदि समय रहते जल संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले समय में स्वच्छ जल की भारी कमी हो सकती है। उन्होंने सभी से पानी की बर्बादी रोकने और जल बचाने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर जल बचाओ, जीवन बचाओ के नारे लगाए गए। इस अवसर पर शिक्षक सुनील सिंह सेकेंड, वंदना कुमारी, अमित कुमार सिंह, आदर्श कुमार पटेल, सुषमा कुमारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मंगलवार को रक्सौल के हरदिया पंचायत स्थित रतनपुर गांव में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई खेसरा संख्या 932 की भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए की गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान रक्सौल सीओ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। गौरतलब है कि स्थानीय निवासी पवन चौरसिया ने इस भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। रक्सौल प्रखंड के पलनवा थाना क्षेत्र स्थित सिद्धपुर भरवलिया गांव में मंगलवार सुबह करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक किसान शिवनाथ साह रोज की तरह सुबह खेतों में गए थे। लौटते समय जब वे अपने खेतों में लगी फसलों को देख रहे थे, तभी पास के ट्रांसफार्मर से गिरे 11,000 वोल्ट के तार की चपेट में आ गए जिनसे उनकी मौत हो गयी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं देने पर डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर नहीं देने पर पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार, 13 मार्च को गढ़वा गांव के समीप अफसर मंसूरी के 17 वर्षीय पुत्र असलम उर्फ भोला की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. हारून रसीद ने शव का पोस्टमार्टम किया, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी। इसके बाद कोटवा थानाध्यक्ष ने स्वयं डॉक्टर से आग्रह किया, क्योंकि इस मामले में त्वरित न्याय की आवश्यकता थी। हालांकि, डॉक्टर ने रिपोर्ट देने से इनकार कर दिया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। आठ दिन बीतने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिलने पर, कोटवा थानाध्यक्ष ने सीएस (सिविल सर्जन) से अनुमति लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई। इस संबंध में कोटवा कांड संख्या 89/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**जहानाबाद।** जहानाबाद स्थित नंदिनी कम्युनिटी हॉल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्टाफ नर्स और एएनएम के लिए एमपीए-अंतरा पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 27 स्टाफ नर्स और एएनएम ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल मास्टर ट्रेनर सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मखदुमपुर डॉ. प्रभात अखौरी, ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कि एमपीए यानि मेड्रॉक्सीप्रोजेस्टेरोन एसीटेट क्या है? इसका उपयोग कब करना है? इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण पहलू पर विस्तार से डॉ अखौरी ने चर्चा किया गया। बताया गया कि डीसीएम धीरज कुमार के समन्वय में सत्र का संचालन किया गया था। वहीं इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया गया कि अभिमुखीकरण का उद्देश्य स्टाफ नर्स और एएनएम की क्षमता को एमपीए को बढ़ावा देने में मजबूत करना है।

### आपरेशन मुस्कान के तहत 120 मोबाइल बरामद

**मोतिहारी।** मोतिहारी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत खोये अथवा चोरी हुई 120 मोबाइल फोन बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस-रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि खोये अथवा चोरी की मोबाइल बरामदगी के लिए आपरेशन मुस्कान के तहत एक विशेष टीम गठित की गयी है। उक्त टीम व जिले के सभी थानाध्यक्षों द्वारा तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर 120 मोबाइल बरामद किया गया है , जिसकी वास्तविक मूल्य करीब 19 लाख रुपये आंका गया है।जिसे आज मोबाइल के वास्तविक मालिकों को सुपूर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चौदह चरणों में अबतक 1353 मोबाइल, जिसका मूल्य करीब 2 करोड़ 80 लाख 51 हजार रुपये बताया जा रहा है। आपरेशन मुस्कान के तहत एसपी के इस पहल से लोगों खुशी की लहर है और सभी एसपी की इस कदम का भूरि- भूरि प्रशंसा करते नही थक रहे हैं। बरामदगी टीम में प्रभारी जिला आसूचना इकाई मनीष कुमार,सिपाही चंदन कुमार, ललन पासवान, विपिन कुमार व जिले के सभी थानाध्यक्ष शामिल थे।

### शातिर चोर रंगेहाथों गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** ट्रेन में चोरी करने वाले एक शातिर चोर मनीष कुमार सहनी को रेल पुलिस ने थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी करके रेल पार्क से रंगेहाथों गिरफ्तार किया।

इसकी जानकारी थानाध्यक्ष श्री कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर मधुबनी का निवासी बताया जाता है जो चलती ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों का सामान पलक झपकते चुराया करता था। इसका खुलासा गिरफ्तार चोर ने अपने स्वीकृति बयान में किया है। चोर की गिरफ्तारी उस वक्त की गयी। जब रेल यात्रा करने वाली एक महिला यात्री खुशी कुमारी ने रेल पुलिस को चोरी की सूचना देते हुए आवेदन देकर चोर का हुलिया बताया। उसने बताया की यात्रा के क्रम में चोर गिरोह ने उसका बैग चुरा लिया था जिसमें पांच हजारों नगदी, गहना, कपड़ा व अन्य कीमती सामान रखा गया था।

# हार और जीत दोनों ही परिस्थितियों में आत्मचिंतन व मंथन करना जरूरी : वीसी

## तीन दिवसीय 7वां अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता आरंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के तिरहुत कृषि महाविद्यालय ढोली परिसर में सातवें अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025 का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों के स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद सबसे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय, विशिष्ट अतिथि विश्वजीत दयाल, सिटी एसपी, मुजफ्फरपुर एवं निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी ने मशाल जलाकर और गुब्बारे उडा कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पांडेय कहा, कि यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में नेतृत्व कौशल, सामुहिक एकता, खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है। हमें विश्वास है कि सभी खिलाडी अपनी बेहतरतम प्रतिभा व क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण जीवन ही खेल का मैदान है। हार और जीत इसके अभिन्न अंग है। एक दिन की हार-जीत से आपके क्षमता का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। हार और जीत दोनों ही परिस्थितियों में आत्मचिंतन व मंथन करना चाहिए। डॉ पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में पिछले दो वर्षों में छात्रों ने देश भर में गेट, नेट सहित कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित किये हैं। 2047 तक देश को विकसित बनाने में आप छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए अभी से प्रयास शुरू कर दें। वहीं अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि सिटी एसपी मुजफ्फरपुर विश्वजीत दयाल ने कहा कि उनके लिए यह गौरव का क्षण है कि वे अपने ही कॉलेज में विशिष्ट अतिथि बनकर आये हैं। कॉलेज में बिताए अपने चार साल को याद करते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय में काफी तेजी से प्रगति हुई है। डिजिटल एग्रीकल्चर में विश्वविद्यालय ने कई कीर्तिमान स्थापित किये है जो पूरे देश में हॉट स्टोरी की तरह चर्चा का विषय है। श्री दयाल ने कहा कि खेल हमें संघर्ष से जीत हासिल करने का हुनर के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व कौशल, सामुहिक प्रयास आदि भी सिखाते हैं। इसके पूर्व निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी ने स्वागत संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के कई छात्र देश और विदेश में अच्छे पदों पर कार्यरत हैं, छात्रों को उन सबसे प्रेरणा लेकर और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। तिरहुत कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार ने मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन किया। बताते चलें कि 25 से 27 मार्च तक चलने वाले इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 19 वैयक्तिक एवं सात टीम इवेंट प्रतिस्पर्धाएं आयोजित किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय के आठ महाविद्यालयों के सात सौ से अधिक छात्र छात्राएं अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। मौके पर डीन टीसीए डॉ पीपी सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ एके सिंह, निदेशक प्रसार डॉ मयंक राय, निदेशक बीज डॉ डीके राय, डॉ महेश कुमार, डॉ नवनीत कुमार, डॉ एके मिश्रा, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महुआड़ मोड़ पर किराना दुकान में चोरी, व्यापारियों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा, औरंगाबाद।** हसपुरा थाना क्षेत्र के एनएच-120 पर स्थित महुआड़ मोड़ पर सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से स्थानीय दुकानदारों में भय का माहौल है। पीड़ित दुकानदार विनोद शर्मा, जो खुदवां थाना क्षेत्र के कस्तुरीपुर गांव के निवासी हैं, ने हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सोमवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन जब उन्होंने दुकान खोलने पहुंचे, तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था और दुकान से सरसों तेल, मसूर दाल, साबुन, शैंपू, चायपत्ती समेत अन्य सामान और गल्ले में रखे करीब पांच हजार रुपये गायब थे। बताया जाता है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। एक घटना का खुलासा भी नहीं हो पाता कि दूसरी चोरी हो जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह हसपुरा शहर के पोस्ट ऑफिस रोड से एक बाइक की चोरी भी हो गई। स्थानीय व्यापारियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



दाउदनगर। प्रखंड सभागार में सात निश्चय योजना पार्ट-2 के अंतर्गत 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डीआरसीसी के सहायक प्रबंधक योजना शमशुल आलम ने की। बैठक में विकास मित्रों को इस योजना की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें इस अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस बैठक में शमशुल हक ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के अंतर्गत 12वीं पास जिनकी आयु 20 से 25 वर्ष तक है उन्हें जो आगे नहीं पढ़े हो या नहीं पढ़ रहे हैं उन्हें 1000 प्रतिमाह 2 वर्षों के लिए सहायता के रूप में दिया जाएगा एवं उन्हें मुफ्त कुशल एवं प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

दर्शन इंस्टीट्यूट कुशल युवा केंद्र, मौलाबाग के निदेशक रोशन कुमार सिन्हा ने बैठक के दौरान कौशल युवा कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावसायिक कौशल भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें उद्योगों की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित करना है।

रोशन कुमार सिन्हा ने सभी युवाओं से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है, जिसे गंवाना नहीं चाहिए। उन्होंने विकास मित्रों से भी आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर युवाओं को इस योजना के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं। उन्होंने अंत में यह भी कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं, और उन्हें सक्षम बनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कौशल विकास से ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। विकास मित्रों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है ताकि योजना का अधिकतम लाभ जरूरतमंद युवाओं तक पहुंच सके। योजना के तहत मिलने वाली सुविधाएं 4 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मैट्रिक के बाद पॉलिटेक्निक या डिप्लोमा करने वाले छात्रों को सहायता दी जाएगी। इंटरमीडिएट के बाद 50 विभिन्न विषयों में पढ़ाई के लिए यह आर्थिक सहयोग उपलब्ध होगा। इस योजना का लाभ केवल 25 वर्ष तक के युवाओं को मिलेगा। तीन महीने का प्रशिक्षण युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण अधिकारी और संस्थान मौजूद रहे, जिन्होंने इस योजना को सफल बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर एसडब्ल्यूओ रवि रंजन और एसडब्ल्यूओ सुरेश कुमार, राजन मिश्रा असिस्टेंट सेंटर कोऑर्डिनेटर, वागीशा एजुकेशनल ट्रस्ट अन्य उपस्थित हुए।

# दहेज हत्या मामले में 24 घंटे के भीतर नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर गांव में दहेज के लिए एक महिला की हत्या कर शव जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर नामजद अभियुक्त सुरदीप चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। सदर एसडीपीओ टू अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रफीगंज थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि ग्राम पोगर में एक महिला की दहेज के लिए हत्या कर उसके शव को जलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल वरीय अधिकारियों को जानकारी दी और मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मृतका के शव को गांव से दूर सुनसान इलाके में जला दिया गया है। शव जलाए जाने वाले स्थान से राख और अन्य अवशेष बरामद किए गए। मृतका के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया।

एसडीपीओ ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस अभियान में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई गीतांजलि कुमारी, एसआई कुशो कुमार और अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# 12वीं का परीक्षाफल जारी होते ही लक्ष्य साइंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग में बन गया जश्न का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** विगत वर्षों की भांति इस बार भी बिहार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में लक्ष्य साईंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग के छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत और उसके समकक्ष अंक लाकर संस्थान का हीं नहीं पूरे जिले का नाम रौशन किया है। अपनी सफलता से उत्साहित व हर्षित छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय संस्थान के चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर के कुशल निर्देशन एवं उनके अनुभवी व विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम को उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं अपने छात्र-छात्राओं की शानदार सफलता को उनके अथक प्रयास और कड़ी मेहनत का परिणाम बताते हुए उनकी सराहना की। इस अवसर पर चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर एवं शिक्षकगण ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने वर्षों से कायम अच्छे अंक प्राप्त करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान में बारहवीं बोर्ड 2026 परीक्षा की तैयारी करने वाले अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी अच्छे अंक प्राप्त करने की प्रेरणा दी है। हालिया संपन्न इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में संस्थान के 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से उतीर्णता हासिल किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में हर्ष कुमार लाभ (458), शानुप्रिया (457), राजीव कुमार (457), माही कुमारी (451), अंशु राज (450), दीपक कुमार (449), राहुल कुमार (446), राजकुमार पांडे (446), गुड़िया कुमारी (445), प्रियंका कुमारी (442), नंदनी कुमारी (438), रित्तिका कुमारी (438), रिषभ कुमारी (433), अभिनव कुमार (432), अभिलाषा कुमारी (432), आदित्य कुमार (432), अभिनंदन कुमार (428) अविनाश कुमार (426), ज्योति कुमारी (425), शुभम कुमार (424), रिचा कुमारी (423), प्रशांत कुमार पुष्पम (422), खुशी कुमारी (420), कोमल कुमारी (420), सचिन कुमार (420), विश्वजीत कुमार (416), सुरज कुमार (415), अभिषेक कुमार (414), अनिकेत कुमार (413), रितेश कुमार (410), वर्षा कुमारी (408), मीनु कुमारी (408), वैष्णवी कुमारी (406), कोमल कुमारी (404), अलिजा फिरदौश (404), मुस्कान कुमारी (403), कविता कुमारी (401), शामिल हैं। मौके पर संस्थान के शिक्षकगण पिन्टू कुमार, रविन्द्र प्रसाद शर्मा, रंजीत कुमार, साकेत कुमार, मुकेश कुमार, पप्पु कुमार, जय कुमार, एल.एन. राय, राकेश सिंह, एस, चन्द्रा, एस.एस. प्रसाद, राजीव कुमार झा, हिमांशु रंजन, पंकज कुमार झा, मुरलीधर रजनी, विकाश कुमार झा, राजेश कुमार, धर्मेंद्र चैधरी, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, सूर्यकांत झा, राज कुमार, प्रो( ) सुजीत शर्मा, रूपेश कुमार, प्रो0 जनार्दन चैधरी, प्रो0 यशवंत राय, सुजीत कुमार, नीतीश कुमार निराला, इत्यादि मौजूद थे।

# पत्रकारिता- संवाद सह पूर्व छात्र समागम विषय पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** स्थानीय जीएमआरडी महाविद्यालय में पत्रकारिता- संवाद सह पूर्व छात्र समागम विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) कुशेश्वर यादव के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर किया गया प्रधानाचार्य ने पत्रकारों व पूर्व सफल छात्र-छात्राओं को शॉल व डायरी सम्मानित किया। प्रो.यादव ने कहा विद्यार्थी हमारे संस्थान की संपति है। 75 प्रतिशत उपस्थिति महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता है। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को परिसर में उपस्थिति की पुनर्स्थापन व कैंपस लाइव पर पहल किया। डॉ.लक्ष्मण यादव ने मीडिया बन्धुओं का परिचय कराते हुए इनका समाज में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यह चैथा स्तंभ के रूप में देश को मजबूत करते हैं। छात्र प्रेरणा की कड़ी में पत्रकारों और नवनियुक्त शिक्षकों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा नियमित रूप से वर्ग करने के लिए प्रेरित किया।

इस कड़ी में पत्रकार राजीव वर्मा ने कॉलेज के प्राचार्य व शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास हेतु धन्यवाद दिया। अमित कुमार ने छात्रों को कॉलेज में नियमित शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। पत्रकार रवि कुमार ने छात्रों के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। बदरुद्दीन जमां ने कहा उक्त कार्यक्रम से पत्रकारों का मनोबल बढ़ता है, उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना की और छात्रों को भी नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित किया। इसी तरह बीपीएससी से चयनित शिक्षक धर्मेंद्र कुमार राय, जितेंद्र कुमार राय, प्रेम कुमार, मधु कुमारी, मनोरमा कुमारी, मो.अरमान और सोनी कुमारी ने छात्राओं को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया और इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की। मुख्य अतिथि प्रो.रामागर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को रोजगारोन्मुख व समाजोपयोगी बनने के लिए सार्थक व महत्वपूर्ण प्रयास पर बल दिया।मंच संचालन डॉ गौतम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ संतोष कुमार द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में डॉ संतोष कुमार, डॉ लक्ष्मण यादव डॉ दिनेश प्रसाद, डॉ सूर्य प्रताप, सुनील कुमार पासवान, अभय कुमार, डॉ अर्चना कुमार, डॉ चंदन कुमार सिन्हा,डॉ जितेंद्र पांडे,डॉ महेश्वरी चैधरी, डॉ मुमताज, रघुवीर, संजय, पिंटू, विभा,गणेश ,प्रवीण व आकाश उपस्थित हुए।

# किसानों के धरना-प्रदर्शन के समर्थन में निकली बाइक रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज, औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर परियोजना से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 70वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले दर्जनों गांवों से किसान बाइक रैली निकालते हुए धरना स्थल पहुंचे। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन भी किया गया।

**बाइक रैली और नुक्कड़ सभा से मिला समर्थन**

धरना की अध्यक्षता लड्डू खां और डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव ने किया। इस दौरान लड्डू खां ने बताया कि वे धरना स्थल पर रोजे के साथ संघर्षरत हैं। डॉ. तुलसी यादव और सिद्धी यादव ने कहा कि उत्तर कोयल नहर के कुट-कुट डैम में फाटक लगाने, अंगरा, कोटवारा एवं चेई नवादा शाखा के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की मांग को लेकर 15 जनवरी से अनिश्चितकालीन महाधरना जारी है। जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

मंगलवार को प्रगतिशील किसान संघ, किसान मजदूर मोर्चा सहित कई संगठनों के किसानों ने बाइक रैली निकाली। संतोष गिरी और रामचंद्र आज़ाद ने बताया कि यह रैली गुरारू से शुरू होकर मथुरापुर, भरहा, ईटवां, कासमा होते हुए रफीगंज धरना स्थल पहुंची। इसके बाद कोच, टेकारी होते हुए इस्माइलपुर में समाप्त हुई।

**10 अप्रैल को किसान महापंचायत का ऐलान**

धरना स्थल पर आयोजित सभा में किसानों को 10 अप्रैल को ज़करिया में होने वाली किसान महापंचायत में भाग लेने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन गरीब किसानों के हित में है और इसे मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होना होगा।

इस मौके पर मुखिया लक्ष्मण यादव, विसुन यादव, चंद्रशेखर आजाद, डॉ. शिवनंदन यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, भोला बर्मा, लालधारी चौधरी, शिवसंत शर्मा, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, कमलेश कुमार निरज, कामेश्वर यादव, गणौरी यादव, बुदुल यादव, सूर्यदेव यादव, उमेश यादव, खेलावन सिंह, अवधेश यादव, अर्जुन यादव, अजय यादव और सुरेंद्र यादव समेत विभिन्न गांवों के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# प्रखंड परिचारी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा, औरंगाबाद।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत परिचारी रामचंद्र प्रसाद के निधन की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जैसे ही कार्यालय खुला, कर्मचारियों को उनके इलाज के दौरान निधन की जानकारी मिली। इस खबर के बाद बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान सीओ कैशल्या कुमारी सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शोक सभा में सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसके बाद कार्यालय को बंद कर दिया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, प्रधान लिपिक तुलसी राम, पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पंसस प्रतिनिधि जयप्रकाश कुमार, संजीत कुमार, शाह फैसल और एजाज समेत अन्य लोगों ने दिवंगत रामचंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विश्व यक्ष्मा दिवस पर टीबी रोगियों की सहायता का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर टीबी रोगियों की सहायता के लिए जन भागीदारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि टीबी के सभी रोगियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए निशुल्क जांच और दवा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यक्ष्मा जागरूकता पर दिया जोर डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्व यक्ष्मा (टीबी) दिवस का उद्देश्य इस बीमारी के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और टीबी को खत्म करने के लिए प्रयास तेज करना है। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लाखों लोग टीबी से संक्रमित होते हैं। हालांकि, यह संक्रामक बीमारी लाइलाज नहीं है। यदि समय पर उपचार शुरू किया जाए तो इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर यक्ष्मा सुपरवाइजर निर्भय कुमार सिंह, लैब सुपरवाइजर सैयद नदीम अख्तर, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, रिंकी कुमारी, गुड़िया कुमारी और ज्योति कुमारी ने टीबी उन्मूलन में सहयोग का संकल्प लिया।

# ऋषिका ने बारहवीं की परीक्षा में लाया 75 प्रतिशत अंक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के राजर्षि विद्या मंदिर की छात्रा ऋषिका ने बारहवीं (कला) की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। ऋषिका रमेश कुमार सिंह की बेटी है और उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया है। ऋषिका ने दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई डीएवी, औरंगाबाद से की है और वह मोनिका श्रीवास्तव को अपना आर्दश मानती है वहीं ऋषिका भविष्य में मोनिका श्रीवास्तव की तरह ही यूपीएससी पास करना चाहती है।

# मॉडर्न साइंस कोचिंग के छात्र-छात्राओं का रहा जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** शहर के काशीपुर स्थित मॉडर्न साइंस कोचिंग के छात्र लगातार कई वर्षो से इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय की परीक्षा में एकतरफा दब दबा बनाये हुए है। यह परंपरा 2025 में भी जारी रही। छात्रों की सफलता से आह्वलादित कोचिंग के निदेशक सचिन कुमार ने बताया कि इस वर्ष भी 98 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता पायी है। अभी तक की जानकारी के अनुसार इनमें से संस्था मो0 शादिर इमाम ने 451 अंक लाकर संस्थान को गौरान्वित किया है। वहीं शिवम कुमार 449, अजमत इमाम 434, सुमन कुमारी 434, कुंदन कुमार 434, नंदनी कुमारी 423, सानिया परवीन 419, शिवम कुमार 414, मो0 कैश 413, मिताली कुमारी 415, नीतीश कुमार 411, मिंटू कुमार 403 अंक प्राप्त किये। तमाम सफल छात्र-छात्राओं को निदेशक सचिन कुमार, चैयरमैन अनिल कुमार एवं सभी शिक्षकों ने बधाई दी है। वहीं छात्रों ने उच्च शैक्षणिक व स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल देने केलिए निदेशक सहित शिक्षकों का आभार प्रकट किया है। छात्रों ने कहा कि हमारी सफलता का श्रेय कोचिंग के माहौल को जाता है।

# 454 अंक के साथ रूबी ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के ब्लॉक मोड़ के निकट 12 वीं का परिणाम घोषित किया गया हैं जिसमें सत्यप्रकाश आर्ट्स क्लासेस के छात्रों में रूबी कुमारी ने टॉप किया है। रूबी ने 454 अंक हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर चितरंजन कुमार हैं जिसने 427 अंक प्राप्त किए हैं। जबकि निर्मल कुमारी ने 402 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इस बार संस्थान में 454 अंक के साथ प्रथम स्थान रूबी कुमारी, 427 अंक के साथ द्वितीय स्थान चितरंजन कुमार, 402 अंक के साथ तृतीय स्थान निर्मल कुमारी, 365 अंक के साथ विवेक कुमार, 322 अंक के साथ दीप कुमार, 334 अंक के साथ पायल कुमारी, 300 अंक के साथ सजन कुमार, 328 अंक के साथ मुस्कान, 313 अंक के साथ आयुष कुमार, 302 अंक के साथ नीलू, 294 अंक के साथ पिंकी कुमारी, 288 अंक के साथ नंदनी एवं 260 अंक के साथ रिया कुमारी ने बाजी मारी हैं।

# अरफिया प्रवीण ने इंटर आर्ट्स में जिला में हासिल किया तीसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज।** औरंगाबाद जिले के रफीगंज स्थित उच्च विद्यालय लोहरा की छात्रा अरफिया प्रवीण ने इंटरमीडिएट आर्ट्स में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अरफिया ने 454 अंक हासिल किए, जिससे उसके परिवार और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अरफिया प्रवीण कासमा थाना क्षेत्र के लोहरा पंचायत स्थित बुधौल गांव की रहने वाली है। उसके पिता मो. अकबर अंसारी किसान हैं, जबकि मां साजदा खातून आंगनबाड़ी सेविका के रूप में कार्यरत हैं। अरफिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई और शिक्षकों को दिया। अरफिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के बुधौल विद्यालय से प्राप्त की और लोहरा से मैट्रिक व इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर छात्र-छात्राएं बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं। आगे वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहती है। अरफिया की सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है। मुखिया प्रतिनिधि इमरान ताहिर और परिजनों ने उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि अरफिया ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है। उसकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा है।

# बरौनी रिफाइनरी में विश्व जल दिवस का आयोजन

## ग्लेशियर संरक्षण विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय( बरौनी रिफाइनरी में विश्व जल दिवस के अवसर पर ''ग्लेशियर संरक्षण'' विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में जल संरक्षण की आवश्यकता और पर्यावरणीय स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उप महाप्रबंधक (एचएसई) आर.के. सामद द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें जल संरक्षण की आवश्यकता और सामूहिक उत्तरदायित्व पर बल दिया गया। इसके पश्चात कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश के नेतृत्व में सभी उपस्थितजनों ने जल संरक्षण की शपथ ली। उन्होंने जलवायु




परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित करते हुए जल संरक्षण के तत्काल उपायों पर जोर दिया। कार्यक्रम में वाड्स फाउंडेशन के इंद्रनील घोष ने जल संरक्षण पर जागरूकता सत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने भूजल पुनर्भरण के व्यावहारिक उपाय साझा किए। इसके अलावा, शशि भूषण पांडेय द्वारा 'मैजिक पिट' की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया, जिससे ग्रे वाटर के क्षैतिज प्रवाह द्वारा भूजल स्तर बढ़ाने की विधि प्रदर्शित की गई।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रिफाइनरी कर्मचारियों एवं टाउनशिपवासियों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन 'मैजिक पिट सिस्टम' के सजीव प्रदर्शन एवं संवाद सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को जल संरक्षण के सरल एवं प्रभावशाली उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस.के. सरकार एवं मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं व एचएसई) हंसराज गणवीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेगूसराय।** विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के अवसर पर ''हाँ, हम टीबी समाप्त कर सकते हैं ऽ संकल्प लें, निवेश करें, कार्य करें'' थीम के तहत बरौनी रिफाइनरी द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को रिफाइनरी अस्पताल द्वारा टीबी जागरूकता के लिए प्रभात फ़ेरी (वॉकथॉन) का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने किया। इस रैली में बीआर टाउनशिप के निवासियों, सीआईएसएफ कर्मियों एवं उनके परिवारजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने क्षय रोग उन्मूलन से संबंधित संदेशों वाले बैनर एवं तख्तियों के साथ मार्च किया। कार्यक्रम के अंत में ी सत्य प्रकाश ने सभी को टीबी मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके आश्रितों के लिए एक विशेष टीबी जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसका सभी ने लाभ उठाया। छात्रों ने अपने समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इन कार्यक्रमों ने समाज में क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस अभियान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### तालाब में स्नान के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** मंगलवार की दोपहर नीगा पंचायत में तालाब में स्नान करने गए बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय साहनी के पुत्र 10 वर्षीय राजा कुमार, वार्ड नंबर 6 पछियारी टोला नीगा पंचायत तालाब में डूबने से मौत हो गई। इसकी सूचना पंचायत के मुखिया मोहम्मद हुकूमत के द्वारा बरौनी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन कुमार ठाकुर घटना स्थल पर पहुंची। मौके पर राजस्व कर्मचारी, नीरज कुमार, मुखिया मोहम्मद हुकूमत ,विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

### कुल्हड़िया की प्रिया को मिला जिले में तीसरा स्थान

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** प्रखंड के कुल्हड़िया गांव की प्रिया कुमारी इंटर की परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान पाई है।साधारण परिवार में जन्मी प्रिया ने गांव के विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर घर से परीक्षा की तैयारी की और 459 अंक लाकर जिले में तीसरे स्थान पर रही।पिता मनोज कुमार सिंह व मां विनीता देवी ने बताया कि के उसने गांव के ही मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा दी। प्रिया ने बताया कि उसने छह से आठ घंटे रोज पढ़ाई की और पूरे जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय दादी सुशीला देवी के साथ साथ मां पिता व अपने शिक्षकों को दी है। प्रिया ने बताया कि उसकी इच्छा बीपीएससी व बैंकिंग सेवा में जाने की है।

### कॉमर्स में तृतीय स्थान प्राप्त कर चांदनी ने बढ़ाया मान

**तेघरा (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** जिले में कॉमर्स विषय में तृतीय स्थान प्राप्त कर चांदनी कुमारी ने अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। तियाय हाई स्कूल की छात्रा चांदनी ने जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे गांव में हर्ष का माहौल है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत चौधरी ने चांदनी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। चांदनी के पिता मुकेश चौधरी और दादा उमाकांत चौधरी ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।


### पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीण परेशान

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** बखरी प्रखंड के गंगरहो गांव में पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे एक दर्जन से अधिक उपभोक्ता अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर का फ़ेज उड़ जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है, लेकिन शिकायत के बावजूद विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। विद्युत कनीय अभियंता (जेई) रवि कुमार ने बताया कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी, लेकिन जल्द ही इसे दुरुस्त कराया जाएगा।

### बखरी में ट्रक की टक्कर से टूटी टहनी, सड़क पर गिरने से यातायात बाधित

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** मंगलवार सुबह 7 बजे बखरी के मध्य विद्यालय सोनमा सिमरी स्कूल गेट के समीप एक बड़ा हादसा हुआ। एक अज्ञात ट्रक जलेबी के पुराने पेड़ की टहनी से टकरा गया। ट्रक तो आगे निकल गया, लेकिन टहनी पीछे आ रही पिकअप मालगाड़ी पर गिर गई, जिससे पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर गाड़ी में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला गया, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आईं और उनके हाथ की एक अंगुली टूट गई। पिकअप (गाड़ी संख्याः उट33क्षए-0802) बखरी से गढ़पुरा की ओर जा रही थी। इस घटना से बखरी-गढ़पुरा मार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से पेड़ की टहनी को हटाया। वार्ड सदस्य मोहम्मद नसीम, मोहम्मद इसराफिल, जगदीश राम और बेचन पासवान के सहयोग से सड़क को पूरी तरह से साफ किया गया, जिसके बाद यातायात बहाल हुआ।

### रुकैया फातिमा ने जिले का नाम किया रोशन



**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददराता)।** तेघड़ा अनुमंडल के बीएन हाई स्कूल तेयाय की छात्रा रुकैया फातिमा ने इंटर परीक्षा में वाणिज्य संकाय से पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। रुकैया ने 94.2% अंक (471 अंक) हासिल किए हैं। रुकैया की इस उपलब्धि से उनके गांव और जिले में खुशी का माहौल है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाली रुकैया छह बहनों में चौथे स्थान पर हैं। उनके पिता मोहम्मद अबू सलेम कोलकाता में बीड़ी कारोबार करते हैं और परिवार का भरण-पोषण करते हैं। रुकैया का सपना IAS अधिकारी बनने का है, जिसके लिए वह UPSC की तैयारी करेंगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता और शिक्षकों को दिया है। रुकैया ने कहा, ''अगर मन में नकारात्मक सोच नहीं रखी जाए और लक्ष्य पर फोकस किया जाए, तो सफलता जरूर मिलती है।''

# अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसनखावां मरलाही नदी में खान निरीक्षक के नेतृत्व में रविवार को की गई छापेमारी में बालू लदा तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। इस क्रम एक ट्रैक्टर चालक सह मालिक कुटरी ग्रामीण अनिल कुमार को गिरफ्तार भी किया गया। जबकि अन्य दो चालक भागने में सफल हो गया। इस बाबत खान निरीक्षक संतोष प्रकाश झा के आवेदन पर नाजायज तरीके से बालू उत्खनन करने के मामले में नौ



लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि थाना क्षेत्र के दरियापुर ग्रामीण सुमन कुमार, माफी के पप्पू सिंह, नारोमुरार के चन्दन सिंह, मसनखावा गांव के विजय यादव उर्फ विजो यादव, गुडु यादव, मारुति यादव, रंजीत यादव, विकास यादव तथा दिनेश यादव द्वारा वासोचक स्थित पावर ग्रीड के आस पास से बालू उठाव किया जाता है जिससे ग्रिड क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। प्राथमिकी में जब्त महेंद्रा ट्रैक्टर पर 101075, लाल रंग की महेंद्रा ट्रैक्टर पर 100538 तथा नीला रंग स्वराज ट्रैक्टर पर 100269 रुपए का जुर्माना किया गया है। जबकि अन्य बालू उत्खनन में शामिल आरोपियों से संयुक्त रूप से 2107000 रुपए का जुर्माना किया गया है। गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक को पुलिस अभिरक्षा में व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया गया है।

# नावकोठी में जीविका का रोजगार मेला आयोजित

## 15 कंपनियों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत जीविका नावकोठी द्वारा मंगलवार को रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सन्नी कुमार सौरव, प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीवी पांडेय, अंचलाधिकारी सूरज कुमार एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि एसडीओ सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि जीविका युवाओं को हुनरमंद बनाने और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए जीविका के प्रयासों की सराहना की। रोजगार मेले में 15 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। खबर लिखे जाने तक 805 अभ्यर्थियों ने निबंधन कराया, जिनमें से 368 का सीधी भर्ती में चयन हुआ। वहीं, डीडीयू-जीकेवाई में 26, आरसेटी में 132 एवं अन्य संस्थानों में भी युवाओं को प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया।

कार्यक्रम में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जीविका की बीपीएम मनोरंजन कुमार, रोजगार प्रबंधक सुधीर कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# माउंट लिट्रा में धूमधाम से मनाया गया ग्रेजुएशन डे

## यह एक नई यात्रा की शुरुआत : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर किड्जी और माउंट लिट्रा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मासूम मुस्कान और रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शीतल एवं अभिभावकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य और शानदार प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया। जब नन्हे-नन्हे बच्चों को ग्रेजुएशन कैप पहनाई गई और प्रमाण पत्र वितरित किए गए, तो पूरा वातावरण भावनाओं से भर गया। प्रधानाचार्या डॉ. शीतल ने कहा



कि बचपन की यह छोटी-सी उड़ान ही आगे चलकर बड़ी ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा बनती है। शिक्षा सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह बच्चों के संपूर्ण विकास का माध्यम है। विद्यालय के निदेशक डॉ. मनीष देवा ने कहा, ''हर बच्चा अपने आप में एक अनमोल रत्न है। उसे सही मार्गदर्शन से निखारा जा सकता है। ग्रेजुएशन डे सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है।''

# भाकपा ने नगर परिषद कार्यालय पर दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तेघरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि दो साल पहले तेघरा को स्वर्ग बनाने का सपना दिखाकर जनता को ठगा गया, लेकिन आज नगर की स्थिति बदहाल हो चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विकास की राशि लूटने के लिए फुटपाथी दुकानदारों को जबरन हटाकर फ़ेवर ब्लॉक बिछाए जा रहे हैं और फिर उन्हें उखाड़कर नाले बनाए जाएंगे। इस कथित भ्रष्टाचार की जांच और विकास कार्यों का हिसाब मांगने के लिए भाकपा ने यह प्रदर्शन किया। सभा को पार्टी के राज्य परिषद सदस्य चंद्र भूषण सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तेघरा में भ्रष्टाचार चरम पर है, नल-जल योजना फ़ेल हो चुकी है और इसकी राशि की लूट हो रही है। अंचल सचिव परमानंद सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कर अविलंब कार्रवाई की जाए, अन्यथा जनता खुद कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगी।

धरने के दौरान पूर्व पार्षद सनातन सिंह के नेतृत्व में एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाकपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भंडारा के साथ सम्पन्न

## सात दिनों तक चला यज्ञ का कार्यक्रम



### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, भक्तिमय हुआ माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत की पड़रिया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ मंगलवार को भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। सुबह से ही ग्रामीण व श्रद्धालुओं ने भंडारे की तैयारी में जुट गये। ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने भव्य तरीके से भंडारे का आयोजन किया।प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, हलवा के अलावा लड्डू बनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों के अलावा आसपास गांव के साथ दूर दराज के श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से प्रसाद का रसास्वादन किया। इस प्रसाद को पाने के लिए काफी संख्या में बच्चे, बुड्ढे, युवाओं के साथ पुरुषों व महिलाओं ने अटूट आस्था के साथ प्रसाद का सेवन कर अपने जीवन को धन्य कहा। कहते हैं कि यज्ञ का प्रसाद बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है।यह अमृत तुल्य प्रसाद खाकर जीवन सफल हो गया।यह कार्यक्रम देर तक चलता रहा। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित ठाकुर स्थान के परिसर में किया गया।लोग कहते हैं कि महायज्ञ व हवन पूजा व भंडारे होने से सारा वातावरण भक्तिमय होते रहा। मौके पर ग्रामीण सह श्रद्धालु विनय कुमार उर्फ अनिल सिंह व उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी, सुधीर सिंह उर्फ सतीश सिंह, विजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुलेश्वर सिंह, दामोदर सिंह, रामाधीन सिंह, विनय कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, रंजीत कुमार, सुबोध कुमार, सुधीर कुमार सिन्हा, सुनील सिंह, निखिल ज्योति समेत काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लिए।

# सभी वृद्धों को मिलेगा दो हजार मासिक पेंशन : प्रशांत किशोर

## 15 साल से कम उम्र के बच्चों की निजी स्कूलों की फीस सरकार भरेगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार को अपनी जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत महाकवि दिनकर की धरती बेगूसराय पहुंचे। उनके आगमन पर सिमरिया धाम गोलंबर, चांदनी चौक बीहट, वीर कुंवर सिंह चौक, सुभाष चौक, दिनकर गोलंबर जीरो माइल, मोती चौक, मिर्चैया चौक, दिन दयाल चौक, बरौनी गांव और तेघरा चौक सहित कई स्थानों पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। तेघरा प्रखंड में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को ?2000 मासिक



पेंशन दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद बिहार के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने का संकल्प लेते हुए कहा कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाता, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों की निजी स्कूलों की फीस सरकार वहन करेगी। ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर सकें।

# 13 शराबी सहित दो महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** उत्पाद निषेध टीम रक्सौल ने उत्पाद सब इंस्पेक्टर भुवन रंजन के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करके पिछले चौबीस घंटे के दौरान दो शातिर महिला तस्कर को 38 बोतल शराब के साथ व तेरह पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया।

इसकी जानकारी उत्पाद सब इंस्पेक्टर श्री रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला तस्कर को उस वक्त गिरफ्तार किया। जब दोनों वीरगंज नेपाल से शराब का खेप अपने शरीर में छुपा कर कोईरिया टोला नहर रोड की ओर डिलेवरी देने ले जा रही थी।गुप्त सूचना पर उसे पकड़कर अवकारी थाना लाया गया। जब महिला पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तो उनके शरीर के भीतर से उक्त शराब की बोतल नेपाली कस्तूरी बरामद हुआ। शराब बरामदगी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान उत्पाद पुलिस ने तेरह संधिग्ध लोगों को पकड़ ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जिसमें सभी पॉजिटिव पाये गये। टेस्ट में पॉजिटिव आने वाले सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में अलग अलग केस दर्ज करके गिरफ्तार लोगों को मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही गिरफ्तार दोनों महिला तस्कर नेपाली स्टेशन मुहल्ले की निवासी बताये जाते है। महिला तस्कर की गिरफ्तारी के बाद सीमा पर संधिग्ध महिलाओं की चेकिंग तेज कर दिया गया है।

# बहू ने सास को बल्ले से मार किया जख्मी

## सास ने बहू द्वारा प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** मुरारपुर में एक बहू ने अपनी सास के सिर पर लकड़ी के बल्ले से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। दयमंती देवी ने अपनी बहू बेबी विशाखा और उसके माता-पिता संसार देवी और रामेश्वर प्रसाद पर उन्हें और उनके पति को लगातार प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

23 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब दयमंती देवी अपने घर की छत पर कपड़े समेट रही थीं। उनकी बहू बेबी विशाखा और उसकी मां संसार देवी लकड़ी के बल्ले लेकर आईं और उन्हें गालियां देने लगीं। उन्होंने दयमंती देवी पर हमला किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर, दयमंती देवी के पति उन्हें बचाने के लिए आए। इसी बीच, संसार देवी ने बेबी विशाखा को अपनी सास के सिर पर हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद बेबी विशाखा ने लकड़ी के बल्ले से दयमंती देवी के सिर पर जोरदार प्रहार किया। इस हमले से दयमंती देवी का सिर फट गया और खून बहने लगा। दयमंती देवी ने आरोप लगाया है कि जब वह खून से लथपथ हालत में थाने में शिकायत दर्ज कराने गईं, तो पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज करने के बजाय उन्हें डांटकर भगा दिया।

### बिजली के चपेट में आने से मवेशी की मौत

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के बस्ती गांव में बिजली की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर मौत हो गई। हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने बताया कि बस्ती गांव के टुनटुन पासवान उर्फ लिबु पासवान के मवेशी गांव के उत्तर दिशा में शाम में खेत में घास चर रहा था। उसी दौरान बिजली की चपेट में आने से मवेशी बुरी तरह से झुलस गई। कुछ ही देर के बाद मवेशी की मौत हो गई। पशुपालक ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति खेत पटवन के लिए तार खंदे में ले गया था। बीच-बीच में कटपीस तार रहने के वजह से मवेशी करंट की संपर्क में आ गया। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना स्थानीय हरनौत थाना पुलिस को दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता शिक्षक मां आशा पुत्र बना जिला टॉपर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम मंगलवार की दोपहर घोषित हो गया है। इस बार टीपीवर्मा कॉलेज नरकटियागंज के लड़के व लड़कियों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। धुमनगर पंचायत के चांदपुर लालीगढ़ही निवासी विवेक कुमार 464 अंक लेकर जिला टॉपर की सूची में अपना स्थान बनाया है। विवेक ने बताया कि वह बिहार लोक सेवा आयोग की तैयारी कर राजपत्रित अधिकारी बनना चाहता है। विवेक के पिता मदन राम प्राथमिक विद्यालय उर्दू गदियानी टोला में शिक्षक हैं तो उसकी मां शुभावती देवी आशा कार्यकर्ता हैं। उसके माता पिता ने बताया कि वह शुरू से ही मेधावी रहा है। विवेक नरकटियागंज प्लस टू उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा में भी 436 अंक लाकर अनुमंडल टॉपर रहा है। वही विवेक की सफलता पर कालेज के प्राचार्य डा. सुरेन्द्र राय, प्रधान लिपिक मनोज दुबे समेत कालेज के शिक्षक व कर्मिया ने बधाई दिया है। प्राचार्य श्री राय ने बताया कि यह हर्ष की बात है कि हमारे कालेज के छात्र छात्रा इस बार भी अव्वल रहे हैं। बता दे कि विवेक जिले में तीसरा टॉपर है। इधर विवेक की सफलता पर पंचायत के मुखिया रश्मि कुमारी ने विवेक को शुभकामनाएं दी और पंचायत स्तर पर सम्मानित करने को घोषणा की है।

### पीएम आवास योजना के तहत लाभुकों को मिले प्रथम किस्त

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभागीय निर्देशालोक में एवं जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में 24 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 10 लाभुकों को गृह प्रवेश की चाबी एवं सैंक्शन लेटर दियागया। इस क्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभागीय मंत्री एवं सचिव जुड़े रहें। बता दे कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री आवास योजना के 1100 लाभुकों को वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रथम किस्त भी उनके खाता में हस्तांतरित किया गया। बताया गया कि यह इस तरह का लगातार तीसरा कार्यक्रम था।



### प्रशिक्षण हेतु 25 बीएलओ दिल्ली रवाना

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपर समाहर्ता, सिवान के द्वारा 25 बीएलओ को नई दिल्ली प्रशिक्षण हेतु ले जाने वाली बस को समाहरणालय सिवान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।विदित है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार सिवान जिले के नामित 25 मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) का दिनांक 26 एवं 27 मार्च 2025 को IIIDEM द्वारका, नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी 25 बीएलओ के प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रस्थान के पूर्व अपर समाहर्ता सिवान ने उपस्थित बीएलओ को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले बीएलओ दल के साथ श्री दिलीप कुमार सिंह अवर निर्वाचन पदाधिकारी, महाराजगंज को नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रतिनियुक्ति किया गया है।




### 26 वारंटी गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थानो की पुलिस ने 24 घण्टे में 26 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है वहीं पुलिस ने 20 वारंटों का निष्पादन किया है। इसकी जानकारी बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वारंटो के निष्पादन अभियुक्त की गिरफ्तारी के साथ-साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने बताया शनिवार को वहान जांच को लेकर चलाए गए अभियान में विभिन्न थानों की पुलिस ने में 1. 62 लाख का जुमार्ना लगाया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि इस अभियान के तहत नौरंगिया थाना द्वारा 01 अभियुक्त,बथवरिया थाना द्वारा 03 अभियुक्तों, वाल्मीकीनगर थाना द्वारा 02 अभियुक्तों, भितहां थाना द्वारा 04 अभियुक्तों,चौतरवा थाना द्वारा 02 अभियुक्तों, धनहां थाना द्वारा 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। लौकरिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने 26 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की है। रामनगर थाना द्वारा शराब के काण्ड में 02 तथा वारंट में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तो बगहा थाना ने 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए वाहन जांच में कुल 1.62 लाख का जुमार्ना लगाया है ।

### रेल परिक्षेत्र से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण, दी चेतावनी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेल परिक्षेत्र में अनाधिकृत रूप से दुकान लगाकर अतिक्रमण किये अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध मंगलवार को प्रशाशन की ओर करवाई की गई। इस दौरान दंडाधिकारी सह आरओ अशोक कुमार, आईओडब्ल्यू दिनेश मंडल एसआई विकास सिंह, जेपी मिश्रा, मेहीलाल समेत भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। प्रशाशन की इस करवाई में रेलवे स्टेशन, आरओबी के निकट, मछली हट्टा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, जामा मस्जिद और हरदिया आदि स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। वही जगह जगह बनाये गए शेड और दुकानों को भी तोड़ा गया। इसके साथ ही को लोग मिठाई, चिकेन व अन्य सामानों दुकानें खोल रखे है उनके लीज से संबंधित कागजातों को देखा गया। दंडाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में रेल परिक्षेत्र से अतिक्रमण को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि दर्जन भर से ऊपर अवैध दुकानों को तोड़ा गया है साथ ही अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गयी है कि जितना एरिया का लीज उनको किया गया है उतने ही एरिया में दुकान संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

### एसडीएम ने दिया नियोजन पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल के मैनाटाड़ प्रखंड अंतर्गत बरवा पंचायत में विकास मित्र के रिक्त पद का चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यहां मेधा सूची के आधार पर उर्मिला कुमारी का चयन किया गया है। मंगलवार को चयनित विकास मित्र के अभ्यर्थी को अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने अनुमंडल कार्यालय में नियोजन पत्र दिया है। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि महादलित विकास मिशन बिहार के द्वारा जारी आदेश के आलोक में मैनाटाड़ प्रखंड के बरवा पंचायत में विकास मित्र के रिक्त पद पर आवेदन लिया गया था। प्राप्त आवेदन में मेधा सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थी उर्मिला कुमारी, पिता- अमेरिका मांझी को नियोजन पत्र दिया गया है। इस दौरान अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

### सड़क पर बदबूदार पानी के बहाव से ग्रामीण त्रस्त

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया पंचायत के वार्ड पांच में सरिसवा-मझौलिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर नाले का गंदा पानी बह रहा है।इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।बदबू से आसपास का माहौल दूषित हो गया है।स्थानीय लोग परेशान हैं।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने की गृहमंत्री के कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने की अपील

**गोपालगंज जाने के क्रम में सीवान पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत ● 30 मार्च को गोपालगंज से गृहमंत्री करेंगे चुनावी शंखनाद**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपालगंज जाने के क्रम में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल मंगलवार को सीवान बीजेपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें बीजेपी नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद गृह मंत्री अमित शाह का बिहार में पहला आगमन जनसभा के रूप में ही रहा है. इस वर्ष होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर गृह मंत्री द्वारा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया जाएगा. दिलीप जायसवाल ने बताया कि अमित शाह गोपालगंज के पुलिस लाइन मैदान में पहुंचेंगे. इसमें सारण, सीवान, गोपालगंज, बेतिया और बगहा के कार्यकर्ता पहुंचेंगे. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए आज उनके द्वारा कई विधान सभा क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आग्रह करूंगा. राज्य में बढ़ते अपराध के संबंध में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने राजद पर ही निशाना साधते हुए कहा कि राजद द्वारा अपने शासन काल में जो सिस्टम बना दिया है, उसे हटाने में समय लगेगा.ऐसी घटनाओं के पीछे भी राजद के ही लोगों का हाथ है. उन्होंने लालू को फादर ऑफ क्राइम की संज्ञा देते हुए कहा कि लालू यादव के परिवार ने बिहार में क्राइम के संस्कृति को पैदा किया है. राजद ने इतने राक्षस और अपराधी पैदा कर दिए है कि आज तक एनडीए को उसी राक्षस और अपराधी को समेटने में समय जा रहा है. अपराध बढ़ रहा है और अपराधियों का इनकाउंटर क्यों नहीं हो रहा है ? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध का ग्राफ काफी गिरा है. जो अपराध हो रहा है, सब उन्हीं लोगों के आदमी है. ऐसा नहीं है कि यूपी में किसी भी अपराधी का इनकाउंटर कर दिया जाता है. वहां भी उन्हीं का इनकाउंटर होता है जो कानून को खुली चुनौती देते हैं. जब वैसी स्थिति होगी तो यहां भी अपराधियों का इनकाउंटर होगा.इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाण्डेय, राजीव कुमार उर्फ बिट्टू सिंह, धनंजय कुमार सिंह, कुंदन सिंह, अनुराधा गुप्ता, किरण गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

### 27 लाभार्थियों की शिकायत का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर शिविर लगाया गया है। इस शिविर के माध्यम से सामाजिक। सुरक्षा पेंशन,मुख्यमंत्री बृद्धजन पेंशन, दिव्यांग पेंशन समेत अन्य प्रकार के पेंशन से संबंधित आवेदन कार्यपालक सहायक राहुल कुमार द्वारा लिया जाएगा तथा पेंशन का लाभ ले रहे लाभूकों के शिकायत का निष्पादन किया जाएगा। यह शिविर 24 मार्च से 29 मार्च तक प्रतिदिन लगेगा। शिविर को लेकर प्रखंड प्रशासन द्वारा पंचायतवार रोस्टर जारी किया गया है। मंगलवार को शेरहवा, कुंडिलपुर, नौतनवा, भसुरारी एवं परोरहा के लोगों का आवेदन शिविर में लिया गया।

# अतिक्रमणकारियों पर चलेगा बुलडोजर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरिवाटिका से सरिसवा रोड़ के दोनों तरफ नाला निर्माण में 106 अतिक्रमणकारी बाधा बन रहे हैं। बाधा बन रहे इन अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलेगा। इसको लेकर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता वीरेंद्र कुमार सिंह ने चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर प्रशासन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि सरिसवा बाजार-लालगढ़ पथ के जीरो किलोमीटर से 12.20 किलोमीटर में सड़क की दोनों तरफ की जमीन को रेखांकित की गई है। जिसमें सरिसिया बाजार, पारसा पकड़ी चौक, मिजार्पुर, महनागनी एवं लालगढ़ दोनों तरफ अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। ऐसे में उनके विरुद्ध अतिकमणवाद की कार्रवाई जरुरी है। साथ ही उसे अतिक्रमणमुक्त कराने की जरुरत है,ताकि नाला निर्माण का काम शुरू किया जा सके। उधर सदर एसडीएम डॉ विनोद कुमार ने बताया कि मझौलिया सीओ को यथाशीघ्र अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। अगर इसमें किसी तरह की लापरवाही या शिथिलता बरती जाती है,तो कार्रवाई की जाएगी।

**मझौलिया अंचल के चार मौजा में चिन्हित किए गए हैं अतिक्रमणकारी**

हरिवाटिका-सरिसवा रोड़ के दोनों तरफ सड़क की जमीन मझौलिया अंचल के चार मौजा में अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण किया है। जिन्हें चिन्हित किया गया है। सरिसिवा मौजा में चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों में मनीफ मियां,लालबाबू केसरी, जीत साह तुरहा,चुन्नु सिंह, त्रिलोकी साह,प्रमोद साह, मनोज साह, मुस्मात कलावती, राजेंद्र साह, गंगा साह, मुन्ना, विश्वनाथ,मृत्युंजय शुक्ला, मुत्युंजय शुक्ला (होंडा एजेंसी) शामिल हैं। वही रतनमाला मौजा में चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों में मिथलेश मिश्रा, मकसूदन मिश्रा, रंजन मिश्रा,विजय कुमार मिश्रा, सतदेव महतो, सुबोध मिश्रा, सुग्रीव दास, मेघा महतो,श्रीकांत महतो, बलिराम साह, परसुराल महतो, रंजीत महतो, राजकिशोर मिश्र, टुन्ना महतो, सतन महतो, बिरन साह, परमानंद महतो,राजकुमार महतो,पारस पकड़ी मौजा के बलिराम सिंह,मुन्ना प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, रमेश प्रसाद, उधो साह, महम्मद मुरतुजा, मुमताज मियां, गुलाम अंसारी, हरीस मियां, वीरेंद्र तिवारी, वकील साई, संजय तिवारी, शेख मुरतुजा, तजामुल साई, झुलन भगत, ओमप्रकाश प्रसाद, दरबारी भगत, शंकर भगत, अमित वर्णवाल, सरोज जायसवाल, मनोज जायसवाल, संतोष सिंह, उमेश प्रसाद, धनेश्वर भगत,मुमताज मियां,उमेश जायसवाल व संदीप सिंह शामिल हैं।

**सबसे ज्यादा 49 अतिक्रमणकारी हैं महना मौजा में**

सड़क की जमीन अतिक्रमण करने में सबसे ज्यादा 49 अतिक्रमणकारी मझौलिया अंचल के महना मौजा में चिन्हित किए गए हैं। चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों में लक्ष्मण साह, मनोज चौरसिया, सूरजभान मियां, मैनेजर नुनिया, हीरा महतो, रामबाबू महतो, नूर मियां, झुरन मियां,शिवशंकर साह, जहर लाल चौरसिया,रामराज भगत,अरविंद चौरसिया,साहेब चौरसिया,प्रयाग चौरसिया,मंकेश्वर ठाकुर,संजय तिवारी, अखिलेश तिवारी, विनोद चौधरी, भूवन चौधरी, मनुलाल चौधरी,रामअध्योध्य साह शामिल हैं। इसके अलावे ओमप्रकाश साह, लक्ष्मी साह, परु साह, प्रेम साह, वृक्षा साह, रामजी साह, दीनानाथ साह, मनेजर महतो,हीरा महतो, मोतीलाल महतो, राजू मियां, जहीर मियां, मजलीम मियां, अकबर मियां, सलीम देवान, जैनुद्दीन देवान, शिवशंकर साह,डॉ अखिलेश तिवारी, मोहन भगत चौरसिया, शिवशक्ति कपड़ा दुकान, रामचंद्र ठाकुर, भगत महतो, रामनाथ भगत,लालबाबू महतो व सजावल भगत ने सड़क की जमीन की अतिक्रमण किए हुए हैं।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में गुठनी के छात्र-छात्राओं ने लाया बेहतर अंक

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मंगलवार इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के साथ ही क्षेत्र के बच्चें अपना अपना परीक्षाफल देखने के साइबर कैफे के तरफ दौड़ने लगे। गुठनी प्रखंड क्षेत्र के काफी बच्चों ने बेहतर अंक लाकर परिजनों को खुशियां दी है। अभिभावकों ने भी बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी है। गुठनी पूर्वी पंचायत की पूर्व मुखिया धर्मी देवी की पोती जया मद्धेशिया ने कामर्स में 72.8 प्रतिशत अंक लायी है,बंगरा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय का अनीस पड़ित ने विज्ञान संकाय में 65.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है,एलएमटी इंटर कालेज का छात्र नीरज कुमार चौधरी ने विज्ञान संकाय में 68.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नेपुरा गांव निवासी नीतीश कुमार दुबे ने विज्ञान संकाय में 80.4 अंक लाया है। चकरी का प्रियांशू प्रजापति डीएवी में पढ़ते हुये कामर्स संकाय में 73 प्रतिशत मार्कस लायी है। क्षेत्र के तमाम बच्चों को इंटर वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने पर क्षेत्रीय लोगों ने शुभकामनाएं दी है। शुभकामना देने वालों में डॉ मुकुल वर्मा, डॉ राजीव कुमार, नगर पंचायत चेयरमैन राजेश कुमार, प्रखंड प्रमुख विंध्यवासिनी नारायण सिंह, पूर्व प्रमुख कामोद प्रसाद नारायण सिंह, बब्बन यादव, पूर्व जिला पार्षद समरजीत सिंह, मुखिया रणजीत कुशवाहा,मुकेश बर्णवाल, सुनील सिंह, वीएस कल्याण मार्ग ट्रस्ट की सचिव सीमा वर्णवाल सहित काफी लोग शामिल है।





# आदिवासी क्षेत्र में आटा चक्की चलाने वाले की पुत्री बनी स्टेट टॉपर

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिला के आदिवासी बहुल इलाके की प्रिया जायसवाल बिहार में साइंस टॉपर बन प्रदेश का नाम रोशन की है। प्रिया के घर परिवार समेत इलाके में जश्न का माहौल है। उसके घर पर बधाइयों और शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। इस इलाके को कभी रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था। जहां नक्सली अपने बंदूक से खूनी खेल खेला करते थे। उस इलाके की छात्रा ने कलम से अपने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। और साइंस संकाय में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है साइंस टॉपर्स की लिस्ट 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिया बनीं स्टेट टॉपर। गवर्नमेंट राज्य संपोषित 10+2 विद्यालय हरनाटांड़ में पढ़ने वाली प्रिया जायसवाल ने सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन पढ़ाई कर बिहार में अपने शिक्षा का डंका बजाया है। उसे 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। प्रिय शुरू से काफी मेधावी छात्र रही हैं। उसने मैट्रिक परीक्षा 2023 में भी सूबे में 8 वां स्थान प्राप्त किया था। उसका सपना डॉक्टर बनना है।उसके पिता धूमवाटाड़ में आटा चक्की मिल चलाते हैं। प्रिया की इस सफलता से पूरे घर में जश्न और खुशी का माहौल है। अपनी सफलता पर प्रिय का कहना है कि यह तो मुझे पता था कि अच्छे अंक मिलेंगे पर यह नहीं मालूम था कि पूरे राज्य में मेरे अव्वल नंबर रहेगा। मेरा सपना डॉक्टर बनने का है। मैं इसके लिए और ज्यादा मेहनत करूंगी। उसके पिता संतोष जायसवाल का कहना है कि उसकी बड़ी बेटी कोटा में पढ़ती है। लेकिन प्रिया गांव में ही रहकर पढ़ाई करती है। उसके पास इतना पैसा नहीं है कि इसको भी कोटा भेज सकें। यह डॉक्टर बनना चाहती है। इस रिजल्ट को देखकर अब लगने लगा है कि यह अपने और हमारे सपने को पूरा करेगी।

**7 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करती थी प्रिया**

प्रिय के पिता संतोष जायसवाल ने बताया कि उनकी बेटी प्रिय पढ़ने में काफी तेज है। प्रतिदिन 7 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करती है। वह पूरे बिहार में साइंस टॉपर हुई है। इससे बड़ी खुशी हमारे लिए कुछ हो ही नहीं सकती। प्रिया जायसवाल को अब सरकार पुरस्कृत भी करेगी। सरकार की ओर से उसे 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। साथ ही एक लैपटॉप भी दिया जाएगा।

# हुसैनगंज सीएचसी में जापानी इंसेफलाइटिस को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की हुई बैठक

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशू अंकित के अध्यक्षता में जापानी इंसेफेलाइटिस से बचाव संबंधित सभी आशा कर्मी घर घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। इसका मुख्य लक्षण चमकी के साथ तेज बुखार आना,सिरदर्द होना एवं अर्ध या पूर्ण रुप से बेहोशी आना है। इस बिमारी से बचने के लिए छोटे बच्चों को रात



मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशिक्षक डॉ.एच रहमान एवं हेल्थ मैनेजर एशरारुलहक उर्फ डीजू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी 184 आशा कर्मियों को 1 से 15 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली गम्भीर बीमारी जापानी इंसेफेलाइटिस (मस्तिष्क बुखार) से बचाव के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बैठक के संदर्भ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अंशु ने बताया कि इस खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए में भरपेट खाना खिलाएं जिसमें कुछ मीठा भी खिलाएं, सावधानी के लिए बच्चों को तेज धूप में जाने से बचाएं, दिन में दो बार स्नान भी कराएं। किसी बच्चें में लक्षण दिखते ही ओआरएस का घोल पिलानी चाहिए।बेहोशी की हालत में गंभीर बिमार होने पर 102 एम्बुलेंस को बुलाकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करायें। इस अवसर पर बैठक में बीर बहादुर यादव, रंजीत कुमार, प्रभाकर सिंह सहित सैकड़ों आशा कर्मी उपस्थित थी।

### नरकटियागंज नप के विकास पर खर्च होंगे 97.12 करोड़ रुपए

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद के सभागार में मंगलवार को भारी गहम गहमी के बीच वितीय वर्ष 2025 झ 26 का बजट पेश कर दिया गया। सभापति रीना देवी ने बजट पेश करते हुए कहा कि वितीय वर्ष 2024 - 25 में नगर परिषद का बजट 99. 26 करोड़ रुपए था। लेकिन इस बार बार 103 करोड़ 60 लाख 7 हजार रुपए का बजट तैयार किया गया है। हालांकि नप के विकास पर 97 करोड़ 12 लाख रूपय खर्च होंगे। बजट में ट्रेड लाइसेंस, भवन अनुज्ञा एवं विकास शुल्क समेत व अन्य श्रोतो से आय के अलावा राजस्व प्राप्ति, राजस्व व्यय पुंजीगत प्राप्ति और पुजींगत व्यय पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभापति ने बताया कि नगर के चौमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार की गयी है। बजट में सभी प्रकार के विकास व जलकल्याणकारी कार्यो की सूची तैयार की गई है। बजट पेशी के दौरान उपसभापति पूनम देवी, कार्यपालक पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार सिन्हा,, स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, टाउन प्लानर मो वसीम , वार्ड पार्षद रत्नेश सर्राफ, निरंजन मिश्र, सुनीती मिश्र, संतोष मिश्र डा. ए के सिह, कृष्णा प्रसाद देवीलाल,अंचला देवी, निरुपमा वर्मा, रिंकु देवी. बसंती देवी, ललीता देवी, सोनी देवी, मोहम्मद हसनैन, रीमा खातून, चिंता देवी, सुगंधी देवी, मोहम्मद क्यामुद्दीन, अजीत कुमार उर्फ श्याम पड़ित, पुनीता देवी, प्रतिनिधि सत्यम श्रीवास्तव, संतोष राज, हरीशंकर प्रसाद, जयप्रकाश उर्फ जेपी, अर्जुन कुमार, बड़ेलाल, अवध किशोर पांडेय समेत अन्य वार्ड पार्षद मौजूद रहे।

# मठिया का सुशांत राज बिहार बोर्ड इंटर कॉमर्स में 471 अंक लाकर टॉपर बना

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मठिया पंचायत के मठिया गांव निवासी बृजेश्वर प्रसाद और रिंकी देवी का तृतीय पुत्र निशांत राज को बिहार इंटर कॉमर्स में 471अंक मिले हैं। 94.2 प्रतिशत। जिससे परिवार सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। निशांत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मठिया का छात्र है। तथा अपने सफलता का श्रेय मातापिता और अपने गुरुजनों को दिया है। निशांत ने बताया कि आगे की पढ़ाई कर सीए बनना चाहता हूं। निशांत दो भाई और एक बहन है। सबसे बड़ी बहन समीक्षा कुमारी भी वर्ष 2019 में मैट्रिक के परीक्षा में 446 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी थी। वही बड़ा भाई सुशांत राज भी वर्ष 2021 में 458 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बना था। बच्चे के सफलता पर निशांत राज के पिता बृजेश्वर प्रसाद ने बताया कि हमारे बच्चे इस मंजिल को हासिल करने के लिए दस से बारह घण्टे पढ़ाई करता था। और अपने गुरुजनों के लिए काफी आज्ञाकारी छात्र था। वही बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। पूरे गांव सहित प्रखंड क्षेत्र में निशांत राज के सफलता का चर्चा चल रहा है।वही बता दे कि पिता बृजेश्वर प्रसाद एक निजी विद्यालय के संचालक है जबकि माता रिंकी देवी एक कुशल गृहणी है।

### सलोनी कुमारी 465 अंक लाकर जिला टॉपर बनी


रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पिता का साया तीन साल पहले ही उठ गया फिर भी बेटी ने प्रखण्ड कौन कहे जिला टांपर बनी बेटी। इंटरमीडिएट परीक्षा के परीणाम आज घोषित हो गया। नगर के गुट्ठी लाल कन्या उच्च विद्यालय की छात्रा सलोनी कुमारी 465 अंक लाकर जिला टॉपर बनी नगर के सुनी रोड़ धनरपा के स्व ओम प्रकाश साह लगभग तीन साल पहले ही गुजर गये। बेटी की पढ़ाई की जिम्मेदारी माँ ने ही उठाई। माँ गृहणी है। सलोनी ने बताया कि अगर किसी चीज को पाना है तो जुनून होना चाहिए। सलोनी राजपत्रित अधिकारी बन कर अपने राज्य व क्षेत्र की सेवा करने की बात कही। नगर भाजपा मंडल के अध्यक्ष जनक साह ने कहा कि सलोनी कुमारी 465 अंक प्राप्त कर जिला तथा नगर का मान बढाया है साथ ही उसे शुभकामनाएं दी है।

### नहीं रहे चैनपुर मुबारकपुर के पूर्व पैक्स अध्यक्ष शिवनाथ बाबू

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चैनपुर मुबारकपुर पैक्स के पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ सिंह उर्फ ब्रह्मचारी जी का मंगलवार की तड़के निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से हृदय रोग से ग्रस्त थे ।पटना से इलाज कराने के बाद वापस आए ब्रह्मचारी जी को मंगलवार की सुबह कुछ परेशानी हुई ।उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। ब्रह्मचारी जी के बेटे चंदन सिंह फिलवक्त चैनपुर मुबारकपुर पैक्स के अध्यक्ष हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन का किया गया शिक्षकों से आह्वान

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालिका शिक्षा को समर्पित विद्यालय महावीरी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर माधव नगर में मंगलवार को त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुनील दत्त शुक्ल, उपाध्यक्ष आदित्य विनोद, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, सह-सचिव प्रियंका दूबे, शिशु मंदिर हकाम की प्रधानाचार्य सुमन कुमारी और स्थानीय प्रधानाचार्य सिम्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का परिचय व सम्मान किया गया।कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए अध्यक्ष सुनील दत्त शुक्ल ने विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से कार्य करने का आह्वान शिक्षकों से किया। इस वार्षिक कार्यशाला में विद्यालय की विगत वर्ष के कार्यो की समीक्षा करते हुए आगामी वर्ष में किए जाने वाले सभी योजनाओं पर चिंतन-मंथन कर नई कार्ययोजना तैयार की जाती है। कार्यशाला के बिंदुओं की चर्चा करते हुए कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने संभावित कठिनाईयों की ओर ध्यान आकृष्ट किया व उनके निराकरण पर बल दिया।सह-सचिव ने अपनी बात रखते हुए सभी से स्व-विकास पर भी कार्य करने का आग्रह किया ताकि भैया-बहनों को समयानुकूल शिक्षा मिल सके जो विद्यालय विकास के लिए स्वतः स्फूर्त साधन है। इस अवसर पर समिति सदय बलवंत कुमार भी उपस्थित रहे। 25 मार्च 2025 मंगलवार से शुरू हुई यह कार्यशाला 27 मार्च 2025 गुरुवार को सम्पन्न होगी।




# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की राज्यस्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

**सहलौर और बंगरा का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की राज्य स्तरीय दो सदस्यीय टीम में शामिल मुजफ्फरपुर के जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन डॉ संजय कुमार और जिला योजना समन्वयक अमित कुमार वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से महाराजगंज और पचरुखी प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन और अनुश्रवण किया गया.राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए विकसित किया गया हैं. क्योंकि यह मानक सुनिश्चित करता हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी, सुरक्षित और रोगियों की आवश्यकताओं के अनुरूप है कि नहीं. सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि एनक्वास का लक्ष्य स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रक्रिया और परिणाम की गुणवत्ता को सुधारना है.इस अवसर पर जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन डीसीक्यूए डॉ कुमार अभिमन्यु, पीरामल स्वास्थ्य की रानी कुमारी गुप्ता और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे.यह स्वास्थ्य और एचडबल्यूसी के बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण कदम है. स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा. इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्य सुविधाएं मानकों के अनुरूप हों.



**महाराजगंज के बंगरा एवं पचरुखी के सहलौर एचडब्ल्यूसी का हुआ निरीक्षण**

जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन डॉ कुमार अभिमन्यु ने बताया कि महाराजगंज के बंगरा गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और पचरुखी प्रखंड के सहलौर गांव अंतर्गत एचडबल्यूसी का निरीक्षण किया गया. राज्य स्तरीय टीम में शामिल दोनों मूल्यांककताओं द्वारा संयुक्त रूप से उक्त स्वास्थ्य केंद्रों की साफ- सफाई, उपकरणों की स्थिति और मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच और मरीजों की देखभाल, इलाज के तरीके और रोगियों की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के अनुपालन की जांच की गई है.क्योंकि उक्त दोनों स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर बनाने की दिशा में स्थानीय स्तर से काम किया गया है. लेकिन अब इसको उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाने का प्रयास किया गया है.स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आम जनमानस यानी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की जिम्मेवारी हम सभी की होती है. राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए गए सुधारात्मक कार्यो की निगरानी और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, भविष्य में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गुणवत्ता में सुधार की कुंजी साबित हो सकता है.एचडबल्यू सी बंगरा में महाराजगंज पीएचसी के एमओआईसी डॉ बिपिन बिहारी सिन्हा, सी एच ओ हैदर अली अंसारी और ए एन एम प्रभावती देवी उपस्थित थी. जबकि सहलौर एच डब्ल्यू सी पर पचरुखी पीएचसी के एमओआईसी डॉ प्रिंस अभिषेक, सी एच ओ सपना कुमारी और ए एन एम गुड़िया कुमारी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे.

# पीएम आवास योजना के तहत बने एक लाख घरों का हुआ सर्वे

## डीडीसी ने की आवास योजना, लोहिया स्वच्छता, आवास सर्वे एवं मनरेगा योजना की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह द्वारा आज सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के साथ आवास योजना, लोहिया स्वच्छता, आवास सर्वे एवं मनरेगा योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा में सबसे पहले आवास योजना के तहत चल रहे सर्वे की समीक्षा की गई। जिला में अभी तक कुल 1 लाख घरों का सर्वे किया जा चुका है जिसमें 40 प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग से लोग शामिल है। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सर्वे में एक भी योग्य व्यक्ति का नाम नहीं छुटना चाहिए, विशेषकर अनुसूचित जाति के परिवारों को प्राथमिकता से सर्वे किया जाना है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी इस संबंध में प्रमाण



पत्र उपलब्ध कराएंगे कि उनके क्षेत्र में कोई भी योग्य व्यक्ति का नाम सर्वे में नहीं छुटा है। उन्होने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विकास मित्र के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को ससमय पूर्ण करायें। तत्पश्चात उन्होने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना की समीक्षा किया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक को निर्देश दिया गया कि सभी महादलित टोला में शौचालय विहीन परिवारों का सर्वे कराएं तथा अविलंब उन घरों में शौचालय निर्माण करवायें। उन्होने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों पंचायत एवं महादलित टोलो आवंटित करे ताकि शौचालय का निर्माण एवं उसका

**■ डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा- सर्वे में नहीं छूटना चाहिए एक भी योग्य व्यक्ति का नाम**

पर्यवेक्षण उचित तरह से हो सके। मनरेगा योजना के समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को लंबित कार्य को ससमय पूर्ण कराये तथा जिन खेल मैदान का एनओसी प्राप्त नहीं है उसके संबंध में अंचल अधिकारी को सूचित करेंगे। बैठक में निदेशक, डीआरडीए, परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए, सहायक परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए, जिला समन्वयक, डीआरडीए, रविन्द्र कुमार, लेखा पदाधिकारी, अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार करेंगे कठिन परिश्रम : अंतरा खुशी

## औरंगाबाद की बिटिया ने वाणिज्य संकाय में पूरे प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार बोर्ड ने 12वीं रिजल्ट जारी कर दिया है जिसमें औरंगाबाद की छात्रा अंतरा खुशी उर्फ बबली ने वाणिज्य संकाय में बाजी मारी है। उसने 473 अंक प्राप्त कर बिहार में दूसरा तथा जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा अंतरा देव प्रखंड क्षेत्र के पवई गांव की रहने वाली हैं, उसके पिता मनोज मिश्रा पतंजलि का स्टोर चलाते हैं और माता जगदंबा मिश्रा गृहणी है। उसने हरिओम क्लासेस से कोचिंग की, जहां संस्थान के निदेशक अनिल कुमार तथा अन्य शिक्षकों से बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उसने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। इस सफलता से वह काफी खुश है। वह आगे आईएएस की तैयारी करना चाहती हैं। अंतरा खुशी ने बताया कि इस सफलता के लिए वह दिन में 10 से 12 घंटा मेहनत करती थी। अंतरा की सफलता केवल उनके व्यक्तिगत प्रयास का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उनके परिवार का भी एक सामूहिक प्रयास है। उनके पिता, मनोज मिश्रा, जो एक पतंजलि




स्टोर के मालिक हैं। उन्होंने हमेशा अंतरा को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, उनकी मां जगदम्बा मिश्रा ने घर के अन्य कामकाज के साथ-साथ अंतरा की पढ़ाई में भी अपना सहयोग प्रदान किया। उसने कहा कि वह अपनी शिक्षा को जारी रखेंगे और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करेंगी। हरिओम क्लासेस के संचालक प्रो0 अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अंतरा का यह आत्मविश्वास और दृढ़ता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। उचित मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत के साथ कोई भी छात्र अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं पर सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कुल पांच ग्रामीणों के परिवाद पर सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के पास परिवाद पत्र भेजते हुए यथाशीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। दायर परिवाद पत्र में अरविंद कुमार एवं अन्य, ग्राम- सैद बिगहा, पोस्ट- पड़रिया, थाना- सिमरा औरंगाबाद के द्वारा सार्वजनिक जमीन को कब्जा करने, सरोज कुमार यादव ग्राम गोला थाना देवरा के द्वारा दाखिल खारिज न करने एवं पूछने पर अपशब्द बोलने के संबंध में, वीरेंद्र ठाकुर एवं अन्य ग्रामीण जनता,



ग्राम पंचायत जनकोप, प्रखंड- बारुन के द्वारा ग्राम पंचायत जनकोप में पंचायत सरकार भवन बनाने के संबंध में, दिलीप कुमार एवं अन्य ग्राम+पोस्ट- मनिका, थाना- मदनपुर के द्वारा अचानक दुकान में आग लग जाने के संबंध में एवं ज्ञानती देवी, केंद्र पचौखर पूर्वी, कोड 38 पंचायत बेढना के द्वारा सेविका पद पर कार्य करने से रोकने के संबंध में परिवाद पत्र का सुनवाई किया गया।

**■ जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनी लोगों की समस्याएं, संबंधित पदाधिकारियों को दिया समस्याओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश**

# दो अलग-अलग हत्या मामले में चार को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे चार आंनद भूषण ने ओबरा थाना के एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी सुरजमल शर्मा ने बताया कि अभियुक्त ओबरा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी छोटू कुमार, रतवार टोले व्यास पासवान एवं अखिलेश पासवान को उम्रकैद की सजा सुनाई है और 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक रजवार निवासी शम्भू मेहता ने 05.01.22 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि अभियुक्तों ने पटवन में उपजे विवाद को लेकर सोनू कुमार को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी



कर दिया था। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इधर, एक अन्य नगर थाना कांड के मामले में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त योद्धा नगर निवासी रजनीश कुमार को हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा 20 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। वहीं 27 आर्म्स मामले में सात साल की सजा और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी।

## सीजेएम ने किया पदभार ग्रहण

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सीजेएम पद न्यायधीश लाल बिहारी पासवान ने ग्रहण किया। उन्होंने एसीजेएम दीवान फहद खां से पदभार ग्रहण किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायधीश लाल बिहारी पासवान यहां से पहले मुंगेर जिला में 02 जूलाई 2024 से सीजेएम थे। जिला विधिक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडे महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विधार्थी, जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार, संजय कुमार सिंह सहित अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

# आइएएस बन देश सेवा करना चाहती है शफा प्रवीण

**■ मदनपुर की बेटी ने कला संकाय में जिला टॉपर बन प्रखंड का किया नाम रौशन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** कपड़ा दुकानदार की बेटी सफा प्रवीन इंटरमीडिएट की परीक्षा में 467 अंक लाकर आर्ट्स में जिला टापर बनी है। उनकी इस सफलता से लोगों में हर्ष है। सफा प्रवीन मदनपुर प्रखंड के बेरी सिनियर सेकेंड्री हाई स्कूल बेरी में इंटर में पढ़ती थी। खिरियावां निवासी मो सम्स अंसारी माता रुकईया प्रवीण की चार बेटे बेटियों में सबसे बड़ी बेटी सफा प्रवीन है। सफा प्रवीन ने बताया कि वह सुबह चार बजे उठती है और छह बजे सुबह तक घर में पढ़ती



है। इसके बाद घेरलु काम का निपटारा कर पढ़ने स्कूल जाती थी। शाम को सात बजे से 10 बजे रात तक पढ़ती थी। उसकी मेहनत और लगन रंग लाई और वह इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला में अव्वल स्थान हासिल की। उसने बताया कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस बन देश की सेवा करना मेरा सपना है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है।

# पति ने करायी थी हॉस्पिटल डायरेक्टर की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर सुरभि राज की हत्या का मंगलवार को खुलासा हो गया है। पुलिस के अनुसार सुरभि के पति राकेश रौशन उर्फ चंदन (34) ने मर्डर की साजिश रची थी। अस्पताल की 30 साल की महिला स्टाफ से राकेश का अफेयर चल रहा था। सुरभि इसका विरोध करती थी। पुलिस ने इस मामले में अब तक पति समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 'हत्या वाले दिन सुरभि राज अस्पताल पहुंची थी और महिला स्टाफ और पति के बीच के संबंध की छानबीन कर रही थी। ये जानकारी राकेश को लगी, इससे नाराज पति ने दोस्तों के साथ मिलकर सुरभि की हत्या कर दी। 'इस मामले में पुलिस ने एशिया अस्पताल की महिला स्टाफ (28), सुरभि राज के पति राकेश रोशन उर्फ चंदन (34), रमेश कुमार उर्फ अतुल कुमार (27), अनिल कुमार (30), मसूद आलम (34) शामिल हैं। सभी को कोर्ट में पेश किया। बता दें कि पटना में शनिवार को हॉस्पिटल डायरेक्टर सुरभि राज की उनके चैंबर में हत्या कर दी गई थी।

# बांस घाट के पास लगी आग

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना में बुद्धा कॉलोनी थाने से सटे बांस घाट के पास बिजली के पोल में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। 30 मिनट की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि देर रात 2 बजे के करीब आग लगने की सूचना मिली थी।

# जन औषधि केन्द्र पर कम मूल्य में मिलेंगी बेहतर दवाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत काली मंदिर के समीप कुमकुम कंपलेक्स परिसर में भारतीय जन औषधि दवा का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कृष्णा पाठक एवं स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों के बीच मुख्य



अतिथि ने कहा कि ओबरा जैसे छोटे जगहों पर सुदूर इलाके के लोगों को सुविधा के लिए प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय जन औषधि का शुभारंभ किया गया है। इससे निश्चित रूप से कम मूल्य में दवा लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे क्योंकि प्रधानमंत्री के द्वारा लोगों को सुविधा के लिए यह अंग्रेजी दवा भारतीय जन औषधि के रूप में चलाई गई है। खासकर सुदूर इलाके के गरीब परिवार के लोगों को सहूलियत मिलेगी तथा बेहतर से बेहतर दवा उपलब्ध कराया जाएंगा। लोगों ने भी उद्घाटन के उपरांत जमकर दवा की खरीदारी किया। सबों ने कहा कि भारत सरकार तथा प्रधानमंत्री के द्वारा आम लोगों को सुविधा के लिए जन औषधि दवा उपलब्ध कराई है। निश्चित रूप से इसका फायदा आम लोगों को लेनी चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत आचार्य सेवानिवृत शिक्षक शिवकुमार पांडे के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना व मंत्रों उच्चारण के साथ किया गया तथा इसके बाद प्रसाद का वितरण की गई। मौके पर प्रभात कुमार, राजेंद्र कुमार रंजन, राहुल कुमार, डॉ आलोक कुमार, कामता प्रसाद, स्वराज पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, कमल गुप्ता, अरविंद जैसवाल, अंकुर कुमार, बैजनाथ तिवारी, राजेंद्र यादव, कृष्ण यादव, कृष्ण पासवान, सुदर्शन यादव, जगन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय जम्होर परिसर में प्रधानाध्यापक रामनिवास राम की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक के साथ अन्य विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने पौधारोपण किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उपहार है। वे जीवन को गति देते हैं ताकि सब कुछ संतुलन हो सके। हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते है। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने मे मदद करते है। जहरीली हवा को स्वच्छ बनाकर प्राण आयु के रूप मे हमे



ऑक्सीजन प्रदान करते है। उन्होंने सभी शिक्षक एवं छात्रों को वृक्षारोपण को लेकर सजग रहने एवं एक दूसरे को प्रेरित करने को आहवान किया। वक्ताओं ने कहा कि वातावरण को हरा भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए। इस मौके पर शिक्षक विंदा कुमारी, नरेन्द्र कुमार, प्रीति कुमारी, अखिलेश कुमार, अनामिका कुमारी, रंजीत कुमार, सदफ मरियम, संगीता कुमारी, पूनम कुमारी, प्रमोद कुमार समेत पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

**■ पर्यावरण प्रेमियों ने कहा- वातावरण को हरा-भरा एवं सुंदर बनाने को लगाएं अधिकाधिक पौधे**

# दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कृषक उत्पाद को बढ़ावा और किसानों को जरूरी जानकारी देने के लिए संयुक्त कृषि भवन के सभागार में 27 एवं 28 मार्च को कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के अनुकूल नई तकनिकी के द्वारा फसल की बुआई एवं फसल प्रबंधन आदि की प्रत्यक्षण इकाई का भ्रमण कर किसान अपने फसल उत्पादकता को बढ़ा सकेंगे। प्रदर्शनी में जिले के सभी प्रगतिशील किसान के उत्पाद जैसे- पपीता, स्ट्राबेरी, अमरूद, बेल, गोभी, लौकी, मुली, शलजम, अचार, मशरूम, दुग्ध उत्पाद, औषधीय पौधे आदि लगेगा तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए किसानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग, आत्मा विभाग एवं कृषि से संबंधित क्षेत्र द्वारा किये जा रहे कार्य का स्टाल, कृषि में उपयोग होने वाली मशीनीकरण आदि भी रहेगा। इस दौरान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद ने बताया कि मेला में किसानों को फसल उत्पादन के नई तकनीक, जलवायु परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव, सब्जी उत्पादन, मृदा जांच के आधार पर पोषक तत्व प्रबंधन आदि की जानकारी दी जाएगी।

# जन सुराज ने नबीनगर में चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जन सुराज पार्टी के नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नगर पंचायत के सात नम्बर वार्ड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसका संचालन नगर अध्यक्ष दिवाकर चंद्रवंशी ने किया। अभियान में जन सुराज पार्टी की ओर से नबीनगर विधानसभा प्रत्याशी अर्चना चंद्र यादव ने सभी को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बिहार के विकास के लिए बनाए गए प्लान की जानकारी दी। इससे प्रभावित होकर पुरुषों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी अर्चना चंद्र के साथ जन सुराज से जुड़ रही हैं। अर्चना चंद्र यादव ने कहा कि बिहार की राजनीति में जन सुराज एक मजबूत



विकल्प के रूप में उभर रहा है। छह महीने पहले बने हमारे दल ने आगामी विधानसभा चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। बिहार में अब तीन ध्रुवीय मुकाबला होगा। एक ओर एनडीए, जिसका नेतृत्व शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए नीतीश कुमार कर रहे हैं, दूसरी ओर राजद वाले जिसे जंगलराज के लिए जाना जाता है और तीसरी ओर है जन सुराज। इसमें पढ़े-लिखे और ईमानदार लोगों का समूह होगा। इस जनसंपर्क अभियान में बारुन प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रंजन यादव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश पासवान, नबीनगर प्रखंड कमिटी के प्रवक्ता पवन कुमार सिन्हा, अशोक कुमार चंद्रवंशी, पप्पू ठाकुर, विमलेश आदि शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 27 को कोचाढ़ और 28 मार्च को भोपतपुर पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह आगामी 27 मार्च को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के कोचाढ़ पंचायत में और 28 मार्च को भोपतपुर पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। इस संबंध में बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद 27 मार्च की सुबह 10:30 बजे शेखबीगहा, 11 बजे खंडा, 11:30 बजे मितराज, 12 बजे महथा, 12:30 रामगुलाम बीघा, 1 बजे भलुआ, 1:30 बजे सिमरा, 2 बजे पांच नंबर फॉर्म, 2:30 बजे इंग्लिश, 3 बजे कोचाढ़, 3:30 बजे पंडित बीघा, 4 बजे केशवपुर, 4:30 बजे पिपरा हैंडल, 5 बजे केशवपुर मेला एवं 5:30 बजे पिपरा गणेश गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। वहीं 28 मार्च की सुबह 10:30 बजे कुशवाहा नगर भोपतपुर, 11 बजे सिरिस बाजार, 11:30 बजे हेतमपुर, 12 बजे गोविंदपुर, 12:30 चूल्हाई बीघा, 1:00 बजे रढुआ, 1:30 बजे मुंशी बीघा, 2 बजे चेतू बीघा, 2:30 बजे गोपालपुर, 3 बजे गोरया स्थान, 3:30 बजे जानकी बीघा, 4 बजे विशुन बीघा, 4:30 बजे बरवाडी एवं 5 बजे घोरहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे।

# रामनवमी पर पटना में निकलेगी 47 झांकियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रामनवमी को लेकर पटना प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने एक बैठक में अधिकारियों और पूजा समितियों के सदस्यों के साथ व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस पर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन, यातायात सुचारू रखने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को प्राथमिकता दी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी होगी। संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। यातायात पुलिस की विशेष तैनाती होगी और ट्रैफिक प्लान तैयार कर जनता को जानकारी दी जाएगी। महावीर मंदिर में पुरुष और महिलाओं के लिए अलग कतारें रहेंगी, बैरिकेडिंग मजबूत की जाएगी। वाटर एटीएम, टैंकर और चलंत शौचालय की व्यवस्था होगी। नगर निगम की टीम 24 घंटे कार्यरत रहेगी। जगह-जगह मेडिकल कैंप और 'मे आई हेल्प यू' काउंटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए दमकल की व्यवस्था रहेगी। इस वर्ष रामनवमी के



अवसर पर 47 झांकियां निकाली जाएंगी। डाक बंगला चौराहे पर इन झांकियों का अभिनंदन होगा और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), पटना सदर की अध्यक्षता में चार-सदस्यीय टीम निगरानी करेगी। अपर नगर आयुक्त को साफ-सफाई और चलंत शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहे, इसके लिए पेसू (बिजली विभाग) को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन विभाग को फायर ब्रिगेड यूनिट की तैनाती और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

# अन्यायपूर्ण अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन वाराणसी- कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रभारी विकास सिंह ने किया। धरना में आए किसानों ने अन्यायपूर्ण और नियम सम्मत भूमि अधिग्रहण ना होने का कड़ा विरोध किया। भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में हमें जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक हम अपनी जमीनें नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि इसी जिला और इसी अंचल में संडा- महाराजगंज से रांची फोरलेन सड़क का निर्माण में प्रभावित किसानों को तीस हजार छह सौ बीस रुपए प्रति डिसमिल के दर से ब्याज सहित चार गुणा मुआवजा राशि दी गई है। जबकि उसके बगल में एक ही जिला और एक ही अंचल होने के बावजूद भारतमाला परियोजना में हमारे जमीनों का दर मात्र आठ हजार रुपये प्रति डिस्मिल तय किया गया है, जो सरासर अन्याय है।